seemasandeshsgr@gmail.com ☎ 0154-2466402, 2466403 ■ जयपुर ■ श्रीगंगानगर ■ हनुमानगढ़ ■ बीकानेर ■ बठिण्डा से एक साथ प्रसारित

यदि मेहनत आदत बन जाए, तो सफलता मुकद्दर बन जाती हैं।

वर्ष 1951 से निरन्तर प्रकाशित

सीमा सन्देश

संस्थापक स्व. श्री कमल नयन शर्मा

ताकत किसान की, जवान की



■ वर्ष : 56 ■ अंक : 308 ■ मूल्य : रु. 4.00 ■ पृष्ठ : 12 | seema-sandesh.com | श्रीगंगानगर, गुरुवार, 12 नवम्बर, 2026 | इंग्लैंड सीरीज के लिए इंडिया ए टीम... 11 >

न्यूज इन ब्रीफ

13 लाख टन चीनी कोटा जारी

नई दिल्ली। केंद्र सरकार ने नवंबर 2026 के पहले पखवाड़े के लिए घरेलू बाजार में 13 लाख टन चीनी बिक्री का कोटा जारी किया है, जो अक्टूबर के पहले पखवाड़े के 14 लाख टन की तुलना में एक लाख टन कम है। चालू पेराई सीजन में अब तक 107 चीनी मिलों ने पेराई शुरू कर दी है, जिनमें महाराष्ट्र की 87 मिलें शामिल हैं। अक्टूबर 2026 के लिए सरकार ने 30 लाख टन चीनी बिक्री का कोटा जारी किया था।

रबी की बुआई 45.58 प्रतिशत कम

नई दिल्ली। मानसून में कम बारिश का असर रबी सीजन 2026-27 की बुआई पर दिख रहा है। 30 अक्टूबर तक देशभर में केवल 37.56 लाख हेक्टेयर में बुआई हुई, जो पिछले वर्ष की समान अवधि की तुलना में 45.58 प्रतिशत कम है। गेहूं, सरसों और दलहनों का रकबा उल्लेखनीय रूप से घटा है।

500 का नोट बंद किया जाए : नायडू

नई दिल्ली। आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू ने भ्रष्टाचार रोकने के लिए 500 रुपये के नोट बंद कर केवल 100 और 200 रुपये के नोट चलाने की मांग दोहराई है। इंडियन स्कूल ऑफ बिजनेस के एसोसिएट प्रोफेसर प्रसन्ना तांत्री ने कहा कि बिना तैयारी ऐसा कदम अर्थव्यवस्था के लिए विघटनकारी हो सकता है। उन्होंने सरकार और आरबीआई से कैश उपयोग, निकासी और डिजिटल भुगतान के आंकड़ों का गहन अध्ययन करने की सलाह दी है।

खाड़ी में तेल टैंकर पर हमला

नई दिल्ली। केंद्रीय मंत्री सर्वानंद सोनोवाल ने बताया कि फारस की खाड़ी से दुबई जा रहे लाइबेरिया के झंडे वाले तेल टैंकर 'एमटी फुजैराह एनर्जी' पर हमला हुआ। घटना में चार क्रू सदस्य घायल हुए, जिनमें एक भारतीय नागरिक भी शामिल है। घायल भारतीय नाविक को सुरक्षित किनारे लाकर उपचार दिया गया। जहाज पर सवार अन्य 18 सदस्य, जिनमें पांच भारतीय नाविक भी शामिल हैं, सुरक्षित हैं।

पुलिस चौकी विस्फोट का निकला पाक कनेक्शन

गाजियाबाद। इंदिरापुरम की वसुंधरा चौकी के बाहर हुए विस्फोट की जांच में पाकिस्तानी कनेक्शन सामने आने के बाद एजेंसियां सक्रिय हो गई हैं। प्रारंभिक जांच में खदानों में इस्तेमाल होने वाले ब्लास्टिंग पाउडर के उपयोग की बात सामने आई है। छह नवंबर को हुए धमाके में पुलिस चौकी की दीवार क्षतिग्रस्त हुई थी और एक डिलीवरी ब्वाय घायल हुआ था।

ट्रेन के पांच डिब्बे पटरी से उतरे

गुवाहाटी। डिगारू रेलवे स्टेशन पर बुधवार सुबह सैरंग-कोलकाता एक्सप्रेस के पांच डिब्बे और इंजन पटरी से उतर गए। हादसे में चार यात्रियों को मामूली चोटें आईं। घटना से पहले लोको पायलट का वीडियो सामने आया है, जिसमें ब्रेक काम नहीं करने की बात कही गई। ट्रेन में सवार 300 से अधिक यात्रियों की सहायता के लिए रेलवे ने विभिन्न स्टेशनों पर हेल्पडेस्क बनाए हैं।

पोस्त तस्कर की सम्पत्ति फ्रीज

बाड़मेर। पुलिस ने मादक पदार्थ तस्करों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए हिस्ट्रीशीटर डोडा पोस्त तस्कर कौशलाराम सऊ की 3.37 करोड़ रुपये की अवैध संपत्ति फ्रीज कर दी। पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत कोर्ट की अनुमति से 12 अचल संपत्तियों और 5 लग्जरी वाहनों को जब्त किया है। आरोपी के खिलाफ 17 आपराधिक मामले दर्ज हैं, जिनमें 7 एनडीपीएस एक्ट के हैं। पुलिस पहले भी उससे 4 हजार किलो से अधिक डोडा-पोस्त बरामद कर चुकी है।

मोदी सरकार ने उर्वरक सब्सिडी, एमएसएमई क्रेडिट गारंटी, नोएडा-ग्रेटर नोएडा मेट्रो और नॉर्थ और साउथ ब्लॉक में युग-युगीन भारत संग्रहालय को दी मंजूरी

कैबिनेट का 77,101 करोड़ का पैकेज, किसान-मजदूर से लेकर कारोबारियों तक को राहत

नई दिल्ली।

केंद्र सरकार ने बुनियादी ढांचे, कृषि और छोटे कारोबारों को गति देने के लिए 77,101 करोड़ रुपये के बड़े पैकेज को मंजूरी दी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में उर्वरक सब्सिडी, सूक्ष्म उद्योगों के लिए क्रेडिट गारंटी, नोएडा-ग्रेटर नोएडा मेट्रो विस्तार और राष्ट्रीय संग्रहालय परियोजना सहित कई अहम प्रस्तावों



को स्वीकृति दी गई। सरकार का दावा है कि यह पैकेज कृषि, रोजगार, उद्यमिता और शहरी विकास को एक साथ गति देने वाला कदम साबित होगा। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि इन फैसलों का उद्देश्य किसानों की लागत कम करना, छोटे उद्यमियों को आसान ऋण उपलब्ध कराना और शहरी परिवहन व्यवस्था को मजबूत करना है।

रबी सीजन के लिए 62,370 करोड़ की सब्सिडी

कैबिनेट ने रबी विपणन सत्र 2026-27 के लिए पोषक तत्व आधारित उर्वरक सब्सिडी योजना को मंजूरी दी है। इसके तहत 62,370 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। इससे किसानों को डीएपी और एनपीके सहित फॉस्फेटिक एवं पोटाश उर्वरक किफायती दरों पर उपलब्ध कराने में मदद मिलेगी।

- किसानों पर अंतरराष्ट्रीय बाजार में बढ़ती कीमतों का असर कम होगा।
- बुवाई सीजन में उर्वरकों की निर्बाध उपलब्धता सुनिश्चित होगी।
- एमएसएमई और छोटे कारोबारियों के लिए 9,111 करोड़ रुपये का क्रेडिट फंड
- छोटे उद्योगों और नए उद्यमियों को ऋण उपलब्ध कराने के लिए दो क्रेडिट गारंटी फंड को मंजूरी दी गई है।
- माइक्रो यूनिट्स क्रेडिट गारंटी फंड: 5,000 करोड़ रुपये।
- स्टैंड-अप इंडिया क्रेडिट गारंटी फंड: 4,111 करोड़ रुपये।
- इससे महिलाओं, अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के उद्यमियों सहित छोटे कारोबारियों को बैंक ऋण प्राप्त करने में आसानी होगी।
- दिल्ली-एनसीआर में सार्वजनिक परिवहन को मजबूत करने के लिए नोएडा-ग्रेटर नोएडा मेट्रो परियोजना को मंजूरी दी गई है। इस पर करीब 2,390 करोड़ रुपये खर्च होंगे। इससे लाखों यात्रियों को बेहतर कनेक्टिविटी मिलेगी।
- देश की सांस्कृतिक विरासत को प्रदर्शित करने के लिए नई दिल्ली में युगे युगीन भारत संग्रहालय विकसित किया जाएगा। इसके लिए 3,230 करोड़ रुपये मंजूर किए गए हैं।

मुख्यमंत्री ने तनोट माता मंदिर में जवानों के साथ दीपावली व भाईदूज का पर्व मनाया

राज्य के सीमावर्ती गांवों का विकास हमारी प्राथमिकता : भजनलाल शर्मा

जैसलमेर।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा बुधवार को एक दिवसीय दौरे पर जैसलमेर पहुंचे। उन्होंने भारत-पाकिस्तान अंतरराष्ट्रीय सीमा पर स्थित प्रसिद्ध तनोट माता मंदिर में दर्शन कर प्रदेश की सुख-समृद्धि, शांति और खुशहाली की कामना की। मुख्यमंत्री ने सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के जवानों के साथ दीपावली और भाई दूज का पर्व मनाया तथा महिला जवानों का अभिनंदन कर उनके साहस और कर्तव्यनिष्ठा की सराहना की। तनोट माता धाम में जवानों को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि देश की सीमाओं की सुरक्षा के साथ सीमावर्ती क्षेत्रों का विकास भी सरकार की प्रमुख प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि घुसपैठ को रोकने के लिए मजबूत व्यवस्था विकसित की जा रही है। सुरक्षित सीमा, समृद्ध सीमांत क्षेत्र और जागरूक समाज देश की सुरक्षा के आधार हैं। उन्होंने कहा कि बीएसएफ के जवान भीषण गर्मी



और कड़ाके की सर्दी जैसी कठिन परिस्थितियों में देश की रक्षा करते हैं। उनका समर्पण और बलिदान पूरे देश के लिए प्रेरणादायक है।

184 सीमावर्ती गांवों में होगा विकास

सीमावर्ती क्षेत्रों के विकास पर मुख्यमंत्री ने कहा कि वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम-2 के तहत जैसलमेर, बाड़मेर, बीकानेर और श्रीगंगानगर जिलों के 184 गांवों का चयन किया गया है। इन गांवों में सड़क, कनेक्टिविटी और अन्य मूलभूत सुविधाओं का विस्तार किया जाएगा। सरकार का उद्देश्य पलायन रोकना और स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर बढ़ाना है।

ऑपरेशन सिंदूर में जवानों के शौर्य को किया नमन

मुख्यमंत्री ने ऑपरेशन सिंदूर का उल्लेख करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सेना और बीएसएफ जवानों ने अदम्य साहस का परिचय दिया है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार 'स्मार्ट बॉर्डर' की अवधारणा के तहत आधुनिक तकनीक से सीमाओं की निगरानी और सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत कर रही है।

2029 तक नशामुक्त भारत का लक्ष्य

मुख्यमंत्री ने नशे के खिलाफ अभियान का जिक्र करते हुए कहा कि वर्ष 2029 तक नशामुक्त भारत का लक्ष्य रखा गया है। राजस्थान में एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स गठित की गई है और 350 से अधिक महाविद्यालयों में नशामुक्ति केंद्र स्थापित किए गए हैं। इस अवसर पर जैसलमेर विधायक छोटू सिंह भाटी, बीएसएफ के आईजी डॉ. विकास पाठक सहित वरिष्ठ अधिकारी और जवान मौजूद रहे।

सोनिया का दावा

मोदी सरकार के पैरों तले खिसकी जमीन



नई दिल्ली। कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी ने अपनी किताब 'बिलॉन्गिंगः ए जर्नी ऑफ लव' में मोदी सरकार की नीतियों और कार्यशैली पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने दावा किया कि सरकार के पैरों तले से जमीन खिसक चुकी है और उसके फैसलों में असुरक्षा साफ दिखाई देती है। सोनिया गांधी ने 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा के बहुमत से दूर रहने को विपक्षी एकता की सफलता बताया। उन्होंने लिखा कि 'इंडिया' गठबंधन को मिल रहे जनसमर्थन से भाजपा चिंतित हो गई थी। उन्होंने महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार, मतदाता सूची में कथित गड़बड़ियों और विपक्ष द्वारा उठाए गए अन्य मुद्दों का जिक्र करते हुए सरकार पर निशाना साधा। सोनिया ने आरोप लगाया कि संसद में चीन सीमा विवाद, संघीय ढांचे, अल्पसंख्यक अधिकारों और नागरिक निजता जैसे मुद्दों पर पर्याप्त चर्चा नहीं होती।

दिल्ली के प्रदूषण में पराली नहीं, 52% जिम्मेदार वाहन

ग्रेप प्रतिबंधों के बावजूद जहरीली हुई दिल्ली की हवा



नई दिल्ली। दिल्ली में प्रदूषण नियंत्रण के लिए ग्रेप के तहत बार-बार प्रतिबंध लागू किए जाते हैं, लेकिन सेंटर फॉर साइंस एंड एनवायरनमेंट (सीएसई) के नए विश्लेषण के अनुसार इससे हवा की गुणवत्ता में अपेक्षित सुधार नहीं हो रहा है। रिपोर्ट में कहा गया है कि इस वर्ष दीपावली से पहले ही दिल्ली का प्रदूषण स्तर पिछले वर्षों की तुलना में अधिक रहा। सीएसई के अनुसार, 6 नवंबर को दिल्ली का एक्यूआई 382 तक पहुंच गया था, लेकिन इसमें पराली के धुएं का योगदान करीब 8 प्रतिशत ही था। राजधानी के प्रदूषण में सबसे बड़ी भूमिका वाहनों और स्थानीय स्रोतों की है। रिपोर्ट के मुताबिक, दिल्ली के स्थानीय प्रदूषण में वाहनों की हिस्सेदारी 52 प्रतिशत है, जबकि आवासीय गतिविधियां 13 प्रतिशत और निर्माण कार्य 7 प्रतिशत योगदान देते हैं। दीपावली से पहले पीएम 2.5 का औसत स्तर वर्ष 2026 में 236 माइक्रोग्राम प्रति घनमीटर दर्ज किया गया, जो 2025 के 120 और 2024 के 179 माइक्रोग्राम प्रति घनमीटर से काफी अधिक है। सीएसई ने कहा कि केवल ग्रेप प्रतिबंधों से समस्या का समाधान नहीं होगा। वाहनों की संख्या कम करने, सार्वजनिक परिवहन मजबूत करने और पूरे एनसीआर में वर्षभर प्रभावी प्रदूषण नियंत्रण रणनीति अपनाने की जरूरत है।

लंबित मुकदमों के बोझ से राहत के लिए तीन राज्यों में लगेंगी संध्या अदालतें

पायलट प्रोजेक्ट; सेवानिवृत्त न्यायाधीशों की ली जा सकती हैं सेवाएं

नई दिल्ली।

देश की अदालतों में वर्षों से लंबित मुकदमों की संख्या कम करने के लिए केंद्र सरकार संध्या अदालतें शुरू करने की तैयारी कर रही है। पहले चरण में दिल्ली, बिहार और आंध्र प्रदेश को पायलट प्रोजेक्ट के लिए चुना गया है। केंद्रीय कानून एवं न्याय राज्य मंत्री अर्जुन राम मेघवाल के अनुसार, संबंधित हाईकोर्ट के सहयोग से इस व्यवस्था को लागू किया जाएगा।

शाम के समय होगी अतिरिक्त सुनवाई : संध्या अदालतें नियमित कार्य समय के बाद कुछ अतिरिक्त घंटे काम करेंगी।



इसका उद्देश्य अदालतों को अतिरिक्त समय देकर अधिक मामलों की सुनवाई और जल्द निपटारा करना है। सरकार इन अदालतों में सेवानिवृत्त न्यायाधीशों की सेवाएं लेने पर भी विचार कर रही है।

न्याय तक पहुंच आसान बनाने की पहल : यह योजना संविधान के अनुच्छेद 21 (समय पर न्याय का अधिकार) और अनुच्छेद 39ए (समान न्याय व कानूनी सहायता) की भावना के अनुरूप मानी जा रही है। हालांकि अभी यह तय नहीं है कि इनमें किन श्रेणियों के मामलों की सुनवाई होगी।

पायलट प्रोजेक्ट के बाद होगा विस्तार : पहले चरण के परिणामों के आधार पर इसे अन्य राज्यों में लागू करने पर फैसला लिया जाएगा। सरकार का मानना है कि पर्याप्त संसाधन और स्पष्ट नियमों के साथ संध्या अदालतें न्याय व्यवस्था को तेज करने में अहम भूमिका निभा सकती हैं।

सोनिया ने विदेशी हितों को बढ़ावा दिया : कंगना



नई दिल्ली। भाजपा सांसद और अभिनेत्री कंगना रनौत ने कांग्रेस नेता सोनिया गांधी पर निशाना साधते हुए उनके राजनीतिक उभार को लेकर सवाल खड़े किए हैं। कंगना ने सोशल मीडिया पोस्ट में गांधी परिवार से जुड़ी घटनाओं को 'बहुत ज्यादा संयोगों' की श्रृंखला बताया। उन्होंने कहा कि फिल्म 'इमरजेंसी' के लिए किए गए शोध के दौरान उन्हें गांधी परिवार से जुड़े कई पहलुओं पर विचार करने का मौका मिला। कंगना ने इंदिरा गांधी, संजय गांधी और राजीव गांधी की मौतों का जिक्र करते हुए सोनिया गांधी की भूमिका और राजनीतिक प्रभाव पर भी सवाल उठाए। उन्होंने आरोप लगाया कि सोनिया गांधी ने विदेशी हितों को बढ़ावा दिया। हालांकि, उनके इन दावों पर राजनीतिक विवाद खड़ा हो गया है।

---

300 साल पुरानी परम्परा घास भैरू की सवारी में पटाखों का कहर, 150 झुलसे

केकड़ी में खतरनाक पटाखा युद्ध, चार गंभीर घायल, उपचार जारी

केकड़ी (अजमेर)। दीपावली के बाद गोवर्धन पूजा के अवसर पर केकड़ी में निकली घास भैरू की सवारी के दौरान पटाखों का खतरनाक खेल देखने को मिला। युवाओं की टोलियों ने एक-दूसरे पर जलते पटाखे फेंके और अंगारों के बीच उत्सव मनाया। इस दौरान 150 से अधिक लोग झुलस गए, जिनमें चार गंभीर घायलों का राजकीय जिला चिकित्सालय में उपचार जारी है।

300 साल पुरानी परंपरा का बदला स्वरूप : राजकीय जिला चिकित्सालय के पीएमओ डॉ. नवीन जांगीड़ ने बताया कि करीब 76 घायल उपचार के लिए पहुंचे, जिनमें से दो की गंभीर स्थिति को देखते हुए अजमेर रेफर किया गया। पुलिस के अनुसार सवारी के दौरान अतिरिक्त जाप्ता तैनात था और आयोजन शांतिपूर्ण रहा। घास भैरू की सवारी करीब 300 वर्ष पुरानी परंपरा बताई जाती है। पहले बैलों को चलाने के



लिए उनके पास पटाखे फोड़े जाते थे, लेकिन पिछले वर्षों में यह परंपरा एक-दूसरे पर पटाखे फेंकने के खतरनाक चलन में बदल गई।

पटाखों से टेलर की दुकान में लगी आग

मंगलवार रात गणेश प्याऊ के पास से सवारी रवाना होते ही पटाखेबाजी तेज हो गई। धुएं और धमाकों के बीच कई युवा और बच्चे घायल हुए। इस दौरान सदर बाजार क्षेत्र में बिजली बंद कर दी गई। पटाखों की चपेट में आने से एक टेलर की दुकान में आग लग गई, जिससे कपड़े, सिलाई मशीन और अन्य सामान जलकर राख हो गया। घटना ने परंपरा के नाम पर बढ़ते जोखिम को लेकर चिंता बढ़ा दी है।

महंगे स्मार्टफोन और बढ़ती ईएमआई से मध्यम वर्ग पर दबाव

नई दिल्ली। स्मार्टफोन अब जीवन की जरूरत बन चुका है, लेकिन बढ़ती कीमतें आम उपभोक्ताओं की चिंता बढ़ा रही हैं। पढ़ाई, बैंकिंग, ऑनलाइन काम और डिजिटल भुगतान के लिए मोबाइल जरूरी होने से लोग महंगे फोन भी ईएमआई पर खरीद रहे हैं। हाल में कुछ घटनाओं ने महंगे फोन की किश्तों से जुड़े आर्थिक तनाव को सामने लाया है। मेमोरी और अन्य उपकरणों की लागत बढ़ने से स्मार्टफोन की कीमतों में लगातार वृद्धि हो रही है। रिपोर्टों के अनुसार, 2026 में औसत स्मार्टफोन कीमतों में करीब 15 प्रतिशत तक बढ़ोतरी हुई है।

महंगाई और मानसून भारत के सामने बड़ी चुनौती बने; कृषि उत्पादन हो सकता है प्रभावित, महंगाई पर लगाम जरूरी

मूडीज ने बढ़ाया भारत की विकास दर का अनुमान, 2027 में 7% की उम्मीद

नई दिल्ली।

वैश्विक रेटिंग एजेंसी मूडीज रेटिंग्स ने भारत की आर्थिक वृद्धि दर के अनुमान को बढ़ाकर 7 फीसदी कर दिया है। एजेंसी ने वित्त वर्ष 2026-27 के लिए पहले 6.5 फीसदी वृद्धि का अनुमान जताया था, जिसे अब मजबूत आर्थिक गति और ऊर्जा आपूर्ति झटकों से निपटने की क्षमता को देखते हुए संशोधित किया गया है। मूडीज ने अपने 'ग्लोबल मैक्रो आउटलुक 2027-28' में यह जानकारी दी है।

मजबूत उपभोग और निवेश से मिलेगी रफ्तार : मूडीज के अनुसार, भारत की अर्थव्यवस्था को मजबूत घरेलू खपत, बेहतर निवेश रुझानों और मजबूत वृहद आर्थिक आधारों का लाभ मिल रहा है। निजी क्षेत्र में निवेश की रफ्तार बढ़ने से विनिर्माण, रोजगार और उत्पादकता को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है। इससे मध्यम अवधि में भारत की विकास दर करीब 7 फीसदी के आसपास बनी रह सकती है। एजेंसी ने कहा कि भारत ने ऊर्जा आपूर्ति से जुड़े जोखिमों का बेहतर तरीके से सामना किया है। कच्चे तेल और गैस की आपूर्ति के स्रोतों में विविधता, बड़ी रिफाइनिंग क्षमता और सरकारी उपायों ने ईंधन कीमतों के दबाव को सीमित रखने में मदद की है।



महंगाई और मानसून से जुड़े जोखिम

हालांकि, मूडीज ने निकट अवधि की चुनौतियों को भी रेखांकित किया है। बढ़ती कीमतों के कारण घरेलू उपभोग पर दबाव बना हुआ है। खुदरा महंगाई भारतीय रिजर्व बैंक की तय सीमा के ऊपरी स्तर के करीब है। इसके अलावा कमजोर दक्षिण-पश्चिम मानसून और अल नीनो की स्थिति कृषि उत्पादन को प्रभावित कर सकती है, जिससे ग्रामीण मांग पर असर पड़ सकता है।

आर्थिक गतिविधियों में तेजी के संकेत

मूडीज के मुताबिक, भारत में आर्थिक गतिविधियों को लेकर कई सकारात्मक संकेत मिल रहे हैं। पूंजीगत वस्तुओं का मजबूत उत्पादन, औद्योगिक ऋण में वृद्धि और क्षमता उपयोग में सुधार निजी निवेश चक्र में तेजी का संकेत देते हैं। विनिर्माण और सेवा क्षेत्र के सूचकांक भी विस्तार की स्थिति में हैं। जीएसटी संग्रह, वाहन बिक्री और व्यापारिक निर्यात में बढ़ोतरी से अर्थव्यवस्था की मजबूती दिखाई दे रही है। हालांकि, महंगाई नियंत्रण और कृषि क्षेत्र की चुनौतियां आगे भी निगरानी का विषय बनी रहेंगी।

उज्जैन के बगड़िया टावर में भीषण आग, 15 से अधिक लोग फंसे

उज्जैन। मध्य प्रदेश के उज्जैन शहर में पुरानी कोतवाली थाना क्षेत्र स्थित बगड़िया टावर में बुधवार शाम करीब पांच बजे भीषण आग लगने से अफरा-तफरी मच गई। आग प्रथम तल पर लगने के बाद कुछ ही देर में घना धुआं पूरी पांच मंजिला इमारत में फैल गया, जिससे ऊपरी मंजिलों पर मौजूद लोग फंस गए। सूचना मिलते ही दमकल, पुलिस और प्रशासन की टीमें मौके पर पहुंचीं और राहत एवं बचाव अभियान शुरू किया।

60 से अधिक फ्लैट और कई दुकानें प्रभावित : बताया गया कि बगड़िया टावर में 60 से अधिक रिहायशी फ्लैट हैं, जबकि भूतल पर 7 से 8 दुकानें संचालित होती हैं। आग और धुएं ने दुकानों के साथ कार्यालयों और आवासीय हिस्सों को भी अपनी चपेट में ले लिया। धुआं तेजी से फैलने के कारण कई लोगों का दम घुटने लगा। स्थानीय लोगों के अनुसार, जान बचाने के लिए कुछ लोग इमारत की छत पर पहुंच गए, जहां से उन्हें सुरक्षित नीचे उतारने के प्रयास किए गए।

दमकल, जेसीबी और क्रेन की मदद से बचाव अभियान : घटना की सूचना मिलते ही आधा दर्जन दमकल वाहन मौके पर पहुंचे और आग बुझाने का अभियान शुरू किया। ऊपरी मंजिलों पर फंसे लोगों तक पहुंचने के लिए जेसीबी और क्रेन भी बुलाई गई। धुएं को बाहर निकालने के लिए कुछ कार्यालयों के दरवाजे तोड़ने पड़े।

रेलवे में भर्ती

रेलवे सहायक लोको पायलट में पद बढ़कर 14627 हुए



सीमा सन्देश

रेलवे भर्ती बोर्ड ने असिस्टेंट लोको पायलट भर्ती के लिए रिक्तियों की संख्या बढ़ाकर 14,627 कर दी है। संशोधित आधिकारिक वैकेंसी ब्रेकअप के अनुसार, इन पदों को अलग-अलग रेलवे भर्ती बोर्ड और जोन के तहत बांटा गया है। उम्मीदवार अब अपने क्षेत्र और श्रेणी के अनुसार पदों का विवरण देख सकते हैं।

कुल रिक्तियों में 6,032 पद अनारक्षित, 2,309 अनुसूचित जाति, 1,259 अनुसूचित जनजाति, 3,662 ओबीसी, और 1,365 ईडब्ल्यूएस के लिए हैं। इसके अतिरिक्त, पूर्व सैनिकों के लिए 1,461 पद दर्शाए गए हैं। असिस्टेंट लोको पायलट के कुल 11,127 पद अधिसूचित किए गए थे। अब संशोधित वैकेंसी ब्रेकअप में यह संख्या 14,627 हो गई है। इस तरह कुल 3,500 पद बढ़े हैं, यानी रिक्तियों में करीब 31.5 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।

रेलवे में अप्रेंटिसशिप के 4651 पदों पर भर्ती, आवेदन शुरू



उत्तर रेलवे की ओर से ट्रेड अप्रेंटिसशिप के 4651 पदों पर भर्ती निकाली गई है। इस भर्ती के लिए आवेदन प्रक्रिया 11 नवंबर से स्टार्ट हो चुकी है। इच्छुक एवं योग्य अभ्यर्थी भर्ती में शामिल होने के लिए ऑनलाइन माध्यम से आधिकारिक वेबसाइट पर आवेदन फॉर्म भर सकते हैं। आवेदन करने की लास्ट डेट 11 दिसंबर 2026 निर्धारित है। इस भर्ती में भाग लेने के लिए अभ्यर्थी ने मान्यता प्राप्त बोर्ड से 50 प्रतिशत अंकों के साथ 10वीं उत्तीर्ण करने के साथ आईटीआई सर्टिफिकेट प्राप्त किया हो। इसके अलावा उम्मीदवार की आयु न्यूनतम 15 वर्ष से कम और अधिकतम आयु 24 साल से ज्यादा नहीं होनी चाहिए। ऊपरी आयु में रेलवे के नियमनुसार छूट दी जाएगी। उम्र की गणना 11 दिसंबर 2026 के अनुसार की जाएगी। इस भर्ती में अभ्यर्थियों का चयन शैक्षिक योग्यता के आधार पर किया जायेगा अर्थात किसी भी प्रकार की परीक्षा या वायवा में शामिल नहीं होना होगा।

12वीं पास साइंस स्टूडेंट्स के लिए स्कॉलरशिप

हर महीने मिलेगी नकद राशि



12वीं पास साइंस स्टूडेंट्स के लिए स्कॉलरशिप, हर महीने मिलेगी नकद राशि विज्ञान के क्षेत्र में पढ़ाई और शोध करने की इच्छा रखने वाले विद्यार्थियों के लिए स्कॉलरशिप का अवसर है। केंद्र सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग ने इंस्पायर एसएचई स्कॉलरशिप 2026 के लिए आवेदन शुरू कर दिए हैं। करीब दो साल के इंतजार के बाद इस योजना के लिए फॉर्म भरे जा रहे हैं। इच्छुक और योग्य विद्यार्थी 7 दिसंबर 2026 तक आधिकारिक वेबसाइट ऑनलाइन इंस्पायर डॉट जीओवी पर जाकर आवेदन कर सकते हैं। इस योजना का मकसद विज्ञान विषयों में उच्च शिक्षा लेने वाले मेधावी विद्यार्थियों को आर्थिक मदद देना है। हालांकि, इस बार छात्रवृत्ति के नियमों में कुछ बड़े बदलाव किए गए हैं।

जानिए, कितनी मिलेगी स्कॉलरशिप :

इंस्पायर एसएचई योजना के तहत चुने गए विद्यार्थियों को पांच साल तक हर महीने 5,000 रुपये दिए जाएंगे। इस तरह साल भर में 60,000 रुपये की छात्रवृत्ति मिलेगी। इसके अलावा शोध कार्य के लिए तीसरे और चौथे साल में 20,000 रुपये सालाना मेंटरशिप ग्रांट भी दी जाएगी। पहले यह ग्रांट हर साल मिलती थी, लेकिन नए नियमों में इसे केवल दो साल तक सीमित कर दिया गया है। इसी बदलाव के कारण पांच साल में मिलने वाली कुल आर्थिक मदद 4 लाख रुपये से घटकर 3.40 लाख रुपये रह गई है।

ये स्टूडेंट्स होंगे पात्र

इस योजना के लिए 17 से 22 साल की उम्र वाले वे विद्यार्थी आवेदन कर सकते हैं, जिन्होंने वर्ष 2025 में 12वीं की परीक्षा पास की है। उम्मीदवारों का किसी मान्यता प्राप्त संस्थान में बीएससी, बीएस या इंटीग्रेटेड एमएससी/एमएस जैसे प्राकृतिक और बुनियादी विज्ञान के पाठ्यक्रमों में दाखिला होना जरूरी है। चयन के लिए 12वीं की बोर्ड परीक्षा में टॉप एक प्रतिशत में जगह बनाने वाले विद्यार्थियों को मौका मिलेगा। इसके अलावा जेईई मेन, जेईई एडवांस्ड या नीट में टॉप 10,000 रैंक, एनटीएसई, जेबीएनएसटीएस पास करने और अंतरराष्ट्रीय ओलंपियाड में पदक जीतने वाले विद्यार्थी भी पात्र हो सकते हैं।

इन छात्रों को मिलेगी प्राथमिकता :

सबसे पहले उन विद्यार्थियों को मौका मिलेगा, जिन्होंने अपने बोर्ड में टॉप एक प्रतिशत में जगह बनाई है और इंटीग्रेटेड एमएससी या बीएस-एमएस पाठ्यक्रम में दाखिला लिया है। इसके बाद जेईई या नीट की तय रैंक हासिल करने वाले, एनटीएसई या जेबीएनएसटीएस पास करने वाले और अंतरराष्ट्रीय ओलंपियाड में पदक जीतने वाले विद्यार्थियों पर विचार होगा। इसके बाद नियमित बीएससी और बीएस पाठ्यक्रम में दाखिला लेने वाले टॉप एक प्रतिशत विद्यार्थियों को मौका दिया जाएगा।

सुप्रीम कोर्ट में 130 पदों पद भर्ती के आवेदन मांगे

भारत के सर्वोच्च न्यायालय में जूनियर कोर्ट अटेंडेंट के 130 पदों पर भर्ती निकाली गई है। इस भर्ती के लिए आवेदन की आखिरी तारीख 25 नवंबर 2026 है। उम्मीदवार ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

वहीं, केंद्र सरकार के कैबिनेट सचिवालय में डिप्टी फील्ड ऑफिसर के 250 पदों पर भर्ती की जा रही है। इस भर्ती के लिए भी आवेदन की आखिरी तारीख 25 नवंबर है।

इन पदों के लिए आवेदन करने से पहले उम्मीदवारों को संबंधित नोटिफिकेशन में योग्यता और दूसरी शर्तें जरूर देखनी चाहिए।

बैंक और बीईएल में अनेक पदों पर निकली भर्तियां

बैंकिंग क्षेत्र में करियर बनाने की इच्छा रखने वाले युवाओं के लिए इंडियन बैंक ने अप्रेंटिस के 1,500 पदों पर भर्ती निकाली है। इसके लिए 25 नवंबर 2026 तक आवेदन किया जा सकता है।

वहीं, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड (बीईएल) में प्रोबेशनरी इंजीनियर के 350 पदों पर भर्ती की जा रही है। बीईएल के इन पदों के लिए बीई या बीटेक पास उम्मीदवार आवेदन कर सकते हैं। आवेदन की आखिरी तारीख 18 नवंबर है। दोनों भर्तियों के लिए आवेदन करने से पहले आधिकारिक वेबसाइट पर जरूरी जानकारी पढ़ लें।

ओएनजीसी और नैशनल इंश्योरेंस में होगी भर्ती



तेल एवं प्राकृतिक गैस निगम (ओएनजीसी) ने अप्रेंटिस के 3,047 पदों पर भर्ती निकाली है। अलग-अलग ट्रेड में प्रशिक्षण पाने के इच्छुक उम्मीदवार 20 नवंबर 2026 तक आवेदन कर सकते हैं। इसके अलावा नेशनल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड में अप्रेंटिस के 200 पदों पर भर्ती की जा रही है। इसके लिए आवेदन की आखिरी तारीख 18 नवंबर है। दोनों संस्थानों में अप्रेंटिसशिप के जरिए युवाओं को काम सीखने और संबंधित क्षेत्र में अनुभव हासिल करने का मौका मिलेगा। आवेदन से पहले पात्रता की जानकारी जरूर जांच लें।

रेलवे में 1688 पदों पर निकली वैकेंसी

रेलवे भर्ती बोर्ड ने 12वीं पास उम्मीदवारों के लिए एनटीपीसी अंडर ग्रेजुएट लेवल के 1,688 पदों पर भर्ती निकाली है। इनमें क्लर्क और दूसरे गैर-तकनीकी पद शामिल हैं। आवेदन की आखिरी तारीख 13 नवंबर 2026 है। वहीं, ग्रेजुएट उम्मीदवारों के लिए रेलवे में स्टेशन मास्टर के 1,265 पदों पर भर्ती की जा रही है। इसके लिए आवेदन 25 नवंबर तक किया जा सकता है। दोनों भर्तियों के लिए उम्मीदवारों को रेलवे के आधिकारिक आवेदन पोर्टल पर जाकर फॉर्म भरना होगा।

बैंक ऑफ बड़ौदा में विभिन्न पदों पर भर्ती, आवेदन जारी

बैंक ऑफ बड़ौदा की ओर से विभिन्न पदों पर भर्ती के लिए ऑफिशियल नोटिफिकेशन जारी किया गया है। जो उम्मीदवार ग्रुप हेड और टेरिटरी हेड आदि पदों पर नौकरी करना चाहते हैं। वे ऑफिशिल वेबसाइट पर जाकर इन पदों के लिए ऑनलाइन माध्यम में आवेदन कर सकते हैं। इस भर्ती अभियान के जरिये कुल 837 उम्मीदवारों का चयन किया जाएगा। इच्छुक एवं योग्य उम्मीदवार 24 नवंबर, 2026 तक इन पदों के लिए आवेदन कर सकते हैं। पदानुसार न्यूनतम आयु 24, 26, 28 और 35 वर्ष व अधिकतम आयु 35, 42, 45 और 50 वर्ष निर्धारित है। आरक्षित वर्ग के उम्मीदवारों को आयु-सीमा में विशेष छूट भी दी जाएगी।

शैक्षणिक योग्यता

इन पदों पर आवेदन करने के लिए उम्मीदवारों के पास किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक की डिग्री व अन्य निर्धारित पात्रताएं होनी चाहिए। उम्मीदवारों पद से संबंधित क्षेत्र में कुछ वर्षों का कार्यानुभव भी होना चाहिए।

असिस्टेंट प्रोफेसर 219 पद भरेंगे

दिल्ली टेक्नोलॉजिकल यूनिवर्सिटी में असिस्टेंट प्रोफेसर के 219 पदों पर भर्ती निकाली गई है। उच्च शिक्षा और पढ़ाने के क्षेत्र में करियर बनाने वाले उम्मीदवारों के लिए यह अच्छा मौका है। इस भर्ती के लिए आवेदन की आखिरी तारीख 7 दिसंबर 2026 है। इसके अलावा रेल मंत्रालय के तहत आने वाली कंपनी राइट्स लिमिटेड में अप्रेंटिस के 281 पदों पर भर्ती निकली है। इसके लिए उम्मीदवार 25 नवंबर तक आवेदन कर सकते हैं। इन पदों के लिए आवेदन ऑनलाइन करना होगा।

जिला-श्रीगंगानगर

मौसम

अधिकतम	न्यूनतम
31.4°	17.5°

आर्द्रता

सुबह	शाम
83%	60%

विंड स्पीड

2-12KM/h

आज का सूर्यास्त

05:40PM

कल का सूर्योदय

06:58AM

मुख्यतः आसमान साफ रहेगा।

सर्राफा श्रीगंगानगर

(24 कैरेट/10 ग्राम) ₹1,41,750

(22 कैरेट/10 ग्राम) ₹1,31,170

चांदी (प्रति किलो) ₹1,89,000

नोट : इन भावों पर जीएसटी अलग से है।

डॉ. जसकरण सिंह भुल्लर ने मिमिट मलोट के निदेशक का कार्यभार संभाला



सीमा सन्देश # मलोट। तकनीकी शिक्षा एवं औद्योगिक प्रशिक्षण विभाग, पंजाब सरकार की ओर से मलोट स्थित मलोट इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी (मिमिट) के निदेशक का अतिरिक्त कार्यभार डॉ. जसकरण सिंह भुल्लर को सौंपा गया है। डॉ. भुल्लर के निदेशक पद संभालने पर संस्थान के चेयरमैन एवं तकनीकी शिक्षा मंत्री के प्रतिनिधियों सहित प्रबंधन, फैकल्टी और स्टाफ सदस्यों ने उनका स्वागत किया। डॉ. जसकरण सिंह भुल्लर इससे पहले भी वर्ष 2014 से 2017 तक संस्थान के प्रिंसिपल तथा वर्ष 2022 से अप्रैल 2026 तक निदेशक के पद पर सेवाएं दे चुके हैं। उनके कार्यकाल में संस्थान में कई नए पाठ्यक्रम शुरू हुए और शैक्षणिक गतिविधियों को बढ़ावा मिला। संस्थान के अधिकारियों ने विश्वास जताया कि डॉ. भुल्लर के अनुभव और नेतृत्व में मिमिट मलोट शिक्षा, तकनीकी प्रशिक्षण और रोजगारपरक पाठ्यक्रमों के क्षेत्र में नई उपलब्धियां हासिल करेगा।

डॉ. भुल्लर ने भी पंजाब सरकार के दिशा-निर्देशों के अनुसार संस्थान के विकास और विद्यार्थियों के हित में कार्य करने का संकल्प व्यक्त किया।

मौसम का मिजाज बदला, गुलाबी ठंड की दस्तक, तापमान में गिरावट

14 व 15 नवंबर को बादल छाए रहने व हल्की वर्षा का अनुमान

सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर



जिले में नवंबर माह के दूसरे सप्ताह में प्रवेश के साथ ही मौसम का मिजाज धीरे-धीरे बदलने लगा है। दिन के समय हल्की गर्मी और धूप का अहसास अभी भी बना हुआ है, लेकिन सुबह और शाम के वक्त हल्की गुलाबी ठंड ने अपनी दस्तक दे दी है। मौसम विभाग के पूर्वानुमान के मुताबिक आने वाले दिनों में तापमान में और गिरावट दर्ज की जाएगी। बुधवार को जिला मुख्यालय पर मौसम मिला-जुला रहा। यहाँ अधिकतम तापमान 31.4 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 17.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। दिन के समय धूप की तल्खी के चलते अब भी घरों और दफ्तरों में पंखे चलाने की जरूरत पड़ रही है, हालांकि तेज गर्मी के मौसम में इस्तेमाल होने वाले कूलर और एसी लगभग बंद हो चुके हैं। इसके अलावा हवा में नमी का स्तर सुबह के समय 83 प्रतिशत और शाम को 60 प्रतिशत दर्ज किया गया, जिससे वायुमंडल में नमी बनी हुई है।

आगामी 7 दिनों का मौसम अनुमान

मौसम विभाग के अनुसार, अगले एक सप्ताह के दौरान तापमान में क्रमिक गिरावट देखने को मिलेगी। इस अवधि में अधिकतम तापमान 34 डिग्री सेल्सियस से गिरकर 29 डिग्री सेल्सियस तक पहुँच सकता है, जबकि न्यूनतम तापमान 18 डिग्री से लुढ़ककर 13 डिग्री सेल्सियस के आसपास दर्ज किए जाने की संभावना है। मौसम विभाग की रिपोर्ट के अनुसार, 14 और 15 नवंबर को आसमान में हल्के बादल छाए रहने का अनुमान है। इस दौरान जिले के कुछ हिस्सों में हल्की बूंदाबांदी या बरसात भी हो सकती है, जिससे तापमान में अचानक और तेजी से गिरावट आ सकती है। इसके बाद 16 और 17 नवंबर को मौसम एक बार फिर साफ हो जाएगा, लेकिन ठंड में हल्का इजाफा होगा। इन दोनों दिनों में अधिकतम तापमान 29 डिग्री सेल्सियस रहने का अनुमान है, जबकि न्यूनतम तापमान क्रमशः 14 और 13 डिग्री सेल्सियस तक रह सकता है।

स्काउट गाइड स्थापना दिवस पर फ्लैग स्टिकर विमोचित



सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर। भारत स्काउट गाइड के 77वें स्थापना दिवस पर जिला कलेक्टर डॉ. अमित यादव ने फ्लैग स्टिकर का विमोचन किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि स्काउटिंग-गाइडिंग प्रशिक्षण की महती आवश्यकता है और स्काउट गाइड हमेशा समाज सेवा के लिए तत्पर रहते हैं। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एवं एडीजे रवि प्रकाश सुथार ने कहा कि यह संस्था बाल-बालिकाओं में नन्हीं उम्र से ही चरित्र निर्माण, अनुशासन और सेवा भावना का विकास करती है। भारत स्काउट गाइड की स्थापना 7 नवंबर 1950 को हुई थी।

वर्तमान में पूरे देश में संगठन का जुबली वर्ष मनाया जा रहा है और इसने गर्व के साथ 77 वर्षों का सफर तय किया है। जिला कलेक्टर ने सभी संस्थाओं को स्काउट गाइड से जुड़ने का आह्वान किया। कार्यक्रम में प्रधान एडवोकेट विनोद गोयल, जिला सचिव इंद्राज सुथार, सीओ गाइड मोनिका यादव, स्थानीय संघ सचिव रामकुमार स्वामी और स्काउट मास्टर प्रमोद सहित कब-बुलबुल, स्काउट-गाइड और रोवर-रेंजर मौजूद रहे।

श्रद्धा से मनाया बंदी छोड़ दिवस

शब्द कीर्तन, दीपमाला और अरदास में शामिल हुई संगत



सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर। मॉडल टाउन-2 स्थित गुरुद्वारा भाई लालो जी दुःख निवारण साहिब में बंदी छोड़ दिवस एवं दीपावली का पर्व श्रद्धा, उत्साह और धार्मिक उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर स्त्री सत्संग की माताओं-बहनों एवं संगत के सहयोग से दो दिवसीय विशेष धार्मिक समागम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान सांध्यकालीन शब्द चौकी, सुखमनी साहिब जी के पाठ, वाहेगुरु सिमरन एवं दीपमाला का आयोजन हुआ। गुरुद्वारा साहिब में दीप प्रज्ज्वलित कर सरबत के भले की अरदास की गई। मुख्य सेवादार बलकरन सिंह सरपाल ने बंदी छोड़ दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि छठी पातशाही श्री गुरु हरगोबिंद साहिब जी ने ग्वालियर किले से रिहाई के समय 52 राजाओं को भी मुक्त करवाया था। इसी ऐतिहासिक घटना की स्मृति में बंदी छोड़ दिवस मनाया जाता है। इस अवसर पर कीर्तनी जत्था भाई जगजीत सिंह ने गुरबाणी एवं हरिजस का गायन कर संगत को निहाल किया। गुरु घर को रंग-बिरंगी लड़ियों और फूल मालाओं से सजाया गया। पालकी साहिब एवं हॉल सजावट की सेवा समरथ सिंह सरपाल, जसकीरत सिंह सरपाल और हरदीप कौर सरपाल ने निभाई। समापन पर भोग एवं अरदास के बाद संगत को गुरु का अटूट मिष्ठान प्रसाद वितरित किया गया। बलकरन सिंह सरपाल ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए शुभकामनाएं दीं।

लोमड़ी का सफल रेस्क्यू किया

सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर। पुरानी आबादी क्षेत्र में लोमड़ी मिलने की सूचना पर सेव एनिमल टीम तुरंत मौके पर पहुंची। टीम ने कड़ी मेहनत, सूझबूझ व सावधानी के साथ लोमड़ी का सफलतापूर्वक रेस्क्यू किया। रेस्क्यू अभियान में क्रिश शर्मा, विजय गोदारा, अमित ठाकुर और राजेंद्र सिंह ने भी सहयोग दिया। सभी सदस्यों ने मिलकर लोमड़ी को सुरक्षित रेस्क्यू कर उसकी जान बचाने के लिए हर संभव प्रयास किया। टीम ने लोमड़ी को लगातार 3 से 4 दिनों तक अपनी देखरेख में रखा। इस दौरान उसकी उचित देखभाल की गई और उसका उपचार किया गया, ताकि वह जल्द स्वस्थ हो सके। उपचार और देखभाल के बाद वन विभाग की देखरेख में लोमड़ी को उसके प्राकृतिक वन क्षेत्र में सुरक्षित छोड़ दिया गया।

नगर परिषद कर्मचारी राकेश कुमार के मामले में यूनियन ने कलक्टर को सौंपा ज्ञापन

चुनाव ड्यूटी पर गया सफाई कर्मचारी 9 दिन से लापता



सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर। नगर परिषद श्रीगंगानगर में कार्यरत सफाई कर्मचारी राकेश कुमार के पंचायती राज चुनाव ड्यूटी के दौरान संदिग्ध परिस्थितियों में लापता होने से परिजन चिंता और परेशानी में हैं। 2 नवंबर 2026 को चुनाव ड्यूटी के लिए रवाना हुए राकेश कुमार का 11 नवंबर तक कोई पता नहीं चल पाया है। लापता कर्मचारी की तलाश और गुमशुदगी दर्ज कराने की मांग को लेकर बुधवार को भारतीय सफाई मजदूर यूनियन के जिलाध्यक्ष अनिल धारीवाल के नेतृत्व में परिजनों ने जिला निर्वाचन अधिकारी एवं जिला कलक्टर श्रीगंगानगर को प्रार्थना पत्र सौंपा।

परिजनों ने जताई चिंता, प्रशासन से त्वरित कार्रवाई की मांग : परिजनों ने बताया कि कई दिन बीत जाने के बाद भी राकेश कुमार का कोई सुराग नहीं मिल पाया है। इससे परिवार मानसिक तनाव और चिंता के दौर से गुजर रहा है। उन्होंने प्रशासन से मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्काल गुमशुदगी दर्ज करने और उनकी तलाश के लिए प्रभावी कदम उठाने की मांग की है।

इस अवसर पर लापता कर्मचारी के परिजनों के साथ भारतीय सफाई मजदूर यूनियन के जिलाध्यक्ष अनिल धारीवाल सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे। यूनियन ने भी प्रशासन से जल्द कार्रवाई कर राकेश कुमार को सुरक्षित तलाशने की अपील की है।

48 जीबी रामसिंहपुर में लगी थी चुनाव ड्यूटी : प्रार्थना पत्र में राकेश कुमार की पुत्री सोनिया ने बताया कि उनके पिता राकेश कुमार (50 वर्ष), निवासी वार्ड नंबर 60, तेली मोहल्ला, वाल्मीकि बस्ती, श्रीगंगानगर, 2 नवंबर को पार्टी नंबर 215 के साथ चुनाव ड्यूटी के लिए 48 जीबी रामसिंहपुर (तहसील विजयनगर) रवाना हुए थे। इसके बाद से वे न तो घर लौटे हैं और न ही उनके संबंध में विभाग या प्रशासन की ओर से कोई जानकारी दी गई है।

दीपोत्सव के पावन पर्व पर हार्दिक बधाई-शुभकामनाएं। हम आपके स्वस्थ एवं मंगलमयी जीवन की प्रार्थना करते हैं।

अब श्रीगंगानगर, बीकानेर व जयपुर जाने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी, आपके क्षेत्र के एपेक्स सूरतगढ़ मल्टीस्पैशलिटी हॉस्पीटल में हृदय रोग विशेषज्ञ व न्यूरोसर्जन की नियमित सेवाएं

APEX SURATGARH MULTI SPECIALITY HOSPITAL

Apex Hospital™

Team of Experts Under One Roof

क्षेत्र में बेहतर चिकित्सा सेवा व कार्यदक्षता से बनाई अपनी अलग पहचान

CRITICAL CARE AND EMERGENCY MEDICINE
11 Bedded ICU 24 Hours Mourtoring and Ventilator facility for Respiratory Support

हॉस्पीटल प्रबन्धन



डॉ. अरविन्द बंसल
Managing Director

मेडीसिन एवं क्रिटिकल केयर विभाग



डॉ. संजय बजाज
MBBS, MD
(वरिष्ठ फिजिशियन)



डॉ. आकांक्षा गुप्ता
MBBS, MD
(जनरल मेडिसिन)

हड्डी व जोड़ रोग एवं जोड़ प्रत्यारोपण विभाग



डॉ. विजय प्रकाश बेनीवाल
MBBS, MS (ORTHO)
(अस्थि रोग व जोड़ प्रत्यारोपण विशेषज्ञ)



डॉ. चन्द्रपाल गेदर
MBBS,DO, DNB (ORTHO)
(अस्थि रोग व जोड़ प्रत्यारोपण विशेषज्ञ)

हृदय रोग विभाग



डॉ. पुलकित छाबड़ा
MBBS, MD, DM (कार्डियोलॉजी)
(हृदय रोग विशेषज्ञ)

जनरल सर्जरी विभाग



डॉ. पीयूष बंसल
MBBS, MS, FAMS
(जनरल एण्ड लेप्रोस्कोपिक सर्जन)

न्युरोसर्जरी विभाग



डॉ. शोभित छाबड़ा
MBBS, MS,M.Ch (न्युरोसर्जन)
(स्पे. ब्रेन एवं स्पाइन सर्जरी)

शिशु एवं बाल रोग विभाग



डॉ. आरजू छाबड़ा
MBBS, MD
(शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ)

चर्म, यौन एवं कुष्ठ रोग विभाग



डॉ. कुलदीप सिंह
MBBS,MD (Dermatology Veneology & Lepros)
(चर्म, यौन एवं कुष्ठ रोग विशेषज्ञ)

स्त्री रोग एवं प्रसुति विभाग



डॉ. स्वर्णलता बंसल
MBBS
(स्त्री रोग एवं प्रसूति विशेषज्ञ)

फिजियोथैरेपी विभाग



डॉ. पिंकी गेदर
BPT, MPT, COMT(ORTHO)
(GOLD MEDALIST)
(CONSULTANT MANIPULATIVE PHYSIOTHERAPY)

RGHS, ESIC, रेलवे, ECHS, मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना के तहत नि:शुल्क ईलाज



M: 6375008989, 8905570024
9772248688, 9783225511

बेहतर इलाज, विशेषज्ञ डॉक्टर और आधुनिक सुविधाएं-अब सूरतगढ़ में

सूरतगढ़ एवं आसपास के क्षेत्र के लोगों के लिए Apex Suratgarh Multispeciality Hospital आधुनिक चिकित्सा सेवाओं की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। अस्पताल में विभिन्न रोगों के उपचार के लिए विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम और अत्याधुनिक चिकित्सा सुविधाएं एक ही छत के नीचे उपलब्ध कराने पर विशेष जोर दिया गया है।

यहां हृदय रोग, न्यूरोसर्जरी, जनरल मैडिसिन, हड्डी एवं जोड़, जनरल एवं लेप्रोस्कोपिक सर्जरी, स्त्री एवं प्रसूति रोग, यूरोसर्जरी, शिशु एवं बालरोग, फिजियो थैरेपिस्ट, चर्म, यौन एवं कुष्ठ रोग एवं अन्य रोगों से संबंधित विशेषज्ञ सेवाएं उपलब्ध हैं। अस्पताल में गंभीर मरीजों की देखभाल के लिए क्रिटिकल केयर एवं ICU सुविधाओं पर भी विशेष ध्यान दिया गया है।

अस्पताल की सबसे बड़ी विशेषताओं में से एक है कि क्षेत्रवासियों को विशेषज्ञ चिकित्सा के लिए श्रीगंगानगर, बीकानेर या जयपुर जैसे बड़े शहरों तक जाने की आवश्यकता कम हो सके और समय पर बेहतर चिकित्सा सुविधा अपने ही क्षेत्र में मिल सके।

स्वस्थ जीवन सबसे बड़ी पूंजी है—समय पर जांच कराएं, सही सलाह लें और स्वस्थ रहें।

Apex Suratgarh Multispeciality Hospital का लक्ष्य केवल उपचार करना ही नहीं, बल्कि लोगों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना और सूरतगढ़ क्षेत्र में आधुनिक चिकित्सा सेवाओं को मजबूत करना है।

हमारा सकल्प

उन्नत चिकित्सा सेवाएं, आपके द्वार, आपके साथ

अत्याधुनिक सुविधाएं

- कैथ लैब
- डिजीटल एक्स-रे
- अल्ट्रासोनोग्राफी
- सी.टी. स्कैन
- एम.आर.आई.
- 2 डी ईको
- कलर डॉपलर
- टी.एम.टी.
- पी.एफ.टी.
- ए.सी. हॉस्पीटल
- मॉड्यूलर ऑपरेशन थियेटर
- ट्रोमा एण्ड इमरजेंसी केयर
- ई.सी.जी./ई.ई.जी
- सुसज्जित आई.सी.यू.
- एन.आई. सी.यू.
- @HDU Facility
- 24x7 फार्मेसी सुविधा
- डायलिसिस सुविधा
- 24x7 ICU व NICU से सुसज्जित एंबुलेंस
- अत्याधुनिक लैब

क्षेत्र का एकमात्र सुपर स्पैशलिटी हॉस्पिटल

सूरतगढ़ के नेशनल हाईवे 62 पर स्थित एपेक्स सूरतगढ़ मल्टी स्पेशलिस्ट हॉस्पिटल क्षेत्र का एकमात्र सुपर स्पेशलिस्ट हॉस्पिटल है, जहां पर हृदय रोग व न्यूरो सर्जन की सुविधा नियमित रूप से उपलब्ध है। अस्पताल में आपातकालीन व ट्रोमा सेंटर की सुविधा भी 24 घंटे उपलब्ध है। इस चिकित्सालय में गंभीर रोग से पीड़ित मरीज हेतु क्रिटिकल केयर विशेषज्ञ व आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित आईसीयू (ICU) व NICU की सुविधा भी उपलब्ध है। अस्पताल में आयुष्मान आरोग्य योजना के तहत ऑपरेशन भी निशुल्क (कैशलेस) किए जाते हैं। अस्पताल में आयुष्मान योजना के लाभार्थी के डायलिसिस भी कैशलेस किए जाते हैं। अस्पताल में राज्य कर्मचारियों/पेंशनरों का ईलाज आरजीएचएस योजना के अंतर्गत कैशलेस किया जाता है। विभिन्न प्राइवेट बीमा योजना के लाभार्थी का ईलाज भी कैशलेस किया जाता है। इसके अतिरिक्त रेलवे कर्मचारियों/ ECHS के तहत आने वाले कर्मचारियों का ईलाज भी चिकित्सालय में कैशलेस किया जाता है। यह चिकित्सालय श्रीगंगानगर जिले का NABH में पंजीकृत होने वाला पहला चिकित्सालय है।

Near Indra Circle, Suratgarh- 335804 (Raj.)

Ph. 01509-225511/12/13/14,
M: 97832-25511, 99299-70101

क्षण मरता जाता है कि समय जिए। व्यक्ति को मरते रहना चाहिए कि विराट जी सके। - जैनेंद्र कुमार

संपादकीय

दीपावली पर दिखता आशावाद

दीपावली सभवतः हमारे देश में सर्वाधिक लोकप्रिय, महत्त्वपूर्ण और सबसे ज्यादा स्वीकार्य पर्व है। जहां एक तरफ इसकी धार्मिक महत्ता है तो दूसरी तरफ यह घरों, व्यापारिक संस्थानों व बड़े कॉर्पोरेशनों की नवीनीकरण का भी अवसर होता है। कहने की जरूरत नहीं कि करवाचौथ से लेकर भाई दूज तक का यह करीब एक सप्ताह का पर्व देश की आर्थिक स्थिति को मजबूत करने का सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण अवसर भी है। विगत कुछ वर्षों के दौरान हमारे देश में देश की प्राचीन संस्कृति और सभ्यता के पुनर्जागरण का दौर चला है। यह एक शुभ संकेत है। चूंकि यह देश पहले सैंकड़ों वर्षों तक मुगलों और अंग्रेजों की गुलामी झेल चुका था, इसलिए (कदाचित स्वभाविक रूप से) हमारे समाज में भावनात्मक संज्ञाशून्यता पसर गई थी।

सम्भवतः कई दशकों के बाद विगत कुछ वर्षों में हमने सर्वव्यापी सुखद बदलाव देखे हैं। सम्भवतः कुछ दुराग्रही लोगों को यह बदलाव नजर नहीं आ रहा है, लेकिन हम छोटे-बड़े बाजारों, घर-परिवारों व अन्य छोटी बड़ी संस्थाओं के भीतर जाकर जायजा लेंगे तो पता लगेगा कि बहुत तेजी से देश में यह सांस्कृतिक क्रांति (रिनान्सा या बदलाव) दिखाई दे रही है। देश में सैंकड़ों वर्षों से कुछ अंग्रेजी परस्त लोगों और स्वयंभू बुद्धिजीवियों ने हर भारतीय संस्कार, परम्परा और नैतिक मूल्यों का मजाक ही उड़ाया है। बाहर के किसी भी देश में कैसे भी अजीबोगरीब घटनाएं या आयोजन होते हों, हम भारतीय न केवल उनके प्रशसंक बल्कि उन्हें अपनाने वाले 'प्रगतिशील' लोग बन जाते हैं। हमें दशहरा, रक्षा बंधन, दीपावली आदि आदि धार्मिक त्योहारों या नवरात्रों आदि के वास्तविक और गूढ़ संदर्भों का भले ही पता न हो, लेकिन हम ईसाइयों के क्रिशमश दिवस और ईद आदि पर अपने उदार व्यवहार का सार्वजनिक प्रदर्शन करने से कभी नहीं चूकते।

ऐसे पथविचलित लोगों से यह पूछना चाहिए कि आप तो उन्हें उनके त्योहारों पर बधाई देते हैं, लेकिन कभी भी उन समुदायों के लोगों ने आपको अपने ऐसे बड़े पर्व पर शुभकामनाएं देते हुए पाया है? जहां हम सभी विचारधाराओं का सम्मान करते हैं वहीं अपने ही तीज-त्योहारों, पर्वों व दिवसों का स्मरण भी नहीं रख पाते हैं। इस विशाल देश के विभिन्न क्षेत्रों में अलग-अलग पर्व, तीज-त्योहार, मेले व अन्य आयोजन होते हैं। भारतीय समाज सैंकड़ों नहीं हजारों वर्षों से सामूहिक तौर पर तरह-तरह के आयोजन करता है। इससे एक समाज के भीतर और विभिन्न समाजों के बीच भी मधुर संबंध और सौहार्द की भावना स्पष्ट दिखाई देती है। आज की पीढ़ी के भारतीयों को बीते वर्षों के उन सामुदायिक पर्वों के उल्लास व उमंग का अहसास तक नहीं होगा। आज भले ही भारतीय तीज त्योहारों में नाटकीयता या अलकृतियां आ गई हों, लेकिन जब कभी हम ऐसे दिवसों को मनाने के बारे में अपने बुजुर्गों से पूछेंगे तो इनकी सार्थकता का अनुभव होगा। हमारे समाज का सामूहिक विकास और परिष्कार इसी तर्ज पर हुआ है।

दुनिया को कोई भी सजग और दूरन्देशी समाज जब अपनी समृद्ध परम्पराओं, मूल्यों को इस तरह त्यागने लगता है - जैसा हम इन दिनों कर रहे हैं - तो समझ लो वह स्वयं अपनी ही जड़ों को काटने का अमंगल व विनाशकारी कृत्य कर रहा है। हमारा दुर्भाग्य है कि हमने मूगलों व अंग्रेजों के शासन काल में अपनी सैंकड़ों व हजारों वर्ष पुरानी अपनी गरिमापूर्ण सभ्यता व सस्कृति के विभिन्न पक्षों को एक हीन भावना के साथ त्याग दिया। संभव है कि समय के साथ-साथ हमारी कुछ गतिविधियों या तौर-तरीकों में विकृति आ गई होगी -लेकिन इसका यह अर्थ कदापि नहीं है कि हम अमृत को जहर और जहर को अमृत मान बैठें। एक अंग्रेज लॉर्ड मैकाले ने माना था कि गुलाम भारत के लोगों को अंग्रेजी भाषा और अंग्रेजी सभ्यता की श्रेष्ठता और भारतीय भाषाओं व सभ्यता/संस्कृति को हेय बताया जाए। अंग्रेजों ने ऐसा ही किया और हमारे ही देश के मुट्ठी भर कथित बड़े, कथित प्रभावशाली लोगों ने आम भारतवासी को सब कुछ गलत बताया-पढ़ाया। भारतीय सभ्यता और संस्कृति को अपनाने पर उन्हें अंधविश्वासी और पिछड़ा बताया। इससे हमारे देश में लगातार हीनता और नैराश्य का वातावरण बनता गया।

इन सब को भुलाकर अब हम विगत 12 वर्षों की अवधि को देखें, जहां से भारत की नवीन और सकारात्मक जनभावना का शुभारंभ हुआ। आज के भारतवासी शनैः-शनैः अपने गौरवशाली अतीत को पढ़ने, देखने और समझने लग गये हैं। भले ही यह शुरूआत हो लेकिन पुरानी कहावत है - शुरूआत हो गई तो समझो आधा रास्ता तय हो गया (वैल बिगिन इज हाफ डन)। अतः इस वर्ष के दीपावली पर्व पर पूरे देश में सकारात्मक, उल्लासपूर्ण, उमंग भरे आशावादी वातावरण को देखते हुए हम एक मंगलमयी और वैभवपूर्ण भारत की परिकल्पना को साकार होता हुआ देख सकते हैं। कथित बुद्धिजीवी भारतीय ऐसे त्यौहारों पर मचने वाले शोर पर अपनी छाती कूटते हैं, जबकि तथ्य बताते हैं कि दीपावली के दिन पटाखों आदि की वजह से शोर का जो भी दावा किया जा रहा है वह बिल्कुल गलत है। तथ्यों के अनुसार दीपावली के दिन पटाखों का शोर सामान्य दिनों से एक-दो प्रतिशत ही ज्यादा रहता है। यह भी तथ्य सामने आया है कि देश में शोर का सबसे बड़ा कारण औद्योगिक शोर है। इसके बाद में वाहनों द्वारा मचाया गया शोर शामिल होता है। इसलिए अच्छा होगा कि भारतीय परम्पराओं के विरोधी लोग ऐसे असली कारणों पर चिंता जताएं।

विनीता परमार के प्रयोगात्मक संस्मरण 'उन पेड़ों की याद' पर एक दृष्टि

पेड़ों की स्मृतियों में जीवन, संस्कृति और सम्वेदना का संसार

लेखिका परिचय



विनीता परमार का जन्म बिहार में हुआ। वे कहानीकार, संस्मरणकार एवं पर्यावरणविद् हैं। उनकी सात पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी हैं, जिनमें कहानी-संग्रह और संस्मरण प्रमुख हैं। उन्हें 'स्पंदन साहित्य गौरव सम्मान', 'पुरवाई कथा सम्मान' तथा 'कमलेश्वर स्मृति कहानी सम्मान' सहित अनेक साहित्यिक सम्मानों से सम्मानित किया जा चुका है। उनके लेखन में प्रकृति, पर्यावरण, संस्कृति और मानवीय संवेदनाओं का सुंदर समन्वय दिखाई देता है।

'उन पेड़ों की याद' लेखिका एवं पर्यावरणविद् विनीता परमार का सद्य प्रकाशित एक प्रयोगात्मक संस्मरण है। इस संस्मरण में पर्यावरण से जुड़ी हुई रोचक घटनाओं एवं जानकारियों को शब्दबद्ध किया गया है। इसमें पर्यावरण, आध्यात्म, संस्कृति और मानवीय संवेदनाओं को एक सूत्र में पिरोया गया है। यह केवल फल-फूल, वनबेलों एवं वृक्षों की कहानी नहीं, बल्कि उस गहरे संबंध की खोज है जो मनुष्य और प्रकृति के बीच सदियों से मौजूद है।

गुडहल: शक्ति-मंगल का प्रतीक

'गुडहल में फूल आ ही जाते हैं' अध्याय में वे गुडहल के इतिहास, सांस्कृतिक महत्व और आयुर्वेद में उसकी उपयोगिता पर अपनी बात रखती हैं। गुडहल को भारतीय परंपरा से जोड़ते हुए विनीता इसे शक्ति और मंगल का प्रतीक मानती हैं, जहाँ काली का रक्तवर्ण और दुल्हन की लाल चुनर दोनों लाल हैं।

शहतूत-कटहल की स्मृतियाँ

'शहतूत' के विवरण में उसके आकार, फलों के रंग और स्वाद तथा बच्चों द्वारा उसके नीचे गिरने का इंतजार करने और हाथों के बैंगनी हो जाने का उल्लेख मिलता है। कहीं वे दार्शनिक हो जाती हैं। यह कहते हुए कि शहतूत का पेड़ झुकता है और झुकना कमजोरी नहीं है।

'कटहल का कोआ' में विनीता कटहल की गंध को 'विस्फोट' एवं 'न माँगी, न बुलाई' की संज्ञा देती हैं। कटहल के पेड़ से बने फर्नीचर, दरवाजे और वाद्ययंत्रों की जानकारी देते हुए वह उसकी बहुउपयोगिता का वर्णन करती हैं।

पीपल: ऊर्जा, चेतना और आस्था का प्रतीक

'पीपल के तले' के प्रसंग में विनीता की चीजों को परखने की क्षमता का पता चलता है। उदाहरण के लिए, खंडहरों में टूटी हुई इमारत के पास स्थित पीपल के पेड़ की जड़ें पत्थरों को चीरकर निकलती हैं, जहाँ पत्थर टूट जाता है लेकिन जड़ें नहीं टूटतीं।

इस संस्मरण में कई जगहों पर विनीता



परमार का कवि-मन जागृत होता है; मसलन-

तने पर अक्सर सिंदूर के निशान होते हैं /
लाल गहरे तो कहीं-कहीं धुंधले /
किसी ने आज लगाया /
किसी ने बरसों पहले /
लोग आते हैं, हाथ जोड़ते हैं,
माथा टेकते हैं /
तन चुपचाप, निर्विकार सब देखता है।

विनीता परमार जहाँ एक ओर पीपल को गाँव की पश्चिम दिशा में स्थापित उसके देवत्त्व के रूप में चित्रित करती हैं, वहीं दूसरी ओर उसे जीवन के अदृश्य चौकीदार की संज्ञा देती हैं।

पीपल का वृक्ष केवल एक प्राकृतिक इकाई नहीं, बल्कि ऊर्जा, चेतना और आध्यात्मिकता का प्रतीक है।

अमरूद और आम : स्वाद के साथ जीवन-दर्शन

'वह अमरूद का पेड़' अध्याय में अमरूद के पेड़ के पत्तों के खुरदरेपन की तुलना दादी के खुरदरे हाथों से करते हुए लेखिका कहती हैं कि यह खुरदरापन किसी कठोरता का नहीं, बल्कि अपनेपन का अहसास दिलाता है; ठीक वैसे ही जैसे दादी के सख्त हाथ जब सिर पर फिरते हैं, तो दुनिया की सबसे मुलायम चीज लगने लगते हैं। अमरूद के बारे में विनीता जी कहती हैं, 'शायद यही फर्क है कि जो प्रेम में पला हो, जो मिट्टी से जुड़ा हो और जिसने धूप-बारिश झेली हो, उसमें एक अलग ही स्वाद होता है।' मुझे लगता है कि यह उक्ति मनुष्यों पर भी लागू होती है।

'फलों का राजा आम' को पढ़ते ही गर्मियों की छुट्टियाँ और आम खाते समय कपड़ों पर रस टपकने की बचपन की यादें ताजा हो उठती हैं। इस अध्याय में आम की किस्मों और उसकी मिठास सहित इससे जुड़ी कई बातों का सुंदर विवरण है। आम के पेड़ की पत्तियों, बौर और उसकी खुशबू का वर्णन इस तरह किया गया है, मानो हम आम पर बना कोई वृत्तचित्र देख रहे हों।



डॉ. संतोष अलेक्स
कोच्चि

कैरी, जो कच्चा आम है, उसका नमक-मिर्च के साथ खाना बचपन की ओर लौटना भी है। टिकौरों को छीलने के लिए उपयोग की जाने वाली 'सितुआ' और उसे तैयार करने की जानकारी काफी रोचक है। विनीता ने आम को भारतीय संस्कृति, शासकों एवं कवियों के साथ जोड़ा है। भारत में मांगलिक कार्यों में आम के पत्तों की तोरण बनाई जाती है। उसे दरवाजे पर शुभता के प्रतीक के रूप में बाँधा जाता है। मुगल बादशाह अकबर ने दरभंगा में एक लाख आम के पेड़ लगवाए थे। कालिदास के 'मेघदूत', 'कुमारसंभव' एवं 'ऋतुसंहार' में आम का पेड़ किसी न किसी रूप में उपस्थित है। इस अध्याय की एक विशिष्टता 'बीजू आम' के बारे में दी गई विस्तृत जानकारी है, जो उनके पर्यावरणविद् होने की बात को पूरी तरह सिद्ध करती है।

इमली-स्मृतियों का क्षरण

'इमली के पेड़' के संस्मरण में पेड़ का गाँव से अदृश्य होने की पीड़ा को उकेरा गया है। कभी गाँव के हर कोने में एक इमली का पेड़ होता था, वहाँ अब कंक्रीट की इमारतें खड़ी हो गई हैं, जो केवल पेड़ों का नुकसान मात्र नहीं है, बल्कि हमारी संस्कृति एवं स्मृतियों का भी ह्रास है। इस संस्मरण की एक और खासियत इसमें विनीता द्वारा बनाए गए 27 चित्र हैं, जो बहुत ही सुंदर एवं आकर्षक हैं। कहा जा सकता है कि विनीता परमार सत्ताईस फल-फूल, वनबेलों एवं वृक्षों के माध्यम से पाठकों को एक नई दुनिया की ओर ले चलती हैं। भाषा प्रवाहमयी है। यह पुस्तक पाठकों को न केवल पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करती है, बल्कि उन्हें अपने भीतर और प्रकृति के साथ गहरे जुड़ाव को महसूस करने के लिए भी प्रेरित करती है।

दो बार ब्रेस्ट कैंसर से जूझीं, फिर भी बनीं उद्यमी और समाजसेवा की प्रेरणा

कैंसर को हराकर विनीता ने लिखी नई कहानी

जिंदगी हमेशा हमारे मन मुताबिक नहीं चलती, लेकिन कुछ लोग मुश्किलों को अपनी ताकत बनाकर नई मिसाल कायम करते हैं। जयपुर की सामाजिक कार्यकर्ता और उद्यमी विनीता सोमानी ऐसी ही प्रेरणादायक शख्सियत हैं, जिन्होंने दो बार ब्रेस्ट कैंसर जैसी गंभीर बीमारी का सामना किया और हर बार हिम्मत के साथ वापसी की।

कैंसर से संघर्ष और शुरूआत

वर्ष 2010 में 26 साल तक गृहिणी की जिम्मेदारी निभाने के बाद विनीता को पहली बार ब्रेस्ट कैंसर का पता चला। बीमारी की खबर ने उन्हें झकझोर दिया, लेकिन परिवार के सहयोग और आत्मविश्वास के बल पर उन्होंने कीमोथेरेपी, रेडियोथेरेपी और शारीरिक-मानसिक चुनौतियों का सामना किया। करीब दो साल के संघर्ष के बाद उन्होंने कैंसर को मात दी। इस अनुभव ने उनके जीवन की दिशा बदल दी। उन्होंने अपने खाना बनाने के शौक को पहचान दी और एपेटाइट की शुरूआत की। घर से शुरू हुआ यह प्रयास धीरे-धीरे कुकिंग क्लासेज और उद्यम में बदल गया। उनके कार्य को प्रसिद्ध शेफ संजीव कपूर सहित कई संस्थाओं ने सम्मानित किया।

शौक से बनी उद्यमी

विनीता ने गुरुग्राम आधारित 'स्कूल ऑफ बेकरी एंड कलिनरी आर्ट' की जयपुर शाखा शुरू की, जहां युवाओं और महिलाओं को बेकिंग का प्रशिक्षण दिया जाता है। उनका मानना है कि हुनर किसी डिग्री या उम्र का मोहताज नहीं



होता। इच्छाशक्ति हो तो हर परिस्थिति में नई शुरूआत की जा सकती है। कोविड काल में भी उन्होंने सामाजिक जिम्मेदारी निभाते हुए जरूरतमंदों और मरीजों के लिए भोजन की व्यवस्था की तथा ऑनलाइन कुकिंग कक्षाओं के माध्यम से खुद को सक्रिय रखा।

दूसरी बार भी नहीं टूटा हौसला

कुछ वर्षों बाद कैंसर ने दोबारा दस्तक दी। इस बार भी उन्होंने उपचार के दौरान सकारात्मक सोच बनाए रखी। बीमारी से मिले अनुभवों को साझा करने के लिए उन्होंने 'आपबीती' नाम से पहल शुरू की, ताकि संघर्ष कर रहे लोगों को प्रेरणा मिल सके। इसके अलावा 'अर्पण' पहल के माध्यम से उन्होंने पारंपरिक आयोजनों से जुड़ी सेवाओं को मंच दिया और 'अर्पण पर्व क्लब' के जरिए त्योहारों को सामूहिक रूप से मनाने की पहल की।

जीवन के प्रति सकारात्मक संदेश

उपचार के दुष्प्रभावों से घुटनों में परेशानी होने के बाद उन्होंने दोनों घुटनों का प्रत्यारोपण भी करवाया, लेकिन सक्रिय जीवन जारी रखा। विनीता कहती हैं कि कैंसर उनकी पहचान का केवल एक हिस्सा है, पूरी पहचान नहीं। राष्ट्रीय कैंसर जागरूकता दिवस पर उनकी कहानी संदेश देती है कि समय पर जांच, उपचार और सकारात्मक सोच से गंभीर बीमारी को भी मात दी जा सकती है। उनका कहना है कि जीवन में आने वाली चुनौतियां हमें तोड़ने के लिए नहीं, बल्कि अपनी क्षमता पहचानने का अवसर देने आती हैं।

'कलार-ढूंगरे' व्यवस्था, जो अकाल में बचाती थी पशुधन



पश्चिमी राजस्थान के सीमांत क्षेत्रों में गोवंश के सामने चारे और पानी का संकट गहराता जा रहा है। बाड़मेर और जैसलमेर के कई इलाकों में कम बारिश और सूखे हालात के कारण पशुपालकों के लिए पशुधन का पालन चुनौती बनता जा रहा है। ऐसे समय में रेगिस्तान की पुरानी पारंपरिक व्यवस्था 'कलार और ढूंगरे' एक बार फिर चर्चा में आ गई है, जो कभी अकाल से निपटने का मजबूत आधार हुआ करती थी।

स्थानीय लोगों के अनुसार पश्चिमी राजस्थान में वर्षा की अनिश्चितता और बार-बार आने वाले अकाल को देखते हुए ग्रामीण पहले से तैयारियां रखते थे। खेती के बाद बचने वाले चारे और अन्य उपयोगी सामग्री को विशेष तरीके से सुरक्षित रखा जाता था, ताकि सूखे के समय पशुओं के लिए भोजन की कमी न हो। कलार और ढूंगरे जैसी पारंपरिक संरचनाएं इसी व्यवस्था का हिस्सा थीं। इनमें चारे को लंबे समय तक सुरक्षित रखने की व्यवस्था की जाती थी, जिससे कठिन परिस्थितियों में पशुधन को बचाया जा सके।

दो-तीन साल के संकट के लिए रखते थे तैयारी

बाड़मेर निवासी नारायण चौधरी बताते हैं कि पुराने समय में ग्रामीण अकाल को संभावित चुनौती मानकर चलते थे। पश्चिमी राजस्थान में कई बार लगातार बारिश नहीं होने से सूखे की स्थिति बन जाती थी। ऐसे में पूर्वज पहले से चारे का संग्रह कर लेते थे। उन्होंने बताया कि कलार और ढूंगरे जैसी व्यवस्थाओं से दो-तीन साल तक अकाल जैसी परिस्थितियों का सामना करने में मदद मिलती थी। इसका सबसे बड़ा लाभ यह था कि संकट के समय पशुओं के लिए चारा उपलब्ध रहता था और पशुपालकों की आजीविका भी बची रहती थी।

बदलती जीवनशैली से पीछे छूटी परंपरा

स्थानीय निवासी दिलीप डूडी के अनुसार पहले पशुधन ग्रामीण अर्थव्यवस्था का प्रमुख आधार था। इसलिए खेती के साथ पशुओं के लिए चारा सुरक्षित रखना भी जरूरी माना जाता था। समय के साथ खेती और पशुपालन के तरीकों में बदलाव आया और चारा संरक्षण की कई पारंपरिक विधियां धीरे-धीरे कम होती गईं।

तकनीक के साथ मिल सकता है समाधान

चारा संकट के बीच कलार और ढूंगरे जैसी पारंपरिक व्यवस्थाएं फिर उपयोगी साबित हो सकती हैं। विशेषज्ञों के अनुसार इन्हें आधुनिक चारा संरक्षण तकनीकों, वर्षा जल संचयन, चारागाह विकास और सामुदायिक चारा भंडारण व्यवस्था के साथ जोड़कर सूखे क्षेत्रों में पशुपालकों को बड़ी राहत दी जा सकती है। हालांकि इन पारंपरिक तरीकों की वास्तविक क्षमता और वैज्ञानिक प्रभाव का अध्ययन भी आवश्यक है।

शांत मन का रहस्य



एक बार महात्मा बुद्ध अपने प्रिय शिष्य आनंद के साथ एक वन से गुजर रहे थे। दोपहर की तेज धूप और लंबी यात्रा के कारण बुद्ध को प्यास लगी। उन्होंने आनंद से कहा, 'आनंद, पीछे एक पहाड़ी झरना था, वहां से थोड़ा पीने का पानी ले आओ।'

आनंद जब उस झरने के पास पहुंचा, तो उसने देखा कि कुछ ही देर पहले वहां से कुछ जंगली पशु भागते हुए निकले थे। उनके पैरों की वजह से झरने का पानी बहुत गंदा हो गया था, और उसमें कीचड़ व सड़े पत्ते तैर रहे थे। आनंद ने सोचा कि यह अशुद्ध पानी बुद्ध के पीने योग्य नहीं है। वह खाली हाथ लौट आया और बुद्ध से बोला, 'प्रभु, वहां का पानी बहुत गंदा है, हम आगे किसी नदी से पानी ले लेंगे।'

बुद्ध मुस्कुराए और बोले, 'तुम दोबारा जाओ और पानी लेकर आओ।' आनंद दुविधा में था, लेकिन गुरु की आज्ञा मानकर वह फिर से झरने पर गया। इस बार उसने देखा कि कुछ समय बीत जाने के कारण सारी मिट्टी और कीचड़ नीचे बैठ चुके थे और पानी बिल्कुल साफ और कांच जैसा चमक रहा था। आनंद खुशी-खुशी पानी लेकर लौट आया।

सीख: हमारा मन भी इस झरने की तरह है। जब मन में क्रोध, तनाव या दुविधा के कारण अशांति की मिट्टी घुल जाए, तो थोड़ा धैर्य रखना चाहिए। समय के साथ विचार स्वतः शांत और निर्मल हो जाते हैं।

गुमनाम गाँवों की कहानी : जहां लोग रहते हैं, लेकिन सरकारी रिकॉर्ड में नहीं

'मा झी-द माउंटेन मैन' और 'पेड्डी' जैसी फिल्मों ने देश के उन गांवों की हकीकत दिखाई है, जो विकास की मुख्यधारा से दूर हैं। ये कहानियां केवल दो गांवों की नहीं, बल्कि देश के हजारों ऐसे गांवों की स्थिति को दशार्ती हैं, जहां लोग रहते तो हैं, लेकिन सरकारी रिकॉर्ड में उनकी पहचान अधूरी है।

हजारों गांवों की नहीं है पहचान

केंद्रीय पर्यावरण एवं वन मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार देश में 4,526 ऐसे वन और बिना सर्वेक्षण वाले गांव हैं, जिन्हें अब तक पूरी प्रशासनिक पहचान नहीं मिल पाई है। इनमें 22 लाख से अधिक लोग रहते हैं। रिकॉर्ड में नाम नहीं होने के कारण ये गांव सरकारी योजनाओं, जमीन के अधिकार, पहचान पत्र और मूलभूत सुविधाओं से वंचित रह जाते हैं। ओडिशा का डुटेलगुडा, तेलंगाना के कुमारिकुंटा और सोनापुर जैसे गांव इसके उदाहरण हैं। यहां लोग दशकों से रह रहे हैं, लेकिन राजस्व रिकॉर्ड में इनका अस्तित्व दर्ज नहीं है। ऐसे क्षेत्रों में सड़क, बिजली, स्कूल और स्वास्थ्य सुविधाओं की कमी आम समस्या है।



वन गांवों की संख्या मध्य प्रदेश में

सरकारी आंकड़ों के अनुसार मध्य प्रदेश में सबसे अधिक 1,165 वन गांव हैं। इनमें से कई को राजस्व गांव का दर्जा देकर मुख्यधारा से जोड़ा गया है। असम में भी बड़ी संख्या में वन गांव हैं। वहीं कई राज्यों में वन अधिकार कानून के तहत कुछ बस्तियों को मान्यता देने की प्रक्रिया जारी है।

रिकॉर्ड से बाहर रहने की समस्याएं

प्रशासनिक पहचान न होने से ग्रामीणों को जमीन का मालिकाना हक, निवास प्रमाण पत्र, सरकारी योजनाओं और राजनीतिक प्रतिनिधित्व जैसी सुविधाएं प्राप्त करने में कठिनाई होती है। कई स्थानों पर वन विभाग और राजस्व विभाग के अधिकार क्षेत्र के बीच तालमेल की कमी भी समस्या को बढ़ाती है।

क्यों खाली हो रहे हैं गांव

देश में हजारों गांव ऐसे भी हैं जिनकी आबादी शून्य हो चुकी है। मिशन अंत्योदय के अनुसार करीब 27,952 गांव वीरान घोषित किए गए हैं। गांव खाली होने के पीछे पलायन, शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाओं की कमी, खराब सड़क व्यवस्था, रोजगार के सीमित अवसर, प्राकृतिक आपदाएं और कृषि संकट जैसे कारण प्रमुख हैं।

विकास की दौड़ में पीछे छूटते लोग

स्कूल, अस्पताल और रोजगार के अवसरों की कमी युवाओं को शहरों की ओर जाने के लिए मजबूर करती है। खेती से घटती आय और प्राकृतिक परिस्थितियां भी पलायन बढ़ाती हैं। परिणामस्वरूप कई गांव धीरे-धीरे वीरान हो जाते हैं। इन गुमनाम गांवों की कहानी यह सवाल उठाती है कि विकास केवल आंकड़ों तक सीमित नहीं होना चाहिए। जब तक देश के अंतिम व्यक्ति तक पहचान, अधिकार और सुविधाएं नहीं पहुंचतीं, तब तक समावेशी विकास का लक्ष्य अधूरा रहेगा।

कांग्रेस ने मनरेगा शुरू करवाई, अब केंद्र सरकार धीरे-धीरे बंद करने में लगी : जांगिड

सीमा सन्देश # सादुलशहर



पंचायत राज चुनाव के मद्देनजर गांव बुधसिंहवाला, छापांवाली सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में पूर्व विधायक जगदीश चंद्र जांगिड ने विकास के नाम पर कांग्रेस प्रत्याशियों के लिए नुक्कड़ सभाओं को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की तत्कालीन केंद्र एवं राज्य सरकारों ने विकास के आयाम स्थापित किए। गरीब, असहाय परिवारों के लिए रोजगार गारंटी अधिनियम लागू कर मनरेगा शुरू करवाई, जबकि अब केंद्र सरकार लगातार मनरेगा को बंद करने का कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि तत्कालीन अशोक गहलोत सरकार ने एक साथ राजस्थान के माध्यमिक विघालयों को सीनियर स्कूल में क्रमोन्नत किया। यही नहीं उन्होंने सादुलशहर विधानसभा क्षेत्र के चार नए सरकारी कॉलेज, एक आईटीआई संस्थान स्थापित करवाया। गरीब एवं सामान्य परिवारों के बच्चों को भी इंग्लिश मीडियम की शिक्षा की सुविधा हासिल हो, इसके लिए राजकीय महात्मा गांधी सीनियर स्कूल खुलवाए गए, जबकि वर्तमान भाजपा की राज्य सरकार इन स्कूलों को धीर-धीरे बंद कर रही है। उन्होंने कहा कि 2028 में कांग्रेस फिर बहुमत से राजस्थान में सरकार बनाएगी और किसान, किसानी को बचाने के लिए भाखडा प्रोजेक्ट की सभी वितरिकाओं में एक के स्थान पर दो-दो बारियां पानी की किसानों को दिलाई जाएगी। उन्होंने जिला परिषद प्रत्याशी प्रदीप कौर, पंचायत समिति डायरेक्टर प्रत्याशी कर्मजीत कौर के पक्ष में वोट डालने की अपील की। पंचायत समिति प्रधान निशान सिंह संधू, कांग्रेस के नेता करणी सिंह बराड, बूटा सिंह बराड, पूर्व पंच रामवीर अठवाल, ओबीसी मोर्चा के प्रदेष उपाध्यक्ष परमप्रीत सिंह आदि ने भी विचार रखे। ग्रामीणों ने पूर्व विधायक जगदीश चंद्र जांगिड सहित जनप्रतिनिधियों, प्रत्याशियों का माला पहनाकर स्वागत किया।

सूरतगढ़ : माहेश्वरी प्रीमियर लीग का आगाज आज से

सीमा सन्देश # सूरतगढ़। शहर में माहेश्वरी समाज के युवाओं की खेल प्रतिभा को निखारने और आपसी एकजुटता बढ़ाने के लिए आयोजित होने वाली माहेश्वरी प्रीमियर लीग (एमपीएल) के छठे सीजन का शुभारंभ गुरुवार को शाम साढ़े 6 बजे सैनी धर्मशाला के पीछे निर्माणाधीन नगरपालिका पार्क में होगा। श्री माहेश्वरी सेवा सदन समिति, महिला मंडल व नवयुवक संघ के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस समारोह की अध्यक्षता समिति अध्यक्ष कमल कोठारी करेंगे।

मुख्य अतिथि नगरपालिका अध्यक्ष ज्योति कंवर होंगी। विशिष्ट अतिथियों में सुरेंद्र राठौड़, पवन कुमार सोमानी, भंवरलाल लखोटिया, एडवोकेट बाबूलाल चांडक और ओमप्रकाश झंवर शामिल रहेंगे। कमल झंवर, पवन कोठारी, पवन सोमानी, रोहित नढ़ानी, अमित झंवर, सूर्यप्रकाश कोठारी व सीए मनीष सोनी इस आयोजन की तैयारियों में जुटे हैं। आयोजकों ने बताया कि इस प्रतियोगिता से युवाओं को प्रतिभा दिखाने और समाज में भाईचारा मजबूत करने का अवसर मिलेगा।

पंचायतीराज चुनाव : मुकलावा पुलिस ने निकाला फ्लैग मार्च



सीमा सन्देश # कीकरवाली। पंचायत राज चुनावों के मद्देनजर आमजन में सुरक्षा का विश्वास कायम रखने के लिए बुधवार को थाना प्रभारी हेमलता शर्मा के नेतृत्व में पुलिस ने मुकलावा, झोटांवाली, 3 एमके, डाबला, 16पीएस, रामावाली, कुम्हारवाली, गंगूवाला और कीकरवाली आदि गांवों में दो दर्जन जवानों के साथ फ्लैग मार्च निकाला।

थाना प्रभारी शर्मा ने बताया कि इस मार्च का उद्देश्य ग्रामीणों को बिना किसी भय के स्वतंत्र होकर मतदान करने के लिए प्रेरित करना और कानून-व्यवस्था बनाए रखना है। भारी पुलिस बल को देखकर ग्रामीणों में चर्चा शुरू हो गई, जिससे लोगों को प्रशासन की मुस्तैदी की जानकारी मिली।

गुरुद्वारा सिंहसभा में विधिक साक्षरता शिविर आयोजित



सीमा सन्देश # सूरतगढ़। विधिक सेवा दिवस पर तालुका विधिक सेवा समिति के तत्वावधान में गुरुद्वारा सिंह सभा में विधिक साक्षरता शिविर आयोजित किया गया। शिविर में पैरा लीगल वॉलंटियर राजेश पारीक ने उपस्थित नागरिकों को कानूनी अधिकारों व विधिक सेवाओं के प्रति जागरूक किया। आमजन को निःशुल्क विधिक सहायता, राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी दी गई। साथ ही लोक अदालत, मध्यस्थता प्रक्रिया तथा जरूरतमंद एवं व व्यक्तियों को उपलब्ध करवाई जाने वाली कानूनी सहायता के बारे में विस्तार से बताया गया। शिविर में बताया गया कि देश के प्रत्येक नागरिक को समान रूप से न्याय प्राप्त करने का अधिकार है। आर्थिक कमजोरी व अन्य किसी प्रकार की असमर्थता न्याय की राह में बाधा नहीं बननी चाहिए। जरूरतमंद व्यक्ति विधिक सेवा संस्थाओं के माध्यम से निःशुल्क कानूनी सहायता प्राप्त कर सकते हैं। वक्ताओं ने आमजन से अपने कानूनी अधिकारों के प्रति सजग रहने व आवश्यकता पड़ने पर विधिक सेवा संस्थाओं का लाभ उठाने का आह्वान किया गया।

सभापति प्रतिनिधि ने सड़क निर्माण कार्य का निरीक्षण किया



सीमा संदेश # सरदारशहर। शहर के वार्ड नंबर 48 में चल रहे सड़क निर्माण कार्य का सभापति प्रतिनिधि राकेश टाक ने मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने निर्माण कार्य की प्रगति का जायजा लेते हुए सड़क निर्माण में उपयोग की जा रही सामग्री की गुणवत्ता परखी। निरीक्षण के दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों एवं निर्माण कार्य से जुड़े जिम्मेदारों को स्पष्ट निर्देश दिए कि सड़क निर्माण में गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने निर्धारित समय सीमा में निर्माण कार्य पूरा करने तथा तकनीकी मानकों का पूरी तरह पालन सुनिश्चित करने की हिदायत दी। राकेश टाक ने कहा कि शहर के प्रत्येक वार्ड में आधारभूत सुविधाओं का विकास प्राथमिकता है। गुणवत्तापूर्ण सड़क निर्माण से आमजन को आवागमन में सुविधा मिलेगी तथा दुर्घटनाओं की आशंका भी कम होगी। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों की नियमित निगरानी की जाएगी, ताकि नागरिकों को बेहतर सुविधाएं मिल सकें। इस अवसर पर पार्षद प्रतिनिधि विकास राक्सिया, ओमप्रकाश सारण सहित वार्ड के अनेक लोग मौजूद रहे।

भैया दूज पर हुआ आध्यात्मिक आयोजन



सीमा सन्देश # रतनगढ़। शहर के होलीधोरा स्थित प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय सेवा केंद्र पर सोमवार को भैया दूज पर्व श्रद्धा से मनाया गया। पालिका उपाध्यक्ष सरिता प्रजापत के मुख्य आतिथ्य और पार्षद रामदेवी, कृष्णा गुर्जर व कौशल्या देवी की विशिष्ट उपस्थिति में कार्यक्रम हुआ। केंद्र संचालिका बीके सुप्रभा ने पर्व को आत्मा-परमात्मा के संबंध का प्रतीक बताया। अतिथियों ने सभी का तिलक लगाकर स्वागत किया। इस दौरान एडवोकेट टेकचंद कटारिया, बाबूलाल सैनी, तेजपाल गुर्जर, सुशीला प्रजापत, कांता शर्मा व दीपिका प्रजापत सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

विश्वकर्मा जयंती पर विश्वकर्मा भवन में तीन दिवसीय समागम श्रद्धापूर्वक सम्पन्न

हजारों श्रद्धालुओं ने गुरबाणी कीर्तन का लिया आनंद, संतों ने नशामुक्ति दिया संदेश

सीमा सन्देश # पदमपुर



बाबा विश्वकर्मा जयंती के उपलक्ष्य में विश्वकर्मा भवन में आयोजित तीन दिवसीय समागम का समापन श्रद्धा और उल्लास के साथ हुआ। रामगढ़िया विश्वकर्मा सेवा समिति की ओर से आयोजित इस समागम में हजारों श्रद्धालुओं ने श्री गुरु ग्रंथ साहिब के समक्ष नतमस्तक होकर सत्संग और कीर्तन का आनंद लिया। भाई गुरनाम सिंह रामा मंडी वाले (पंजाब), संत बाबा भरपूर सिंह शेखा झूलर (पंजाब), हेड ग्रंथी राजवीर सिंह पदमपुर, बाबा गुरप्रीत सिंह हनुमानगढ़, हजूरी रागी जत्था कुलदीप सिंह दीपक, गगनदीप सिंह और संदीप सिंह सहित विभिन्न कीर्तनी जत्थों ने गुरबाणी का गायन किया। श्रद्धालुओं से नशे से दूर रहने, सत्य के मार्ग पर चलने और मानवता की सेवा करने का आह्वान किया गया। वक्ताओं ने कहा कि मानव जीवन अनमोल है, इसलिए व्यक्ति को सदैव सकारात्मक सोच रखते हुए दूसरों के प्रति प्रेम, सम्मान और समर्पण का भाव रखना चाहिए। साथ ही किसी की निंदा और बुराई से बचते हुए धर्म-कर्म के कार्यों में रुचि रखनी चाहिए। समिति के सेवादारों प्यारासिंह कलसी, गुरमेल सिंह धौसी, नक्षत्र सिंह कलसी, दर्शन सिंह कलसी, संतोष सिंह मुटियार, हरदीप सिंह कलसी, कुलदीप सिंह झोइट, सुखदेव सिंह चानी, परमजीत सिंह झोइट, बिन्दर सिंह गिल, जगतार सिंह दंदीवाल, जिन्दर सिंह घडियाल और स्वर्ण सिंह (बिट्टू) सहित अन्य सेवकों ने महापुरुषों को गुरु घर का सरोपा भेंट कर सम्मानित किया।

खोथांवाली के युवा सरपंच सूर्य प्रकाश सहारण ने संभाला पदभार

उपसरपंच व पंचों ने भी शपथ ली, विकास व नशामुक्ति पर रहेगा फोकस

सीमा सन्देश # कैंचियां। समीपवर्ती ग्राम पंचायत खोथांवाली के नवनिर्वाचित युवा सरपंच सूर्य प्रकाश सहारण ने बुधवार को विधि-विधान के साथ पदभार ग्रहण किया। इस अवसर पर पंचायत भवन में शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया, जिसमें सरपंच के साथ उपसरपंच और वार्ड पंचों ने भी शपथ ली। समारोह में शास्त्री चुन्नीलाल शर्मा ने विधि-विधान के साथ सरपंच सूर्य प्रकाश सहारण को पदभार ग्रहण करवाया। कार्यक्रम में ग्राम विकास अधिकारी सुनील सोलंकी, कंप्यूटर ऑपरेटर विजय पूनिया, समाजसेवी दौलतराम खोथ, पूर्व सरपंच राजेंद्र सिंह थोरी, प्रेम पूनिया सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। इसके अलावा 36 एमओडी कैंचियां के नवनिर्वाचित सरपंच सुभाष बारूपाल, 47 एलएलडब्ल्यू सिंहपुरा



के सरपंच लोकेश कुमार, मनफूल सहारण, ओमप्रकाश सहारण, निर्मल बराड़, इंद्रजीत सहारण, राजू सहारण, रामेश्वर लाल सहारण, पूर्व सरपंच रामप्रताप थोरी, हंसराज सहारण, वेदप्रकाश थोरी और भूपेंद्र सिंह सहित अन्य गणमान्य लोगों ने कार्यक्रम में भाग लिया। पदभार ग्रहण करने के बाद सरपंच सूर्य प्रकाश सहारण ने कहा कि ग्रामीणों ने उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी है, उसे वह पूरी ईमानदारी और निष्ठा के साथ निभाएंगे।

उन्होंने कहा कि गांव में विकास कार्यों को गति देना उनकी प्राथमिकता रहेगी। साथ ही युवाओं को नशे से दूर रखने और गांव में नशे के बढ़ते प्रचलन पर अंकुश लगाने के लिए प्रभावी प्रयास किए जाएंगे। उन्होंने ग्रामीणों से पंचायत के विकास में सहयोग की अपील की।

विकास को प्राथमिकता देंगी सुखप्रीत कौर मान

सीमा सन्देश # खाजूवाला। ग्राम पंचायत 8 केवाईडी में नवनिर्वाचित सरपंच सुखप्रीत कौर मान ने कार्यभार ग्रहण किया। 8 केवाईडी से नैनुराम मेघवाल ने बताया कि इस अवसर पर नवनिर्वाचित सरपंच सुखप्रीत कौर ने कहा कि सबको साथ लेकर ग्राम पंचायत का सर्वांगीण विकास करवाया जाएगा। इस अवसर पर ग्रामीणों ने नवनिर्वाचित सरपंच को बधाई दी। इस दौरान नगरपालिका अध्यक्ष मंगल सिंह रामगढ़िया, पार्षद जगविंद्र सिंह, ग्राम विकास अधिकारी विनोद हटीला आदि उपस्थित रहे।

आचार्य तुलसी के संदेशों का किया स्मरण

सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर। तेरापंथ धर्मसंघ के नवम अनुशास्ता आचार्य श्री तुलसी के 113वें जन्म दिवस पर बुधवार को अणुव्रत दिवस मनाया गया। श्री जैन श्वेतांबर तेरापंथ सभा की ओर से जय भिक्षु प्रतिष्ठान-तेरापंथ भवन में दीपावली स्नेह मिलन समारोह आयोजित किया गया।

नरसिंहपुरा में जूनियर राज्य स्तरीय बॉल बैडमिंटन टूर्नामेंट

राजस्थान के विभिन्न जिलों की 40 टीमें लेंगी भाग, राष्ट्रीय चयन के लिए बनेगा मंच

सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर

राजस्थान बॉल बैडमिंटन एसोसिएशन की ओर से 19 वर्षीय बालक एवं बालिका वर्ग जूनियर राज्य स्तरीय बॉल बैडमिंटन प्रतियोगिता 2026-27 का आयोजन इस बार नरसिंहपुरा में किया जा रहा है। जिले के खेल जगत के लिए यह गौरव का विषय माना जा रहा है। जिला बॉल बैडमिंटन एसोसिएशन के अध्यक्ष सुधीर कुमार सिहाग ने बताया कि प्रतियोगिता में प्रदेशभर से बालक एवं बालिका वर्ग की कुल 40 टीमें भाग लेंगी। इनमें छात्र वर्ग की 22 और छात्रा वर्ग की 18 टीमें शामिल हैं। विभिन्न जिलों से पहुंचने वाली टीमें 12 से 14 नवंबर तक श्रीगंगानगर में रहकर राज्य स्तरीय मुकाबलों में अपना प्रदर्शन करेंगी। प्रतियोगिता का भव्य शुभारंभ 12 नवंबर को सुबह राजस्थान बॉल बैडमिंटन एसो. के महासचिव शौकत अली मंसूरी एवं कोषाध्यक्ष लक्ष्मीकांत शर्मा के कर-कमलों से किया जाएगा। इसके बाद तीन दिनों तक अलग-अलग जिलों की टीमों के बीच रोमांचक मुकाबले खेले जाएंगे। प्रतियोगिता का समापन 14 नवंबर को होगा।

राष्ट्रीय स्तर के लिए चयन का अवसर : उन्होंने बताया कि इस राज्य स्तरीय प्रतियोगिता का महत्व इसलिए भी अधिक है, क्योंकि इसमें उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों में से आगामी राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं के लिए चयन किया जाएगा। ऐसे में यह प्रतियोगिता युवा खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने और राज्य से राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचने का महत्वपूर्ण अवसर प्रदान करेगी। जिला बॉल बैडमिंटन एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने कहा कि श्रीगंगानगर को इस प्रतियोगिता की मेजबानी मिलना पूरे जिले के लिए सम्मान की बात है। इससे जिले में बॉल बैडमिंटन खेल को बढ़ावा मिलेगा और प्रदेशभर के खिलाड़ियों के बीच श्रीगंगानगर की खेल पहचान और मजबूत होगी।

खिलाड़ियों के ठहरने और व्यवस्थाएं पूरी

जिला एसोसिएशन के सचिव कुलदीप बिश्नोई ने बताया कि प्रतियोगिता को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। बाहर से आने वाले खिलाड़ियों और प्रशिक्षकों के ठहरने, भोजन और अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दिया जा चुका है। आयोजन स्थल पर खेल सुविधाओं और व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने के लिए लगातार कार्य किया गया है। सनसाइन एजुकेशन एकेडमी, नरसिंहपुरा मांझूवास को इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता की मेजबानी सौंपी गई है।

हनुमानगढ़-पटना स्पेशल ट्रेन के नियमित संचालन की उठी मांग

सूरतगढ़ में पटना स्पेशल ट्रेन का हुआ जोरदार स्वागत

सीमा सन्देश # सूरतगढ़। छठ पूजा के मद्देनजर हनुमानगढ़ से पटना के लिए शुरू की गई स्पेशल ट्रेन का सूरतगढ़ रेलवे स्टेशन पहुंचने पर नागरिक संघर्ष समिति (रेल) ने गर्मजोशी से स्वागत किया। इस ट्रेन के नियमित संचालन की मांग उठाई गई। संयोजक का. लक्ष्मण शर्मा, सचिव का. मदन ओझा, सुरजीत सिंह रैना व महावीर भोजक के नेतृत्व में हुए स्वागत समारोह के दौरान ट्रेन के पायलट जसकरण सिंह व सुनील कुमार तथा गार्ड बलवीर सिंह का माल्यार्पण किया गया व मिठाई भी खिलाई गई। संयोजक लक्ष्मण शर्मा ने कहा कि हनुमानगढ़ से पटना के लिए तीन फेरों की स्पेशल ट्रेन चलाना सराहनीय कदम है, लेकिन लंबी दूरी के यात्रियों की सुविधा के लिए इसका



नियमित संचालन होना चाहिए। सचिव मदन ओझा ने कहा कि संघर्ष समिति रेल पिछले 30-35 वर्षों से यात्री सुविधाओं के विस्तार के लिए संघर्षरत है। इसके नियमित होने से रेल प्रशासन को आर्थिक लाभ और यात्रियों को बड़ी राहत मिलेगी। इस दौरान साबुद्दीन गोरी, एडवोकेट राकेश नायक, एडवोकेट दीपक शीला, लक्षित, हुसैन मोहम्मद तेली व संजय सेतिया आदि उपस्थित रहे।

ट्रेन का शेड्यूल और ठहराव: रेलवे द्वारा गाड़ी संख्या 04737 हनुमानगढ़-पटना साप्ताहिक स्पेशल रेलसेवा 11 से 25 नवंबर तक तीन फेरों में संचालित की जा रही है। यह हर बुधवार को सुबह 10:30 बजे हनुमानगढ़ से चलकर अगले दिन शाम 7:30 बजे पटना पहुंचेगी। वापसी में गाड़ी संख्या 04738 पटना-हनुमानगढ़ साप्ताहिक स्पेशल 12 से 26 नवंबर तक तीन फेरों में संचालित होगी, जो प्रत्येक गुरुवार को रात 10 बजे पटना से चलकर शनिवार सुबह 9 बजे हनुमानगढ़ पहुंचेगी। यह ट्रेन पीलीबंगा, सूरतगढ़, लूनकरनसर, लालगढ़, बीकानेर, श्रीडूंगरगढ़, राजलदेसर, रतनगढ़, चूरू, फतेहपुर शेखावाटी, लक्ष्मणगढ़ सीकर, सीकर, रींगस, जयपुर, गांधीनगर जयपुर, दौसा, बांदीकुई, भरतपुर, टूंडला, इटावा, गोविन्दपुरी, प्रयागराज (वाया मिजार्पुर), पं. दीनदयाल उपाध्याय जंक्शन, बक्सर, आरा और दानापुर स्टेशनों पर रुकेगी। इसमें द्वितीय शयनयान के 5, साधारण श्रेणी के 13 व गार्ड के 2 डिब्बों सहित कुल 20 डिब्बे हैं।

बाबा बिहारीनाथजी महाराज की पुण्यतिथि पर आश्रम में जागरण



सीमा सन्देश # सरदारशहर। शहर के उदासर-बिदावतान स्थित श्रीनाथजी आश्रम में बाबा बिहारीनाथजी महाराज की 30वीं पुण्यतिथि श्रद्धा, भक्ति व आध्यात्मिक उल्लास के साथ मनाई गई। इस मौके पर आयोजित विशाल जागरण व सत्संग में राजस्थान, हरियाणा, पंजाब और उत्तर प्रदेश से संत-महात्माओं ने शिरकत की। कार्यक्रम का शुभारंभ आश्रम के महंत दयानाथजी महाराज के सान्निध्य में समाधि पर पुष्प अर्पित कर पूजा-अर्चना के साथ हुआ। संत-महात्माओं और भजन गायकों की प्रस्तुतियों ने श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। महंत दयानाथजी महाराज ने बंदे सतगुरु-सतगुरु बोल और गणेश आया, रिद्धि-सिद्धि लाया जैसे भजनों की प्रस्तुतियां दीं। इस दौरान महंत ने नशामुक्त जीवन अपनाने, सामाजिक बुराइयों से दूर रहने और पर्यावरण संरक्षण के तहत अधिकाधिक पौधे लगाने का आह्वान किया। सत्संग में संत शिवनाथजी, श्रवणनाथजी, नवलनाथजी, रूपनाथजी, संतनाथजी व निर्मलनाथजी महाराज सहित अनेक संत-महात्मा उपस्थित रहे। आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से पहुंचे श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के अंत में विशाल भंडारे का आयोजन हुआ, जिसमें पंगत में बैठकर प्रसादी ग्रहण की। दिनभर चले आयोजनों से पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो गया।

ढाबां पुलिस चौकी ने शुरू किया सड़क सुरक्षा अभियान

सीमा सन्देश # ढाबां। सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने और तेज रफ्तार वाहनों की मनमानी रोकने के लिए ढाबां पुलिस चौकी की ओर से विशेष अभियान शुरू किया गया है। चौकी प्रभारी एएसआई विजय कस्वां और कांस्टेबल सीताराम मौजूद रहे। मंगलवार को पुलिस प्रशासन ने चौकी के सामने चौराहे पर बैरिकेडिंग कर यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने का प्रयास किया। इसके साथ ही वाहनों पर रेडियम रिफ्लेक्टर लगाने का अभियान भी चलाया गया।

चौकी प्रभारी एएसआई विजय कस्वां ने बताया कि रात के समय अंधेरे और आगामी दिनों में कोहरे के कारण सड़क किनारे खड़े या धीमी गति से चलने वाले वाहन, विशेषकर ट्रैक्टर-ट्रॉली, ट्रक और अन्य व्यावसायिक वाहन दूर से दिखाई नहीं देते, जिससे दुर्घटनाओं की आशंका बढ़ जाती है। ऐसे हादसों को रोकने के लिए पुलिस द्वारा वाहनों पर स्वयं रेडियम रिफ्लेक्टर लगाए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि रोशनी पड़ते ही रिफ्लेक्टर चमकने लगते हैं, जिससे पीछे से आने वाले वाहन चालकों को समय रहते सतर्क होने का अवसर मिलता है। इससे सड़क हादसों में कमी आने की उम्मीद है।

एएसआई विजय कस्वां ने वाहन चालकों से निर्धारित गति सीमा का पालन करने और वाहनों पर रिफ्लेक्टर लगाने की अपील की। उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता है और तेज गति व लापरवाही से वाहन चलाने वालों के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा।

इंडियन बैंक ने मृतका के परिजन को चार लाख सौंपे



सीमा सन्देश # सूरतगढ़। इंडियन बैंक ने प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा व जीवन ज्योति योजना के तहत दुर्घटना में मृत खाताधारक इंदिरा देवी कुम्हार के परिजन को चार लाख रुपए की सहायता राशि के चेक सौंपे।

शाखा प्रबंधक श्रीकांत दैया ने बताया कि 9 जुलाई 2026 को रिलायंस पेट्रोल पंप के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से इंदिरा देवी की मौत हो गई थी। इसके बाद बैंक ने औपचारिकताएं पूरी कर मृतका के पति दिलीप कुमार को दोनों योजनाओं के दो-दो लाख रुपए के चेक सुपुर्द किए। इस दौरान सुरेंद्र सोनी, अमनदीप कौर, बीके नागपाल, प्रतिभा नेहरा, सचिन गोदारा व गौरीशंकर जोशी सहित अन्य बैंक स्टाफ मौजूद रहा।

श्रीकरणपुर पंचायत समिति के जोन संख्या एक
(ग्राम पंचायत 36 एच नग्गी व 14 एस माझीवाला)
से भाजपा के योग्य उम्मीदवार आपके अपने
पूर्णपाल सिंह बराड़
(निवासी बुर्जवाला)
को अपना अमूल्य मत एवं समर्थन देकर विजयी बनाएं।

विनित : समनदीप सिंह वड़िंग, युवा भाजपा नेता 52 जीजी,
मनजीत सिंह संधू 31 एच हाल अमेरिका

वर्ग पहली क्रमांक 7976



AMRITA NANDANWAR Mob 09822568532

ò *बायें से दायें:-* 1) चिरनिद्रा, 3) बेधड़क, 6) प्रश्न, 7) उत्तरोत्तर समृद्ध होना, 10) नमक, 12) एक पक्षी, 14) पथरीला, 16) आधा, 17) पधारना, 18) नाराज़, 19) अच्छा ज्ञाता, 21) थूक, 22) पाच सौ तावावाली काग़ज़ की गड्डी, 23) एक सफ़ेद धातु, 25) निरस्त, 28) एक पांडव, 29) अवसर के अनुसार.

ò *ऊपर से नीचे:-* 2) नहीं तो, 3) विधवा, 4) अवरोध; बाधा, 5) दयनीय, 6) परंपरानिष्ठ, 8) टूट पड़ना, 9) दुर्व्यसनी, 11) आज्ञाकारी, 13) रोज़ा का महीना, 15) देखभाल; निगरानी, 17) अनुमानित; लगभग; पड़ोस, 20) रम्य, 24) मार्ग, 26) जीत, 27) विशेष.

(उत्तरः अगले अंक में)

पिछली पहेली का उत्तर

स		ब	रा	ब	र		म		शू
प्रे		र		स	ह	म	त		र्प
म	र	त	बा		न		ल		ण
		न	र	गि	स		ब	र	खा
इ	ख		दा		ह	र्ज		त्ता	
मा			ना	दा	न		स	क	ता
न	र	क		मो		ज	ब	र	न
दा		म	द	द	गा	र			पू
र	सी	ला		र		ठ		पू	रा

सोना गिरवी रखकर छुड़ा नहीं पा रहे लोग, पांच महीने में डबल हुआ डिफाल्ट

22.5 लाख करोड़ रुपये के गोल्ड लोन बाजार के बीच आरबीआई के नए नियम, ग्राहकों की सुरक्षा पर जोर; जुर्माने का प्रावधान



नई दिल्ली। देश में सोने के बदले कर्ज लेने का चलन तेजी से बढ़ रहा है, लेकिन इसके साथ कर्ज चुकाने में परेशानी के संकेत भी सामने आने लगे हैं। ट्रांसयूनियन सिबिल की ताजा रिपोर्ट के अनुसार, पिछले पांच महीनों में गोल्ड लोन डिफॉल्ट की दर करीब दोगुनी हो गई है। वहीं, अगस्त 2026 तक देश में बकाया गोल्ड लोन 22.5 लाख करोड़ रुपये के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया है। रिपोर्ट के मुताबिक, अगस्त 2023 की तुलना में गोल्ड लोन का बकाया करीब तीन गुना बढ़ चुका है। मार्च 2026 में 90 दिन से अधिक समय तक बकाया रहने वाले गोल्ड लोन का हिस्सा 0.2 फीसदी था, जो अगस्त 2026 में बढ़कर 0.3 फीसदी हो गया। यह पांच महीनों में डिफॉल्ट की स्थिति में तेज वृद्धि को दर्शाता है। ग्राहक अब कम संख्या में, लेकिन अधिक राशि का कर्ज ले रहे हैं। वहीं, युवा कर्जदारों की संख्या में 19 फीसदी की वृद्धि दर्ज की गई है।

गहने बचाने के लिए जरूरी है सावधानी

आरबीआई ने यह भी स्पष्ट किया है कि कर्ज पूरा चुकाने के बाद उसी दिन या अधिकतम सात कार्य दिवसों में गिरवी रखा सोना लौटाना होगा। देरी होने पर बैंक या एनबीएफसी को ग्राहक को प्रतिदिन 5,000 रुपये मुआवजा देना होगा। विशेषज्ञों का कहना है कि अधिक एलटीवी सुविधा का मतलब यह नहीं है कि ग्राहक आसानी से कर्ज लेते रहें। गोल्ड लोन को हमेशा जरूरत के समय सीमित अवधि के विकल्प के रूप में इस्तेमाल करना चाहिए और रिपेमेंट योजना मजबूत होने के बाद ही कर्ज लेना चाहिए, ताकि पारिवारिक गहनों को खोने की नौबत न आए।

सोने के मूल्यांकन व नीलामी प्रक्रिया में बदलाव

आरबीआई के नए नियमों के अनुसार, सोने की कीमत तय करते समय केवल उसकी शुद्धता और वास्तविक धातु मूल्य को ही आधार बनाया जाएगा। इसमें मेकिंग चार्ज या रत्नों की कीमत शामिल नहीं होगी। बैंक पिछले 30 दिनों के औसत बंद भाव या पिछले दिन के बंद भाव में से कम कीमत को आधार बनाएंगे। डिफॉल्ट की स्थिति में नीलामी से पहले ग्राहक को पर्याप्त समय देना होगा। नीलामी की आरक्षित कीमत बाजार मूल्य के 90 फीसदी से कम नहीं रखी जा सकेगी। दो बार नीलामी असफल होने पर ही इसे 85 फीसदी तक घटाया जा सकता है।

आरबीआई ने लागू किया नया गोल्ड लोन फ्रेमवर्क

बढ़ते गोल्ड लोन और डिफॉल्ट के बीच भारतीय रिजर्व बैंक ने 1 अप्रैल 2026 से नया फ्रेमवर्क लागू किया। यह नियम वाणिज्यिक बैंकों, क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों, सहकारी बैंकों और एनबीएफसी पर लागू है। नए नियमों के तहत छोटे ग्राहकों को अधिक कर्ज सुविधा देने के लिए एलटीवी (लोन टू वैल्यू) सीमा में बदलाव किया गया है। 2.5 लाख रुपये तक के गोल्ड लोन पर एलटीवी सीमा 75 फीसदी से बढ़ाकर 85 फीसदी कर दी गई है। वहीं, 2.5 लाख से 5 लाख रुपये तक के कर्ज पर 80 फीसदी और 5 लाख रुपये से अधिक के लोन पर 75 फीसदी एलटीवी तय की गई है।

आज का इतिहास

नयी दिल्ली (वार्ता) 12 नवंबर की महत्वपूर्ण घटनाएं

1918 - ऑस्ट्रिया एक गणतंत्र बना।
1925 - अमेरिका और इटली ने शांति समझौते पर हस्ताक्षर किये।
1936 - केरल के मंदिर सभी हिन्दुओं के लिए खुले।
1940 - प्रसिद्ध अभिनेता अमजद खान का जन्म हुआ।
1946 - महान स्वतंत्रता सेनानी, राजनीतिज्ञ, शिक्षाविद और समाज सुधारक मदनमोहन मालवीय का निधन हुआ।
1953 - इजरायल के प्रधानमंत्री डेविड बेन गुरियन ने अपने पद से इस्तीफा दिया।
1956 - मोरक्को, सूडान और ट्यूनिशिया संयुक्त राष्ट्र में शामिल हुए।
1963 - जापान में ट्रेन दुर्घटना में 164 लोग मारे गये।
1967 - इंदिरा गाँधी को प्रधानमंत्री पद पर रहते हुए पार्टी से निष्कासित कर दिया था।
1984 - एक रूपए के ब्रितानी नोट गायब, सिक्के चालू किए गए थे।
1990 - जापान में सम्राट आकिहितो का परम्परानुसार सिंहासनरोहण।
1995 - नाइजीरिया राष्ट्रमंडल की सदस्यता से निलंबित किया गया था।
2002 - संयुक्त राष्ट्र ने स्विटजरलैंड के संघीय ढांचे के आधार पर साइप्रस के लिए एक नई शांति योजना तैयार की थी।
2005 - ढाका में 13वाँ दक्षेस शिखर सम्मेलन प्रारम्भ हुआ था।
2009 - भारत में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए केंद्र सरकार के 'अतुल्य भारत' अभियान को 2009 में वर्ल्ड ट्रेवल अवार्ड-2009 से नवाजा गया।

कल क्या होगा

नई दिल्ली, 13 नवंबर (एनएनएस) शुक्रवार कार्तिक सुदी चतुर्थी को बासमती चावल, जौ, जई, ढ़ैचा, लोबिया, काबुली चना, राजमा चित्रा, चना, मूंग, मोठ, कालीमिर्च, सितावर, हींग, असगंध, मेथी, धनिया, अजवायन, साबूदाना, आंवला, छुआरा, सोया, बिनौला, चावल एवं इनके तेल, ग्वार, ग्वार गम, लौंग, जीरा, बादाम गिरी में लाभ एवं गेहूं, मक्की, बाजरा, मसूर, पिस्ता, आबजोश, मगजतरबूज, बेलगिरी, सौफ, सरसों, सोयाबीन, एवं डीओसी, पारा, टिटेनियम, सिट्रिक एसिड, लोहा-इस्पात में सोना-चांदी, कॉपर, पीतल में हानि की संभावना है। भाग्यांक 2-3-4-8 है। यात्रा विचार- पूरब दिशा की ओर 7.39 बजे प्रातः के बाद यात्रा करना लाभप्रद होगी।

आज का राशिफल

12 नवम्बर गुरुवार

श्रीचन्द शर्मा शास्त्री, श्री स.ध. गायत्री संस्कृत महाविद्यालय, जवाहरनगर, श्रीगंगानगर, मो.: 9772765993

कार्तिक मास, शुक्ल पक्ष तृतीया, नक्षत्र-ज्येष्ठा, योग-सुकर्मा, करण-गर, दिशाशूल-दक्षिण, सूर्योदय 6.44 बजे, सूर्यास्त 5.37 बजे।

ग्रह स्थिति : चन्द्रमा-वृश्चिक, सूर्य-तुला, गुरु, केतु-सिंह, शुक्र-कन्या, बुध-तुला, राहु-कुंभ, शनि-मीन, मंगल-कर्क राशि में संचार कर रहे हैं।

मेष : दिन अच्छा रहेगा। कृषि कार्यों में प्रगति होगी और नए काम की शुरूआत सफल हो सकती है। दांपत्य जीवन सुखमय रहेगा।

वृषभ : स्वास्थ्य संबंधी परेशानियों से राहत मिलेगी और नौकरी में प्रमोशन की खुशखबरी मिल सकती है।

मिथुन : परिवार में मान-सम्मान बढ़ेगा और दांपत्य जीवन में मधुरता आएगी। आय के नए स्रोत बनेंगे तथा प्रेम संबंधों में चल रही अनबन दूर होगी।

कर्क : प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे विद्यार्थियों को सफलता मिल सकती है। व्यापार में लाभ, सामाजिक मान-सम्मान में वृद्धि।

सिंह : आर्थिक स्थिति मजबूत होगी और मनपसंद वस्तु खरीदने के योग हैं। पेट संबंधी परेशानी हो सकती है।

कन्या : दिन मिला-जुला रहेगा, अनावश्यक विवादों से दूर रहें। कार्यक्षेत्र में नए लोगों से मुलाकात होगी और परिवार व जीवनसाथी का सहयोग मिलेगा।

तुला : नौकरीपेशा लोगों की सैलरी में बढ़ोतरी के योग हैं और आर्थिक स्थिति सुधरेगी। पारिवारिक सुख बढ़ेगा तथा किसी धार्मिक स्थल पर जाने का कार्यक्रम बन सकता है।

वृश्चिक : कार्यक्षेत्र में मेहनत का अच्छा परिणाम मिलेगा और व्यापार में बिक्री बढ़ने से राहत मिलेगी। वाहन खरीदने के योग हैं तथा स्वास्थ्य अच्छा रहेगा।

धनु : सामाजिक कार्यों में सम्मान मिलेगा और आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा तथा मकान निर्माण के कार्य में तेजी आएगी।

मकर : मनपसंद वाहन खरीदने के योग हैं और परिवार में खुशियां आएंगी। जल्दबाजी से बचें, अन्यथा बनता हुआ काम बिगड़ सकता है।

कुंभ : व्यापार में सुधार होगा और दांपत्य जीवन की परेशानियां दूर होंगी। खान-पान में सावधानी रखें तथा परिवार के बड़ों की बातों को ध्यान से सुनें।

मीन : आय के नए रास्ते खुलेंगे और व्यापार में लाभ होगा। विद्यार्थियों की लेखन व प्रतियोगी गतिविधियों में रुचि बढ़ेगी तथा दांपत्य जीवन सुखमय रहेगा।

2027 टाटा नेक्सॉन नए अवतार में होगी लॉन्च

भारत मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो में हो सकती है पेश



नई दिल्ली। टाटा मोटर्स अपनी लोकप्रिय कॉम्पैक्ट एसयूवी नेक्सॉन की दूसरी पीढ़ी (2027 टाटा नेक्सॉन) को नए अवतार में लाने की तैयारी कर रही है। संभावना है कि इसका अनावरण फरवरी 2027 में होने वाले भारत मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो में किया जाएगा। वर्ष 2017 में लॉन्च के बाद यह नेक्सॉन का पहला पूर्ण जेनरेशन अपग्रेड होगा। ह्यप्रोजेक्ट गरुड़ह्व कोडनेम वाली यह एसयूवी आधुनिक डिजाइन, प्रीमियम इंटीरियर और नई तकनीकों के साथ बाजार में उतरेगी।

नया डिजाइन, ज्यादा दमदार एसयूवी लुक

नई नेक्सॉन का आकार लगभग मौजूदा मॉडल जैसा रहेगा। इसकी लंबाई 3995 मिमी, व्हीलबेस 2498 मिमी और ग्राउंड क्लीयरेंस 208 मिमी रहने की संभावना है। हालांकि, डिजाइन पूरी तरह बदला जाएगा। मौजूदा कूपे-स्टाइल रूफलाइन की जगह अधिक बॉक्सी और मस्कुलर एसयूवी स्टांस मिलेगा। फ्रंट में बड़ी ग्रिल, स्प्लिट एलईडी हेडलाइट्स, डुअल-फंक्शन डीआरएल, फॉक्स स्किड प्लेट तथा नए अलॉय व्हील दिए जाएंगे। पीछे की ओर नया टेलगेट, एलईडी टेललाइट्स और संशोधित बंपर इसे अधिक आकर्षक बनाएंगे। नई नेक्सॉन में 1.2 लीटर रेवोट्रॉन टर्बो पेट्रोल इंजन जारी रहने की संभावना है, जो 120 पीएस की शक्ति और 170 एनएम टॉर्क देता है। यही इंजन फैक्ट्री-फिटेड सीएनजी विकल्प में भी उपलब्ध रहेगा। ट्रांसमिशन के लिए 5-स्पीड और 6-स्पीड मैनुअल, 6-स्पीड एएमटी तथा 7-स्पीड डुअल-क्लच ऑटोमैटिक गियरबॉक्स विकल्प मिल सकते हैं। डीजल इंजन को लेकर फिलहाल स्थिति स्पष्ट नहीं है।

आधुनिक प्लेटफॉर्म व प्रीमियम केबिन

ई नेक्सॉन को मौजूदा एक्स-1 आर्किटेक्चर के उन्नत संस्करण या टाटा के नए एटलस प्लेटफॉर्म पर विकसित किया जा सकता है। केबिन में बड़ा टचस्क्रीन इंफोटेनमेंट सिस्टम, उन्नत डिजिटल ड्राइवर डिस्प्ले, नया डैशबोर्ड, प्रीमियम फिनिश, इल्यूमिनेटेड टाटा लोगो वाला स्टीयरिंग व्हील, पैनोरमिक सनरूफ, 360 डिग्री कैमरा, वेंटिलेटेड फ्रंट सीट्स, जेबीएल ऑडियो सिस्टम और आईआरए कनेक्टेड कार तकनीक जैसे फीचर्स मिलने की उम्मीद है।

श्री गुरु विजय वल्लभ जी का जन्मदिवस मनाया

श्रीगंगानगर। श्री आत्म वल्लभ जैन कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में श्री गुरु विजय वल्लभ जी का जन्मदिवस श्रद्धापूर्वक मनाया गया। दीप प्रज्वलन से प्रारम्भ इस कार्यक्रम में जैन शिक्षा न्यास पदाधिकारियों, सदस्यों तथा व्याख्याताओं ने उनकी प्रतिमा के समक्ष पुष्प अर्पित किए तथा उनके आदर्शों, विचारों एवं समाज के प्रति उनके अमूल्य योगदान का स्मरण किया। वक्ताओं ने श्री गुरु विजय वल्लभ जी के जीवन दर्शन व आदर्शों पर प्रकाश डाला। इस मौके पर सभी ने उनके उच्च आदर्शों को अपने जीवन में अपनाने एवं उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। इस अवसर पर अमर चंद बोरड़, नरेश जैन, दीपक जैन, डॉ. संजय अरोड़ा एवं प्राचार्य डॉ. पंकज लता सहित व्याख्यातागण उपस्थित थे।

श्रीगंगानगर-हनुमानगढ़ जिले की मंडियों के भाव

श्रीगंगानगर जिला

श्रीगंगानगर : मूंग 8225-5706 (आ. 197 क्विं.), ग्वार 7970-7650 (आ. 145 क्विं.), नरमा 8932-8285 (आ. 1188 क्विं.), बाजरा 2815-2690 (आ. 185 क्विं.), कपास 8660-7900 (आ. 18 क्विं.), गेहूं 2681 (आ. 15 क्विं.), **रायसिंहनगरः** सरसों 8626, चना 6931-7171, मूंग 7850-8360, नरमा 8550-8840, कपास 8600, ग्वार 7980-8060, बाजरी 2730-2866, **गजसिंहपुरः** ग्वार 7305-7855, सरसों 8462-8897, मूंग 7520-8347, बाजरा 2500, नरमा 8401-8900, कपास 8500, **श्रीकरणपुरः** नरमा 8825-8200, ग्वार 7893-7877, मूंग 8000-7500, **जैतसरः** सरसों 8276, गेहूं 2671, मूंग 8300-8600, ग्वार 7880-8016, नरमा 8600-9050, कपास 8000-8810, धान 3650-4450, **अनूपगढ़ः** नरमा 8940-8641, धान 4650-2011, ग्वार 8044-7600, मूंग 8500-8150, बाजरा 2811-2725, सरसों 8479-8227, कपास 8600, **सब मंडी यार्ड भावः** गेहूं 2200-2850, सरसों 5500-8821, पीली सरसों 6200-9100, ग्वार 6500-8000, मूंग 5000-8250, नरमा 8000-8811, बाजरी 2000-2801, **श्रीबिजयनगरः** नरमा 8950-7600, ग्वार 8100-7980, मूंग 8281-8191, बाजरी 2700-2660, कपास 8580, **घड़साना:** मूंग 8690-4000, नरमा 8875-8350, सरसों 8529-8444, ग्वार 7885-7530,

किरयाना

धनिया 17000-20000, हल्दी 22000-24000, जीरा 28000-30000, अजवाइन 20000-21000, सौंफ 12500-22000, मेथी 8500, खोपरा 1850, गट गोला 425 रु. प्रति किग्रा., नारियल सूखा 2900-3000, मिर्च एमपी 19000-23000, मिर्च जोधपुरी 25000-30000, मिर्च गंटूर 25000, मैदा (कट्टा 45 किग्रा.) 1500, आटा (45 किग्रा.) 1460, सूजी 1620, बेसन 9000, चावल टुकड़ी 3500-4200, चावल डबल छनाई 4200-4500, चावल सेला 3800, चावल बासमती 6000-10000

दाल-दलहन

मूंग धूली 10500, मूंग छिल्का 9800, उड़द धुली 12500-13000, उड़द साबुत 11300-11800, अरहर दाल 13500-14500, दाल मसूर 7800, दाल चना 8600, देशी चना 8800, सिंगल डालर चना 9000-9200, डबल डालर चना 10000-10300, काला चना 8500-9000.

गुड़ चीनी

गुड़ लड्डू 5700, गुड़ पेड़ी 5600, गुड़ शिवलिंग 6300, गुड़ बर्फी 5900, चीनी महाराष्ट्र 5900-6000, चीनी एल 6450, चीनी एस 6000, चीनी गंगानगर।

तेल-तिलहन व घी

तेल सरसों (एक्सपेलर) 185-195 रु. प्रति लीटर, कच्ची घाणी 190-195 रु. प्रति लीटर, घी वनस्पति : 2350-2550रु. (15 कि.ग्रा. टिन) व प्रति लीटर 155-170 रु., तेल रिफाइंड 148-160 रु. प्रति लीटर, घी देशी : 10300-11000 रु.(15 कि.ग्रा. टिन), 580-650 रु. प्रति लीटर। घी सरस : 10500 रु. (15 कि.ग्रा. टिन) व प्रति लीटर 590 रु., पंजाब किंग : 11000रु. (15 कि.ग्रा. टिन) व 590 रु. प्रति किग्रा., अमूल : 690 रुपये प्रति लीटर, एवरीडे : 690 रु. प्रति लीटर। **(नोट : उपरोक्त में किरयाना, तेल-तिलहन, दाल-दलहन व गुड़ चीनी के सभी थोक भाव दिये गये हैं।)**

हनुमानगढ़ जिला

हनुमानगढ़ जं. : नरमा 8800, बाजरा 2540, ग्वार 7881, मूंग 7500, धान पीआर 2100, धान मुछल 4501, **डबली राठान :** नरमा व्यापारी 8530, ग्वार 7815, धान पीआर 2075, **हनुमानगढ़ टा :** नरमा 9050, बाजरा 2661, ग्वार 7900, मूंग 7900, धान पीआर 2700, धान मुछल 4655, **रावतसर :** कपास 8411, नरमा 8800, गेहूं 2807, बाजरा 2595, गवार 8281, चना 6801, मूंग 8600, मोठ 8530, सरसों 8387, तिल 19700, मूंगफली 6906, **रावतसर :** कपास 8411, नरमा 8800, गेहूं 2807, बाजरा 2595, ग्वार 8291, चना 6801, मूंग 8000, मोठ 8530, सरसों 8387, तिल 19700, मूंगफली 6906, **नोहर :** ग्वार 7981, मूंग 8180, मोठ 8305, सरसों 8302, तिल 21510, अरण्डी 8235, मूंगफली 7550, **भादराः** ग्वार 8620, मूंग 8264, सरसों 9820, **संगरिया :** नरमा 8700, गेहूं 2651, जौ 2810, बाजरा 2700, ग्वार 7940, मक्का 2881, **गोलूवालाः** कपास 7000, नरमा 8850, गेहूं 2551, जौ 2311, बाजरा 2610, ग्वार 7800, मूंग 8250, सरसों

गंगनहर का वरीयताक्रम



12 नवम्बर 2026, गुरुवार [सम्भावित]

पेयजल व छीजत 250		खुलने का समय	बंद होने का समय
समेजा	452 (5)	07 नवम्बर दोपहर 12 बजे	15 नवम्बर प्रातः 3 बजे
आरबी	722 (3)	09 नवम्बर दोपहर 12 बजे	17 नवम्बर प्रातः 3 बजे
एचएच	757 (2)	10 नवम्बर प्रातः 6 बजे	17 नवम्बर सायं 3 बजे
रिडमलसर	768 (2)	10 नवम्बर प्रातः 6 बजे	17 नवम्बर सायं 3 बजे
फार्म	829		
जीजी	1030		
हिरणांवाली	1052		
नेतेवाला	1073		
एमएल	1133		
एमएलए	1174		
करणीजी	1504		
एफ	2007		
केके	2020		
पीएस	2180		11 नवम्बर दोपहर 12 बजे
एच	2487		11 नवम्बर प्रातः 9 बजे
बीआईएफ+जे	2528		11 नवम्बर प्रातः 6 बजे
डी-भागसर	2546		11 नवम्बर प्रातः 6 बजे
जैड	2701		11 नवम्बर प्रातः 6 बजे
वाई	2732		11 नवम्बर प्रातः 6 बजे
बीबी	2930		08 नवम्बर सायं 6 बजे
एमके	3028		08 नवम्बर दोपहर 12 बजे
एलएनपी	3305		06 नवम्बर रात्रि 9 बजे
ईईए	3365		06 नवम्बर सायं 6 बजे

नोट : गंगनहर में बुधवार सायं 6 बजे तक पानी की मात्रा 1509 क्यूसेक।

इन्दिरा गांधी नहर

इंदिरा गांधी नहर की आरडी 243 तक चल रही नहरों की स्थिति

मसीतांवाली	7140	साहवा	480
आरडी-496	एनएम	अनूपगढ़	निल
एनडी	निल	कंवरसैन	182
रावतसर	67	बिरधवाल हैड से नीचे	4635
सूरतगढ़	1860		
जोरावरपुरा	50		
खेतेवाली	72		

बुधवार सायं 6 बजे हरिके बैराज से इंदिरा गांधी नहर में ..... क्यूसेक पानी।

बांधों में जलस्तर, पानी की आवक व निकासी 11.11.2026 को सायं 6 बजे की स्थिति

भाखड़ा बांध में जलस्तर (भराव क्षमता 1680) : 1632.23
पानी की आवक - 6553 क्यूसेक, निकासी- 9100 क्यूसेक।

पौंग बांध में जलस्तर (भराव क्षमता 1390) : 1353.64
पानी की आवक- 2363 क्यू., निकासी- 14240 क्यू., बीकानेर - 1956

सार्दुल ब्रांच 785, करणीसिंह ब्रांच- 415, पानी की कुल मात्रा- 1200

भाखड़ा वरीयताक्रम

05 नवम्बर से 13 नवम्बर तक रहेगा प्रभावी

नगराना	78	नाथवाना	1449
लीलांवाली	326	प्रतापपुरा	1554
भाखरांवाली	376	हरिपुरा	1567
करनीसिंह	731	दीनगढ़	1580
मम्मड़खेड़ा	926	सूरतपुरा	1589
जोड़कियां	1036	मोडिया	1749
सूरतगढ़	1156	लोंगवाला	1884
भगतपुरा	1194	पीलीबंगा	2099
संगरिया	1200	अमरपुरा	2192
मोरजंडा	1410	रोड़ांवाली	2205
रतनपुरा	1421	नवां-सतीपुरा	2216

कांग्रेस को सामूहिक फैसलों की जिम्मेदारी लेनी चाहिए : राठौड़

जयपुर। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के दीपावली और ईद को लेकर दिए बयान पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि खरगे को अपनी भाषा पर नियंत्रण रखना चाहिए। राठौड़ ने आरोप लगाया कि वे कभी प्रधानमंत्री के परिवार को लेकर बयान देते हैं तो कभी त्योहारों की तुलना करते हैं। सोनिया गांधी की किताब में संजय गांधी से जुड़े खुलासों पर भी राठौड़ ने प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि जब तक संजय गांधी जीवित थे, गांधी परिवार उनके फैसलों के अनुसार चलता था, लेकिन अब आपातकाल का पूरा दोष उनके ऊपर डालना उचित नहीं है। आपातकाल तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के नेतृत्व में लागू हुआ था और इसकी जिम्मेदारी से उन्हें अलग नहीं किया जा सकता। मदन राठौड़ ने कहा कि उन्होंने खुद आपातकाल का दौर देखा है। उस समय विपक्षी नेताओं को जेल में डाला गया, मीडिया पर नियंत्रण लगाया गया और जबरन नसबंदी जैसे फैसले लिए गए। उन्होंने कहा कि सामूहिक निर्णयों की जिम्मेदारी स्वीकार करनी चाहिए। राठौड़ ने आरोप लगाया कि अब किसी एक व्यक्ति पर दोष मढ़कर तत्कालीन सरकार को जिम्मेदारी से मुक्त नहीं किया जा सकता। उन्होंने कहा कि आपातकाल भारतीय लोकतंत्र का काला अध्याय था, जिसे देश कभी नहीं भूल सकता।

आपातकाल की छाया में राहुल गांधी का सातवां जन्मदिन, दोस्तों ने आने से किया था इनकार

सोनिया गांधी की आत्मकथा में खुलासा, राजनीतिक माहौल का असर बच्चों की जिंदगी तक पहुंचा

नई दिल्ली।

25 जून 1975 की आधी रात से पहले तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने देश में आपातकाल लागू कर दिया था। राष्ट्रपति फखरुद्दीन अली अहमद ने इंदिरा गांधी की सलाह पर इसकी घोषणा की, जिसे बाद में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने भी मंजूरी दी। करीब 21 महीने चले आपातकाल के बाद 1977 में हुए लोकसभा चुनाव में कांग्रेस को करारी हार का सामना करना पड़ा। खुद इंदिरा गांधी और उनके बेटे संजय गांधी चुनाव हार गए। इसी राजनीतिक उथल-पुथल के बीच राहुल गांधी के बचपन की एक घटना का जिक्र सोनिया गांधी ने अपनी आत्मकथा 'बिलॉन्गिंगः अ जर्नी ऑफ लव' में किया है। उन्होंने बताया कि चुनावी हार के बाद राहुल के सातवें जन्मदिन पर आयोजित पार्टी में उनके ज्यादातर दोस्त शामिल नहीं हुए थे।

जन्मदिन की पार्टी में नहीं पहुंचे दोस्त

सोनिया गांधी के अनुसार, राहुल गांधी का जन्मदिन 19 जून को था। नए घर में बसने के बाद उन्होंने बेटे के लिए छोटा सा जश्न आयोजित करने का फैसला किया था। राहुल ने अपने उन दोस्तों की सूची दी थी, जो पहले भी



उसकी जन्मदिन पार्टियों में शामिल होते रहे थे। लेकिन पार्टी के दिन राहुल का केवल एक दोस्त सिद्धार्थ ही पहुंचा। काफी इंतजार के बाद सोनिया गांधी ने बच्चों के माता-पिता से संपर्क किया। उनके जवाब टालमटोल भरे थे। बाद में उन्हें महसूस हुआ कि राजनीतिक परिस्थितियों का असर बच्चों की मासूम दोस्ती पर भी पड़ रहा है।

राजीव गांधी ने राहुल को दी थी समझाइश

सोनिया गांधी लिखती हैं कि राहुल इस घटना से काफी दुखी हुआ था। उसने केक तो काटा, लेकिन जन्मदिन की खुशी फीकी रही। इसके बाद राजीव गांधी ने उसे समझाते हुए कहा कि इसमें उसके दोस्तों की कोई गलती नहीं है। हो सकता है कि उनके माता-पिता राजनीतिक माहौल के कारण परिवार से दूरी बना रहे हों।

स्कूल में भी झेलनी पड़ी परेशानियां

सोनिया गांधी ने किताब में यह भी लिखा कि राहुल और प्रियंका गांधी को स्कूल में कई बार राजनीतिक टिप्पणियों का सामना करना पड़ा। दोनों बच्चे घर आकर पूछते थे कि लोग उनकी दादी और चाचा के बारे में ऐसी बातें क्यों कहते हैं। एक घटना का जिक्र करते हुए सोनिया गांधी बताती हैं कि प्रियंका एक बार स्कूल में रो रही थीं। जब उन्होंने कारण पूछा तो पता चला कि एक बच्चे ने उन्हें कुछ बुरा कह दिया था। सोनिया नाराज हुईं, लेकिन प्रियंका ने उन्हें रोक दिया और कहा कि शिक्षक उस बच्चे को पहले ही डांट चुके हैं। आपातकाल समाप्त होने के बाद 1977 में चुनाव हुए और 21 मार्च 1977 को आपातकाल खत्म कर दिया गया। यह दौर भारतीय राजनीति के सबसे महत्वपूर्ण अध्यायों में से एक माना जाता है।

मेनका गांधी संग रिश्तों का जिक्र, बताया कैसे बढ़ीं पारिवारिक दूरियां

कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी ने अपनी किताब में मेनका गांधी के साथ रिश्तों और गांधी परिवार के भीतर बढ़ते मतभेदों का उल्लेख किया है। उन्होंने लिखा कि संजय गांधी की मुलाकात 1973 में एक दोस्त की सगाई में मेनका आनंद से हुई थी। शुरूआत में मेनका को उन्होंने खुशमिजाज और मिलनसार बताया तथा परिवार का माहौल भी खुशनुमा बताया। सोनिया गांधी के अनुसार, समय के साथ पारिवारिक तनाव बढ़ता गया। उन्होंने लिखा कि घर के कर्मचारी उन्हें 'बहुरानी' और मेनका को 'छोटी बहू' कहते थे, जिसे मेनका ने अपमानजनक माना। उनके मुताबिक, संजय गांधी की मौत के बाद रिश्तों में और कड़वाहट आ गई। किताब में दावा किया गया है कि आपातकाल और 1977 की चुनावी हार के बाद परिवार के भीतर मतभेद गहरे हो गए। सोनिया ने आरोप लगाया कि मेनका गांधी परिवार से जुड़े मामलों को मीडिया तक पहुंचाती थीं। उन्होंने यह भी लिखा कि 1982 में इंदिरा गांधी से विवाद के बाद मेनका अपने बेटे वरुण गांधी के साथ सफदरजंग रोड स्थित आवास छोड़कर चली गईं। इसके बाद उन्होंने 'संजय विचार मंच' बनाया और बाद में अमेठी से राजीव गांधी के खिलाफ चुनाव भी लड़ा।

बच्चों को बोर्डिंग स्कूल से वापस बुलाया

कांग्रेस नेता सोनिया गांधी ने अपने संस्मरण में 1984 के दौर का एक संवेदनशील खुलासा किया है। उन्होंने लिखा कि ऑपरेशन ब्लू स्टार के बाद खुफिया एजेंसियों को इनपुट मिला था कि राहुल गांधी और प्रियंका गांधी के अपहरण की साजिश रची जा सकती है। तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के सुरक्षा सलाहकार आर.एन. काव ने बच्चों को बोर्डिंग स्कूलों में रखना असुरक्षित बताया था। इसके बाद दोनों को शैक्षणिक सत्र के बीच ही दिल्ली वापस बुला लिया गया। सोनिया गांधी के अनुसार, इस खबर से परिवार बेहद चिंतित हो गया था। सुरक्षा कारणों से दोनों बच्चों का दिल्ली में दाखिला कराया गया।

कानपुर सेंट्रल से निकलते ही पटरी से उतरी चौरीचौरा एक्सप्रेस, चार एसी कोच बेपटरी

प्लेटफॉर्म से कुछ दूरी पर हुआ हादसा, रेलवे ने शुरू किया बहाली अभियान



कानपुर। उत्तर प्रदेश के कानपुर सेंट्रल रेलवे स्टेशन से निकलते ही बुधवार शाम चौरीचौरा एक्सप्रेस के चार एसी कोच पटरी से उतर गए। अचानक हुए इस हादसे से यात्रियों में हड़कंप मच गया। हालांकि, राहत की बात यह रही कि घटना में किसी यात्री के हताहत होने की सूचना नहीं है। रेलवे अधिकारियों के अनुसार ट्रेन में सवार सभी यात्री सुरक्षित हैं।

प्लेटफॉर्म नंबर 7 से निकलते ही बेपटरी हुए कोच

जानकारी के अनुसार, ट्रेन संख्या 15003 चौरीचौरा एक्सप्रेस कानपुर सेंट्रल से अनवरगंज होते हुए गोरखपुर जा रही थी। बुधवार शाम करीब 5 बजे जैसे ही ट्रेन प्लेटफॉर्म नंबर 7 से रवाना हुई, कुछ ही दूरी पर इसके चार एसी कोच पटरी से उतर गए। कानपुर सेंट्रल के डिप्टी सीटीएम आकांशु गोविल ने बताया कि ट्रेन के ए-4, ए-5, ए-6 और ए-7 कोच बेपटरी हुए हैं। हादसे के समय ट्रेन में करीब 300 यात्री सवार थे। सभी यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया है और पटरी को दुरुस्त कर ट्रेन संचालन बहाल करने का काम तेजी से किया जा रहा है।

आरपीएफ, जीआरपी और रेलवे अधिकारी मौके पर पहुंचे

हादसे की सूचना मिलते ही रेलवे प्रशासन सक्रिय हो गया। आरपीएफ, जीआरपी और सिविल पुलिस के अधिकारी मौके पर पहुंचे और यात्रियों की सुरक्षा व्यवस्था संभाली। रेलवे के वाणिज्य विभाग की टीम ने भी घटनास्थल पर पहुंचकर यात्रियों की सहायता की। रेलवे की तकनीकी टीम बेपटरी हुए डिब्बों को दोबारा पटरी पर लाने और रेल यातायात सामान्य करने में जुटी रही। फिलहाल हादसे के कारणों का पता नहीं चल पाया है। रेलवे अधिकारियों ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

एक ही दिन में दूसरा रेल हादसा

गौरतलब है कि बुधवार को ही असम के गुवाहाटी के पास कोलकाता-सायरंग एक्सप्रेस भी पटरी से उतर गई थी। इस हादसे में ट्रेन के पांच डिब्बे और इंजन बेपटरी हो गए थे। असम के डिगारू क्षेत्र में हुए इस हादसे में चार यात्रियों को मामूली चोटें आई थीं। रेलवे अधिकारियों के अनुसार, दोनों घटनाओं की जांच की जा रही है और सुरक्षा मानकों की समीक्षा की जाएगी। कानपुर हादसे के बाद यात्रियों में कुछ समय के लिए भय का माहौल रहा, लेकिन रेलवे की त्वरित कार्रवाई से स्थिति नियंत्रण में आ गई।

कार की टक्कर से माँ की गोद से उछला मासूम, ई-बस की छत पर गिरा

शाहजहांपुर। उत्तर प्रदेश के शाहजहांपुर जिले में बुधवार को एक हैरान कर देने वाला सड़क हादसा हुआ। सिंधौली थाना क्षेत्र के मुड़िया मोड़ पर कार की टक्कर से बाइक पर सवार महिला की गोद से तीन वर्षीय बच्चा उछलकर पास में खड़ी करीब 12 फीट ऊंची ई-बस की छत पर जा गिरा। राहत की बात यह रही कि मासूम को खरोंच तक नहीं आई और पुलिस व स्थानीय लोगों ने उसे सुरक्षित नीचे उतार लिया। जानकारी के अनुसार, नियामतपुर निवासी शैलेंद्र अपनी पत्नी लक्ष्मी और बेटे के साथ भाई दूज मनाने पीलीभीत जिले के जमुनिया गांव जा रहे थे। मुड़िया मोड़ पर उनकी बाइक सामने से आ रही कार से टकरा गई। हादसे में शैलेंद्र, उनकी पत्नी सहित चार लोग घायल हो गए। घायल लक्ष्मी को पहले सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां गंभीर हालत होने पर उन्हें मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। कार सवार दो लोगों को भी मामूली चोटें आई हैं। सीओ पुवायां प्रवीण मलिक ने बताया कि तहरीर मिलने पर मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

प्रधानमंत्री पद छोड़ सोनिया बनीं सुपर पीएम: त्रिवेदी

नई दिल्ली। कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी के संस्मरण 'बिलॉन्गिंग : ए जर्नी ऑफ लव' को लेकर भाजपा ने तीखा हमला बोला है। भाजपा प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने 2004 में प्रधानमंत्री पद ठुकराने के सोनिया गांधी के फैसले को 'त्याग' बताने पर सवाल उठाते हुए उन्हें 'सुपर पीएम' तक कह दिया। त्रिवेदी ने कहा कि सोनिया गांधी ने प्रधानमंत्री पद स्वीकार नहीं किया, लेकिन संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (यूपीए) सरकार



के दौरान राष्ट्रीय सलाहकार परिषद की अध्यक्ष बनीं, जिसे कैबिनेट मंत्री के बराबर दर्जा प्राप्त था। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री पद छोड़कर कैबिनेट रैंक वाला पद लेना किस तरह का त्याग है। भाजपा ने राष्ट्रीय सलाहकार परिषद के पद को लेकर भी सवाल उठाए। त्रिवेदी ने कहा कि लाभ के पद के विवाद के बाद नियमों में बदलाव किया गया, जिससे यह पद इसके दायरे से बाहर हो गया। उन्होंने सोनिया गांधी के संस्मरण में आपातकाल और राजीव गांधी से जुड़े दावों को भी चुनौती दी। भाजपा का कहना है कि राजीव गांधी आपातकाल के विरोधी नहीं थे, जबकि सोनिया गांधी ने अपनी किताब में अलग तस्वीर पेश की है। मेनका गांधी के साथ रिश्तों के जिक्र पर भी भाजपा ने टिप्पणी की और कहा कि संस्मरण में राजनीतिक घटनाओं के बजाय पारिवारिक मतभेदों को अधिक महत्व दिया गया है। भाजपा के हमले के बाद सोनिया गांधी की किताब को लेकर राजनीतिक बहस तेज हो गई है।

रसगुल्ला समझकर मुंह में रखा सुअरमार बम, धमाके में युवक की मौत

डिंडौरी। मध्यप्रदेश के डिंडौरी जिले के ग्राम पड़रिया छांटा में एक हैरान करने वाली घटना सामने आई है। यहां एक युवक को उसके परिचित ने कथित तौर पर रसगुल्ला बताकर सुअरमार बम खाने के लिए दे दिया। युवक ने जैसे ही उसे मुंह में रखकर चबाया, जोरदार विस्फोट हो गया। हादसे में युवक का जबड़ा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। कोतवाली थाना प्रभारी दुर्गा प्रसाद नगपुरे के अनुसार, गांव निवासी राजेंद्र बरौतिया (35) मंगलवार शाम परिवार के साथ खाना खाने के बाद घर के आंगन में आग ताप रहा था। इसी दौरान गांव का रामभगत बरौतिया वहां पहुंचा। बातचीत के दौरान उसने कथित रूप से सुअरमार बम को रसगुल्ला बताकर राजेंद्र को खाने के लिए दे दिया। राजेंद्र ने उसे मिठाई समझकर मुंह में रख लिया। दांत लगाते ही बम फट गया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन उसे जिला अस्पताल ले गए, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।

श्री गुरु नानक देव जी के प्रकाश पर्व को लेकर प्रभात फेरी का शुभारंभ



श्रीगंगानगर। जगत गुरु श्री गुरु नानक देव जी के पावन प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में रिद्धि-सिद्धि क्षेत्र में प्रभात फेरियों का शुभारंभ श्रद्धा व उत्साह के साथ किया गया। बुधवार को पहली प्रभात फेरी गुरुद्वारा साहिब बाबा जोरावर सिंह बाबा फतेह सिंह (रिद्धि-सिद्धि) से शुरू हुई। यह प्रभात फेरी गुरबानी गायन करते हुए राजेश भाटिया के गृह निवास पर पहुंची, जहां भाटिया परिवार ने संगत का भव्य स्वागत किया। इस दौरान समूचा वातावरण 'सतनाम वाहेगुरु' के जयकारों और गुरबाणी की मधुर धुनों से भक्तिमय हो उठा।

पंजाब की सीएचसी में 84 प्रतिशत पद खाली : पूर्व अध्यक्ष सांपला

चंडीगढ़। पंजाब भाजपा के पूर्व अध्यक्ष विजय सांपला ने भगवंत मान सरकार के स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर किए जा रहे दावों पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा कि राज्य के ग्रामीण सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में विशेषज्ञ डॉक्टरों के करीब 84 प्रतिशत पद खाली हैं। 84 सीएचसी में सर्जन, स्त्री रोग विशेषज्ञ, फिजिशियन और बाल रोग विशेषज्ञों के 268 पदों में से 224 रिक्त हैं। सांपला ने सरकार से रिक्त पद जल्द भरने और स्वास्थ्य सेवाओं पर श्वेत पत्र जारी करने की मांग की है।

आतिशबाजी से प्रदूषण हुआ तो खत्म भी हो जाएगा : योगी

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दिवाली पर आतिशबाजी और प्रदूषण को लेकर उठे सवालों पर अपनी प्रतिक्रिया दी है। लखनऊ में आयोजित एक कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि कुछ लोगों को त्योहारों के समय ही प्रदूषण नजर आने लगता है। उन्होंने कहा कि अगर दिवाली पर आतिशबाजी से प्रदूषण हुआ है तो वह समाप्त भी हो जाएगा, इसे लेकर चिंता करने की जरूरत नहीं है। सीएम योगी ने कहा कि जिन लोगों ने अपने भ्रष्ट कार्यों से पूरे सिस्टम को प्रदूषित किया, उन पर कोई सवाल नहीं उठाता, लेकिन जब आम जनता एक दिन उत्साह के साथ आतिशबाजी करती है तो प्रदूषण की चर्चा शुरू हो जाती है। उन्होंने कहा कि लोगों ने पूरे उत्साह और धूमधाम से दिवाली मनाई, यह देखकर उन्हें खुशी हुई। उन्होंने बताया कि वह खुद अयोध्या में आतिशबाजी के कार्यक्रम में शामिल हुए थे। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने समाजवादी पार्टी पर भी निशाना साधा। उन्होंने आरोप लगाया कि सपा सरकार ने दंगाइयों पर नियंत्रण रखने वाली पीएसी की 34 कंपनियों को समाप्त कर दिया था, जिसके बाद प्रदेश में कानून-व्यवस्था प्रभावित हुई।

ख्यालीवाला में भाजपा की जनसभा संपन्नः विधायक जयदीप बिहाणी ने कहा- जनता का विश्वास और विकास हमारी सबसे बड़ी ताकत

सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर।

पंचायत समिति चुनाव को लेकर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) द्वारा चलाए जा रहे जनसंपर्क और प्रचार अभियान के तहत श्रीगंगानगर के निकटवर्ती गांव ख्यालीवाला में आदर्श पार्क के पास एक चुनावी जनसभा का आयोजन किया गया. सभा में उमड़े जनसमूह ने भाजपा प्रत्याशियों के पक्ष में चुनावी माहौल को और अधिक मजबूत कर दिया।

इस सभा में श्रीगंगानगर के विधायक जयदीप बिहानी, भाजपा जिलाध्यक्ष शरणपाल सिंह, यूआईटी के पूर्व अध्यक्ष महेश पेड़ीवाल, संजय महिपाल, जिला महामंत्री एडवोकेट प्रदीप धेरड़, रतन गणेशगढ़िया, बलदेव बराड़ सहित भाजपा के कई वरिष्ठ नेता, पदाधिकारी और स्थानीय जनप्रतिनिधि विशेष रूप से उपस्थित रहे।

जनसभा को संबोधित करते हुए विधायक जयदीप बिहानी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी हमेशा 'सबका साथ, सबका विकास' के नारे के साथ धरातल पर काम करती है। उन्होंने कहा,





क्षेत्र में लगातार विकास कार्य करवाए जा रहे हैं और जनता की हर समस्या का समाधान हमारी प्राथमिकता रही है। आज जनता का अटूट विश्वास पूरी तरह से भाजपा के साथ है।

विधायक बिहानी ने विश्वास जताते हुए कहा कि आगामी पंचायत समिति और जिला परिषद चुनावों में जनता भाजपा की नीतियों पर मुहर लगाएगी। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे पूरी एकजुटता के साथ घर-घर जाकर पार्टी की नीतियों का प्रचार करें और अधिक से अधिक मतदाताओं को केंद्र व राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं से जोड़ें।

भाजपा नेताओं के अन्य मुख्य बिंदु

संगठन की मजबूतीः सभा के दौरान भाजपा नेताओं ने कहा कि पार्टी की कथनी और करनी में कोई अंतर नहीं है, जो कहा जाता है वह पूरा किया जाता है.

प्रत्याशियों को समर्थन की अपीलः कार्यक्रम में जिला परिषद जोन नंबर 34 से प्रत्याशी विजय तरड़, पंचायत समिति जोन नंबर 11 से कमल खत्री, जोन नंबर 12 से निरंजना यादव तथा जोन नंबर 13 से देवीलाल मेघवाल, सरपंच पद प्रत्याशी मंगलचंद माहर को वोट देने के लिए कहा गया। भाजपा संयोजकों और नेताओं ने दावा किया कि इस बार पंचायत समितियों में भाजपा का प्रधान और जिला परिषद में भाजपा का ही जिला प्रमुख बनेगा। सभा के दौरान आसपास के गांवों से पहुंचे कार्यकताओं और समर्थकों में भारी उत्साह देखने को मिला। संयोजक व भाजपा नेता शिव प्रकाश रिणवा की ओर से यह आयोजन आयोजन करवाया गया। सभी जनप्रतिनिधियों का स्वागत किया गया।

डबलिन में जो बाइडेन के काफिले पर प्रदर्शनकारियों का विरोध, दूध की बोतलें फेंकने के आरोप में दो गिरफ्तार

ट्रिनिटी कॉलेज पहुंचे पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति के खिलाफ लगे नारे, गाजा नीति को लेकर छात्रों ने जताया आक्रोश

डबलिन। आयरलैंड की राजधानी डबलिन में पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन के दौरे के दौरान प्रदर्शनकारियों ने उनके काफिले का विरोध किया। ट्रिनिटी कॉलेज के बाहर कुछ प्रदर्शनकारियों ने बाइडेन के काफिले पर दूध की बोतलें फेंकने का प्रयास किया। घटना के बाद पुलिस ने दो लोगों को गिरफ्तार किया है। जो बाइडेन अपने बेटे हंटर बाइडेन को कॉलेज हिस्टोरिकल सोसाइटी की ओर से सार्वजनिक संवाद में योगदान के लिए दिए जाने वाले गोल्ड मेडल समारोह में शामिल होने डबलिन पहुंचे थे। बताया गया कि बाइडेन की यात्रा को सार्वजनिक नहीं किया गया



था, लेकिन जैसे ही उनके ट्रिनिटी कॉलेज पहुंचने की जानकारी छात्रों और प्रदर्शनकारियों को मिली, बड़ी संख्या में लोग परिसर के बाहर जमा हो गए।

गाजा युद्ध को लेकर छात्रों ने किया विरोध : प्रदर्शनकारियों ने अमेरिका की इजरायल नीति और गाजा युद्ध में उसकी भूमिका को लेकर बाइडेन के खिलाफ नारेबाजी की। छात्रों ने उन पर फिलिस्तीन मुद्दे को लेकर गंभीर आरोप लगाए। प्रदर्शनकारियों ने काफिले को घेरने का प्रयास किया और कुछ लोगों ने वाहन की ओर दूध की बोतलें फेंकीं। ट्रिनिटी कॉलेज डबलिन स्टूडेंट्स यूनियन की अध्यक्ष एमी केनेडी ने प्रदर्शन का नेतृत्व किया। उन्होंने कॉलेज हिस्टोरिकल सोसाइटी के फैसले पर सवाल उठाते हुए कहा कि ऐसे व्यक्ति को कार्यक्रम में बुलाया गया, जिसकी नीतियों को लेकर दुनिया के कई हिस्सों में विरोध हो रहा है।

पुलिस ने संभाली स्थिति, दो आरोपी गिरफ्तार : प्रदर्शन के दौरान पुलिस ने तुरंत मोर्चा संभाला और प्रदर्शनकारियों को पीछे हटाकर बाइडेन के काफिले के लिए रास्ता बनाया। पुलिस ने काफिले पर बोतल फेंकने के आरोप में दो लोगों को हिरासत में लिया। ट्रिनिटी कॉलेज के छात्र समाचार पत्र के अनुसार, जो बाइडेन को कॉलेज हिस्टोरिकल सोसाइटी ने औपचारिक रूप से आमंत्रित नहीं किया था, बल्कि वे कार्यक्रम में अतिथि के रूप में शामिल हुए थे। घटना के बाद सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी गई। अधिकारियों ने मामले की जांच शुरू कर दी है। प्रदर्शन के दौरान किसी बड़ी अप्रिय घटना की सूचना नहीं मिली।

कार्यालय नगरपालिका भादरा, जिला हनुमानगढ़ (राज.)

क्रमांक : नपाभा / स्टोर/2026-27/4114 दिनांक 10.11.2026

निविदा सूचना

नगरपालिका भादरा द्वारा वर्ष 2026-27 में निम्नलिखित कार्य ठेके पर दिये जाने है जिस हेतु संबंधित कार्य करने वाली फर्म से निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र दिनांक 18.11.2026 को दोपहर 1:00 बजे तक विक्रय की जाकर उसी दिवस दोपहर 4:00 बजे तक प्राप्त कर सांय 5.00 बजे उपस्थित संवेदकों के समक्ष खोली जावेगी। सशर्त निविदा मान्य नहीं होगी। निविदा स्वीकार/अस्वीकार करने का अधिकार पालिका के पास सुरक्षित रहेगा। उक्त निविदा वेबसाईट www.sppp.raj.nic.in पर देखी जा सकती है। अन्य शर्तें पालिका कार्यालय की स्टोर शाखा में देखी जा सकती हैं। कार्य अवधि 15 तक होगी।

कार्य संख्या	सामग्री/आवंटन का विवरण	अनुमानित राशि लाखों में	अमानत राशि	निविदा शुल्क
1	नगरपालिका भादरा की फायर शाखा के लिए फायर सामान उपलब्ध करवाने का कार्य।	9.99	18	200

निविदा की शर्त :-

1. आर.टी.पी.पी. एक्ट 2012 एवं आर.टी.पी.पी. रूल्स 2013 के सभी नियम एवं शर्तें निविदा में लागू होंगे।
2. निविदा की सभी नियम व शर्तें वेबसाईट https://sppp.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है।
3. निविदा की अन्य शर्त स्टोर शाखा में देखी जा सकती है।
4. निविदादाता द्वारा निविदा शुल्क, अमानत राशि, दस्तावेज निविदा प्राप्ती दिनांक 18.11.2026 को दोपहर 1:00 बजे बाद निविदा पेटी में प्राप्त की जावेगी निविदा की समस्त कार्यवाही ऑफलाईन की जावेगी।

(मांगीलाल गोयल) अध्यक्ष (अभिषेक नैण) अधिशाषी अधिकारी

नगरपालिका भादरा, जिला हनुमानगढ़ (राज.)

न्यूज इन ब्रीफ

सरपंच भांभू ने चारणवासी में घर-घर जाकर बांटी मिठाई

सीमा सन्देश # चारणवासी। दिवाली पर्व की राम-रमी के पावन अवसर पर नव-निर्वाचित ग्राम पंचायत चारणवासी के सरपंच एडवोकेट सुभाष चंद्र भांभू ने एक अनूठी पहल की है। उन्होंने गांव में जनसंपर्क और भाईचारे की मिसाल पेश करते हुए पूरे गांव के घर-घर जाकर ग्रामीणों को मिठाई बांटी। इस दौरान उन्होंने हर घर पहुंचकर दीपावली की शुभकामनाएं दीं और बुजुर्गों का आशीर्वाद लिया। सरपंच भांभू के इस आत्मीय और जन-जुड़ाव वाले कार्य से ग्रामीणों में बेहद उत्साह और खुशी का माहौल देखने को मिला।



सरपंच चुनाव का चौंकाने वाला परिणाम

सीमा सन्देश # चारणवासी। इस बार के पंचायत चुनावों में कई हैरान करने वाले और अप्रत्याशित परिणाम सामने आए हैं, जिनमें जसाना गांव का चुनाव सबसे बड़ा चर्चा का विषय बन गया है। जसाना गांव में हुए सरपंच पद के चुनाव में प्रशासक एवं निवर्तमान सरपंच लालचंद नायक के पुत्र लोकेश भी चुनावी मैदान में अपनी किस्मत आजमा रहे थे। चुनाव के दौरान गांव में कुल 6259 मतदान हुए, लेकिन जब मतों की गिनती हुई तो प्रशासक के पुत्र को मात्र 18 वोट ही प्राप्त हुए। इतने बड़े और प्रमुख गांव के प्रशासनिक मुखिया और निवर्तमान सरपंच, दिग्गज परिवार से होने के बावजूद पुत्र को इतनी नगण्य संख्या में वोट मिलना पूरे जिले भर में कौतूहल और चर्चा का केंद्र बन गया है।

सहू ने हासिल की पीएचडी की उपाधि

सीमा सन्देश # नोहर। पदमपुरा निवासी कुलदीप सहू ने मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय, उदयपुर से एजुकेशन साइकोलॉजी विषय में पीएचडी की उपाधि हासिल कर क्षेत्र का गौरव बढ़ाया है।



उन्होंने ह्यउच्च माध्यमिक स्तर की अल्पसंख्यक एवं सामान्य वर्ग की छात्राओं के सशक्तिकरण एवं समायोजन का तुलनात्मक अध्ययनह्ल विषय पर शोध किया। नौकरी की जिम्मेदारियों के साथ शोध कार्य पूरा कर उन्होंने युवाओं के सामने मेहनत और लगन की मिसाल पेश की। कुलदीप ने अपने करियर की शुरूआत पटवारी के रूप में की थी। उनकी इस उपलब्धि पर क्षेत्रवासियों ने प्रसन्नता जताई।

बेटी के जन्मदिन पर दिया बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ का संदेश

सीमा सन्देश # भादरा। श्री शीतला माता मंदिर डोभी में दीक्षा जांगड़ा का सातवां जन्मदिन हर्षोल्लास से मनाया गया। इस अवसर पर पिता धर्मवीर जांगड़ा (जांगड़ा ट्रांसपोर्ट प्राइवेट लिमिटेड, पुणे) ने बेटियों को शिक्षित करने और उन्हें समान अधिकार व सम्मान देने का संदेश दिया। नवनिर्वाचित सरपंच सरस्वती बैनीवाल ने केक काटकर दीक्षा को शुभकामनाएं दीं और उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर मनीराम ढाका, प्रताप फौजी, सुभाष जांगड़ा, वेदप्रकाश राव, रामेश्वर सरेवा, अभिराम बेनीवाल सहित अनेक गणमान्य नागरिक एवं परिवारजन उपस्थित रहे।

अधिकारी को नोटिस

सीमा सन्देश # हनुमानगढ़। पंचायतीराज चुनाव-2026 के दौरान मतदान प्रक्रिया में लापरवाही बरतने पर जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. खुशाल यादव ने पीठासीन अधिकारी को स्पष्टीकरण नोटिस जारी किया है। मामला नोहर पंचायत समिति के गोगामेड़ी स्थित मतदान केन्द्र संख्या 154 का है। यहां महंत रूपनाथ राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के कमरा नंबर एक में वरिष्ठ शिक्षक शिव कुमार को पीठासीन अधिकारी नियुक्त किया गया था। 4 नवंबर को पंचायत समिति एवं जिला परिषद सदस्य पदों के मतदान के दौरान उनकी लापरवाही से मतदान प्रक्रिया प्रभावित हुई और व्यवधान उत्पन्न हुआ। निर्वाचन अधिकारी ने इसे गंभीर लापरवाही मानते हुए दो दिवस में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर लिखित स्पष्टीकरण देने के निर्देश दिए हैं।

परेशानी पराली और पटाखों के धुएं से सड़कों पर छाई धुंध, वाहनों की रफ्तार हुई धीमी, सांस के मरीजों की बढ़ी परेशानी

स्मॉग का कहर, धुएं की चादर से ढका आसमान; जनजीवन प्रभावित

सीमा सन्देश # टोपरियां। दीपावली के बाद क्षेत्र के आसपास के ग्रामीण इलाकों में स्मॉग और धुएं का असर लगातार बढ़ता जा रहा है। वातावरण में छाई धुंध के कारण जनजीवन प्रभावित हो रहा है। हालात यह हैं कि दिन में भी सूर्य की रोशनी कमजोर दिखाई दे रही है और आसमान में धुएं की चादर छाई हुई है। स्थानीय ग्रामीणों के अनुसार, हरियाणा के खेतों में पराली के अवशेष जलाने से उठने वाला धुआं हवा के साथ सीमावर्ती ग्रामीण क्षेत्रों तक पहुंच रहा है। वहीं, दीपावली पर आतिशबाजी से निकले धुएं ने भी वातावरण को प्रदूषित करने में भूमिका निभाई है।



सुबह-शाम घनी धुंध से सड़कों पर दृश्यता घटी

बुधवार सुबह स्मॉग और धुंध का असर अधिक देखने को मिला। सड़कों पर कुछ दूरी तक भी स्पष्ट दिखाई नहीं देने से वाहन चालकों को परेशानी हुई। कई वाहन चालक लाइट जलाकर धीमी गति से चलते नजर आए। सुबह और शाम के समय धुंध अधिक घनी होने से राहगीरों और वाहन चालकों को विशेष सावधानी बरतनी पड़ रही है। ग्रामीणों के अनुसार, लगातार बढ़ रहे स्मॉग के कारण लोगों को आंखों में जलन, चुभन और पानी आने जैसी समस्याएं हो रही हैं। वहीं, दमा और सांस संबंधी बीमारियों से पीड़ित लोगों की परेशानी भी बढ़ गई है। बच्चों और बुजुर्गों पर भी इसका असर पड़ने की आशंका बनी हुई है। किसानों का कहना है कि बारिश होने के बाद ही वातावरण में फैला धुआं और धुंध छंटने तथा लोगों को राहत मिलने की उम्मीद है। फिलहाल क्षेत्रवासी साफ मौसम होने का इंतजार कर रहे हैं।

खेल; राष्ट्रगान के साथ भटनेर प्रीमियर लीग-7 का आगाज

हनुमानगढ़ : पहले दिन आयोजित छह मुकाबलों में दिखा क्रिकेट का रोमांच



सीमा सन्देश # हनुमानगढ़। खेल रोमांच, युवा ऊर्जा, आपसी भाईचारे और सामाजिक जागरूकता के उद्देश्य से भटनेर किंग्स क्लब की ओर से आयोजित भटनेर प्रीमियर लीग (बीपीएल-7) का बुधवार को बेबी हैप्पी मॉर्डन पीजी कॉलेज के खेल मैदान में राष्ट्रगान के साथ शुभारंभ हुआ। 11 से 15 नवम्बर तक आयोजित होने वाली इस पांच दिवसीय प्रतियोगिता में 12 टीमों के 244 खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं। इस बार प्रतियोगिता की थीम नशा मुक्त हनुमानगढ़ रखी गई है। इसके माध्यम से युवाओं को नशे से दूर रहकर खेलों से जुड़ने और स्वस्थ समाज के निर्माण का संदेश दिया जा रहा है। प्रतियोगिता के पहले दिन छह मुकाबले खेले गए, जिनमें खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन कर दर्शकों का उत्साह बढ़ाया। प्रतियोगिता के पहले मुकाबले में कुलभूषण एंड हरि वॉरियर्स तथा गोपाल एंड विशाल वॉरियर्स आमने-सामने रही। इसमें गोपाल एंड विशाल वॉरियर्स ने 4 विकेट से जीत दर्ज की। मनप्रीत सिद्धू तथा सितेन्दर ढांडा को संयुक्त रूप से मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया। दूसरे मुकाबले में विशाल एंड सोनू फायरबड्र्स ने गिल्होत्रा एंड गौरव हॉक्स को 10 रन से हराया। रमन बिजारणिया को मैन ऑफ द मैच तथा पंकज अमलानी को बेस्ट बॉलर का खिताब दिया गया। तीसरे मैच में राज नंदा एंड करण हिमालयन टाइटंस तथा इंद्र एंड सत्ती शार्क्स के बीच मुकाबला हुआ। इसमें इंद्र एंड सत्ती शार्क्स ने 9 विकेट से जीत हासिल की।

15 नवंबर को होगा फाइनल

सचिन कोठारी को मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया। चौथे मुकाबले में सतनाम एंड ऋषभ स्मैशर्स तथा आशीष एंड सरपंच किंग्स के बीच भिड़ंत हुई। आशीष एंड सरपंच किंग्स ने 7 विकेट से जीत दर्ज की। डॉ. विनोद जाखड़ एवं हरीश पीलीबंगा को संयुक्त रूप से मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया। पांचवें मैच में कत्याल एंड संदीप रॉयल्स तथा अनिल एंड प्रगट चीताज के बीच मुकाबला खेला गया। इसमें अनिल एंड प्रगट चीताज ने 7 विकेट से जीत हासिल की। काकू को मैन ऑफ द मैच का खिताब दिया गया। दिन के छठे मुकाबले में महक एंड खुशनीत टाइगर्स तथा लेखराज एंड कपिल स्ट्राइकर्स आमने-सामने रही। इसमें लेखराज एंड कपिल स्ट्राइकर्स ने 38 रन से जीत दर्ज की। मनोज सुथार को मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया। पांच दिनों तक चलने वाली इस प्रतियोगिता में 12 टीमों के बीच प्रतिष्ठित ट्रॉफी के लिए मुकाबले होंगे। 15 नवम्बर को खेले जाने वाले फाइनल मैच के साथ बीपीएल-7 के विजेता का फैसला होगा। भटनेर किंग्स क्लब के संरक्षक आशीष विजय ने कहा कि बीपीएल केवल क्रिकेट प्रतियोगिता नहीं, बल्कि सामाजिक जागरूकता और जनसेवा का सशक्त मंच है।

धूमधाम से मनाई जाएगी गोपाष्टमी

गोशाला में तैयारियां शुरू, घर-घर प्रसाद वितरण



सीमा सन्देश # भादरा। स्थानीय श्री गौशाला के पुराने परिसर में गोपाष्टमी पर्व के आयोजन को लेकर गौशाला सदस्यों, पदाधिकारियों एवं गौभक्तों की आवश्यक बैठक अध्यक्ष दयानंद खोखे वाला की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी 17 नवंबर को गोपाष्टमी पर्व श्रद्धा एवं उत्साह के साथ मनाने का निर्णय लिया गया। गौशाला सदस्य बृजलाल खोखेवाला ने बताया कि गोपाष्टमी के अवसर पर प्रातः दोनों गौशाला परिसरों में गोपूजन, हवन तथा दानदाताओं एवं भामाशाहों का सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा।

प्रभात फेरी व गोभक्तों की टोलियां गठित

इस वर्ष मुख्य अतिथि एवं यजमान गोविंद सर्राफ द्वारा मुख्य गौपूजन किया जाएगा। पर्व के उपलक्ष्य में नगर के मुख्य बाजार एवं विभिन्न वार्डों में प्रभात फेरी तथा गौभक्तों की टोलियां गठित की गई हैं। ये टोलियां घर-घर जाकर प्रसाद वितरण करेंगी तथा गौशाला के लिए आर्थिक सहयोग एवं अन्य संसाधन एकत्रित करेंगी। इस वर्ष तुलादान के लिए विशेष व्यवस्था की गई है। बैठक में नंदकिशोर गोयनका, हरिप्रकाश शर्मा, जयप्रकाश राजगढ़िया, पंडित कपिल शास्त्री, सुभाष जोगीवाला, युवराज टेलटिया, जयप्रकाश चाचाण, मनोज, निरंजन गोयनका, संजय, श्याम बंसल, किशोरीलाल अनूपशहर वाले सहित अनेक गणमान्य नागरिक एवं गौभक्त उपस्थित रहे।

निर्वाचक नामावलियों का प्रारूप प्रकाशन आज

हनुमानगढ़। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार अर्हता तिथि 1 जनवरी 2027 के संदर्भ में जिले के सभी विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम संचालित किया जाएगा। इसके तहत 12 नवम्बर को निर्वाचक नामावलियों का प्रारूप प्रकाशन किया जाएगा। प्रारूप प्रकाशन के संबंध में जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. खुशाल यादव की अध्यक्षता में 12 नवम्बर को सुबह 10.15 बजे जिला कलक्ट्रेट के सभागार में बैठक/प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित की जाएगी। इसमें निर्वाचक नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम तथा प्रारूप प्रकाशन के संबंध में जानकारी दी जाएगी।

समाजसेवी श्यामसुंदर मोदी की माता भगवती देवी का निधन, संस्कार आज

सीमा सन्देश # नोहर। कस्बे की सामाजिक एवं धार्मिक गतिविधियों में सक्रिय रहने वाली धर्मपरायण और गोभक्त महिला श्रीमती भगवती देवी का बुधवार को निधन हो गया। वे समाजसेवी श्यामसुंदर मोदी व शशिकांत मोदी की माता एवं गोभक्त ओमप्रकाश मोदी की धर्मपत्नी थीं। उनके निधन का समाचार मिलते ही कस्बे में शोक की लहर दौड़ गई। 80 वर्षीय भगवती देवी का जीवन धार्मिक आस्था, सामाजिक सरोकारों और गोसेवा के प्रति समर्पण का प्रतीक रहा। वे विभिन्न सामाजिक एवं धार्मिक आयोजनों में सक्रिय भागीदारी निभाने के साथ ही क्षेत्र की विभिन्न गोशालाओं में भी निरंतर सहयोग और सहभागिता रखती थीं। गोसेवा के प्रति उनका विशेष लगाव रहा और उन्होंने अपने जीवन में धर्म, सेवा और संस्कारों को सदैव प्राथमिकता दी। उनके निधन पर कस्बे के सामाजिक, राजनीतिक, व्यापारिक एवं धार्मिक संगठनों के प्रतिनिधियों, गणमान्य नागरिकों और शुभचिंतकों ने गहरा शोक व्यक्त करते हुए शोक संतप्त मोदी परिवार के प्रति संवेदनाएं प्रकट की हैं। भगवती देवी अपने पीछे भरा-पूरा परिवार छोड़ गई हैं। उनका अंतिम संस्कार गुरुवार, 12 नवंबर को किया जाएगा। उनकी अंतिम यात्रा सुबह 10 बजे सेक्टर नंबर-5 स्थित परशुराम पार्क के पास उनके निवास स्थान से रवाना होगी। उनके निधन से नोहर ने एक धर्मपरायण, सेवाभावी और गोभक्त महिला को खो दिया है।



पटना के लिए पहली ट्रेन को दिखाई हरी झंडी रेल विकास की नई शुरुआत पर जताई खुशी

सीमा सन्देश # हनुमानगढ़। हनुमानगढ़ जंक्शन रेलवे स्टेशन से बुधवार को हनुमानगढ़ से पटना के लिए पहली ट्रेन का संचालन शुरू हुआ। नई रेल सेवा शुरू होने पर रेलवे वाशिंग लाइन निर्माण संघर्ष समिति एवं हनुमानगढ़ रेल विकास संघ के पदाधिकारियों ने खुशी जताई। इस मौके पर हनुमानगढ़ रेलवे वाशिंग लाइन निर्माण संघर्ष समिति के जिला संयोजक नारायण अग्रवाल ने ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। कार्यक्रम में समिति के विशिष्ट सलाहकार अशोक पारीक एवं गोपीकिशन शर्मा, हनुमानगढ़ रेल विकास संघ वेलफेयर समिति के अध्यक्ष विशु वर्मा, इंद्र, रामगोपाल सहित अन्य समिति सदस्य, रेलवे गार्ड एवं लोको पायलट मौजूद रहे।

माल्यार्पण कर अभिनंदन किया



इस मौके पर समिति के सलाहकार अशोक पारीक एवं गोपीकिशन शर्मा ने लोको पायलट जसकरण सिंह बराड़ का माल्यार्पण कर अभिनंदन किया। इसके बाद लोको पायलट जसकरण सिंह बराड़ ने ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस मौके पर नारायण अग्रवाल एवं विशु वर्मा ने हनुमानगढ़ से पटना के लिए नई ट्रेन के संचालन पर क्षेत्रवासियों को बधाई देते हुए इसे रेल यात्रियों के लिए महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया। कार्यक्रम में मौजूद लोगों ने भी नई रेल सेवा शुरू होने पर प्रसन्नता व्यक्त की।

बेसहारा बुजुर्गो को मिलेगा आश्रय

हनुमानगढ़। सेवा, संस्कार और मानवता की भावना को समर्पित 'अपना आश्रम' का शुभारंभ 20 नवम्बर को जंक्शन में होगा। 'अपना आश्रम' का शुभारंभ शनि मंदिर वाली गली, जंक्शन ओवरब्रिज के पास किया जाएगा। आश्रम का उद्देश्य अनाथ बच्चों एवं बेसहारा वृद्ध महिला-पुरुषों को सुरक्षित आश्रय उपलब्ध करवाने के साथ उन्हें बेहतर जीवन और परिवार जैसा अपनापन देना है। आश्रम के संस्थापक दीपु ठाकुर ने बताया कि यहां अनाथ बच्चों के लिए निःशुल्क शिक्षा एवं पालन-पोषण की व्यवस्था रहेगी। इसके अलावा जरूरतमंदों को रहने और भोजन की सुविधा, वस्त्र एवं चिकित्सा सहायता उपलब्ध करवाई जाएगी।

चारणवासी : हर्षोल्लास के साथ मनाया गया भाई दूज का पर्व

सीमा सन्देश # चारणवासी। आस-पास के गांवों में बुधवार को घर-घर भाई दूज का त्योहार हर्षोल्लास और धार्मिक आस्था के साथ मनाया गया। बहन संतोष, मंजू, सरोज, रेखा, संतोषी, निर्मला, पिंकी, अनीता, सुमन और पूजा सहित सुबह स्नान कर सिंदूर,सुआनाल, नारियल तथा मिठाई का थाल सजाया और अपने भाइयों को तिलक कर कलाई पर रक्षा सूत्र बांधा। इस दौरान बहनों ने ईश्वर से अपने भाइयों की दीर्घ आयु और उत्तम स्वास्थ्य की कामना की, वहीं भाइयों ने भी बहनों के चरण स्पर्श कर जीवनभर उनकी रक्षा करने का वचन दिया तथा उपहार व नगद राशि भेंट की।



कंदोई परिवार के तीन लाडलों के जन्मदिन पर शिविर, युवाओं और समाजसेवियों ने बढ़-चढ़कर निभाई भागीदारी

जन्मदिन की खुशियां बनीं जीवनदान का संदेश, 52 यूनिट रक्तदान

संगरिया। खुशियां जब सेवा से जुड़ती हैं तो उनका महत्व कई गुना बढ़ जाता है। इसी भावना को साकार करते हुए संगरिया के कंदोई परिवार ने अपने तीन लाडलों संकेत कंदोई, शिवाय कंदोई और सारथ कंदोई के जन्मदिन को मानव सेवा के संकल्प के रूप में मनाया। परिवार की ओर से पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय (स्टेट स्कूल), संगरिया में विशाल रक्तदान शिविर आयोजित किया गया, जिसमें युवाओं और समाजसेवियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए 52 यूनिट रक्तदान किया। यह कंदोई परिवार की ओर से जन्मदिन के अवसर पर आयोजित किया गया तीसरा रक्तदान शिविर था। कार्यक्रम का शुभारंभ समाजसेवी एवं पूर्व पार्षद श्रीमती सुमन कंदोई तथा वरिष्ठ अधिवक्ता एवं समाजसेवी मोतीलाल कंदोई ने फीता काटकर किया। शिविर में रक्तदाताओं ने स्वेच्छा से रक्तदान कर जरूरतमंदों की सहायता का संकल्प दोहराया।



जन्मदिन को सेवा पर्व में बदलने की पहल

श्रीमती सुमन कंदोई ने कहा कि जन्मदिन जैसे खुशी के अवसर को समाजसेवा से जोड़ना एक सार्थक प्रयास है। रक्तदान किसी जरूरतमंद व्यक्ति को नया जीवन दे सकता है, इसलिए प्रत्येक स्वस्थ व्यक्ति को रक्तदान के लिए आगे आना चाहिए। उन्होंने सभी रक्तदाताओं और सहयोगकताओं का आभार व्यक्त किया। कंदोई परिवार के मुखिया मोतीलाल कंदोई ने बताया कि ईश्वर की कृपा से उनके पुत्र संकेत कंदोई और जुड़वा पौत्र शिवाय कंदोई एवं सारथ कंदोई का जन्मदिन एक ही दिन आता है। परिवार ने इस विशेष अवसर को समाजहित से जोड़ने का निर्णय लिया और दो वर्ष पूर्व रक्तदान शिविर की शुरूआत की थी। बुधवार को इसी सेवा परंपरा को आगे बढ़ाते हुए तीसरा शिविर आयोजित किया गया।

सामाजिक संगठनों ने दिया सहयोग

कार्यक्रम के विशेष अतिथि श्री तारा बाबा कुटिया, सिरसा के मुख्य सेवक एवं समाजसेवी गोविंद कांडा ने रक्तदान को सबसे बड़ा दान बताते हुए कंदोई परिवार की पहल की सराहना की। उन्होंने कहा कि रक्तदान से किसी अनजान व्यक्ति का जीवन बचाया जा सकता है। शिविर में रक्त संग्रहण का कार्य ब्लड सेंटर, राजकीय जिला चिकित्सालय हनुमानगढ़ की टीम ने किया। आयोजन में अग्रवाल महासभा (रजि.), भारत विकास परिषद और सेवा भारती संगरिया सहित विभिन्न सामाजिक संस्थाओं ने सहयोग दिया। इस अवसर पर अग्रवाल महासभा अध्यक्ष डॉ. संजय जिन्दल, महासचिव अमित गर्ग, उपाध्यक्ष अविनाश बंसल, श्याम मित्तल, भारत विकास परिषद सचिव राजेंद्र सैन, प्रदीप सिंगला, कपिल बंसल, अरुण अरोड़ा, सेवा भारती अध्यक्ष सतीश नागपाल, अमित गोस्वामी, गुलाब सैन सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में मोतीलाल कंदोई ने सभी रक्तदाताओं, सहयोगी संस्थाओं और उपस्थित नागरिकों का आभार व्यक्त किया। शाम को ज्योति निवास में संकेत, शिवाय और सारथ कंदोई का जन्मदिन केक काटकर मनाया गया। इस आयोजन ने संदेश दिया कि खुशियों को सेवा से जोड़कर उन्हें समाज के लिए यादगार बनाया जा सकता है।

उत्साह से मनाया भाई दूज का पर्व

सीमा सन्देश # टोपरियां। टोपरियां गांव के आसपास भगवान, देईदास और ढंढेला गांवों में बुधवार को भाई दूज का पर्व श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर बहनों ने नए वस्त्र पहनकर रोली, चावल और गुड़ से पूजा की थाली सजाई। शुभ मुहूर्त में भाइयों के माथे पर तिलक लगाकर उनकी लंबी उम्र और अच्छे स्वास्थ्य की कामना की। इसके बाद भाइयों का मुंह मीठा करवाया। भाइयों ने भी बहनों की ताउम्र रक्षा करने का वचन दिया तथा उन्हें नकदी और उपहार भेंट किए। विवाहित बहनें भी मायके पहुंचकर भाइयों को तिलक करने आईं। वहीं कुछ भाई अपनी बहनों के घर पहुंचे और उनकी कलाइयों पर रक्षा सूत्र बंधवाया। पर्व को लेकर गांवों में पारिवारिक स्नेह और उत्साह का माहौल रहा।

न्यूज इन ब्रीफ

तेज रफ्तार बाइक की टक्कर से नगरपालिका लाइनमैन गंभीर घायल

सीमा सन्देश # पीलीबंगा। धानमंडी-लखुवाली रोड पर तेज रफ्तार बाइक ने स्कूटी को टक्कर मार दी। हादसे में नगरपालिका पीलीबंगा में कार्यरत लाइनमैन बूटासिंह गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें उपचार के लिए पहले पीलीबंगा, फिर हनुमानगढ़ ट्रोमा सेंटर और बाद में श्रीगंगानगर के निजी अस्पताल में भर्ती करवाया गया। पुलिस रिपोर्ट के अनुसार 8 नवंबर शाम करीब 6:50 बजे बूटासिंह डेरा आश्रम जा रहे थे। इसी दौरान पीछे से आई बजाज प्लेटिना बाइक ने उनकी स्कूटी को टक्कर मार दी। घायल के बेटे की रिपोर्ट पर पुलिस ने बाइक चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

प्रतिबंधित टैपेंटाडोल की 410 गोलियां मिली, गिरफ्तार

सीमा सन्देश # हनुमानगढ़। सदर थाना पुलिस ने मादक एवं प्रतिबंधित दवाओं की अवैध बिक्री के खिलाफ कार्रवाई करते हुए डबलीराठान क्षेत्र में एक युवक को टैपेंटाडोल हाइड्रोक्लोराइड की 410 गोलियों के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान श्याम कुमार (27) पुत्र भूपराम बिश्नोई निवासी वार्ड नंबर 18, पीलीबंगा के रूप में हुई। पुलिस के अनुसार, सहायक उपनिरीक्षक राजेन्द्र कुमार पुलिस जाप्ते के साथ गश्त कर रहे थे। इस दौरान शाम करीब 7.15 बजे हनुमानगढ़-पीलीबंगा मुख्य मार्ग पर एसटीजी नहर पुलिया के पास एक युवक काले रंग की पॉलीथिन लेकर खड़ा दिखाई दिया। पुलिस को देखकर वह पेड़ के पीछे छिपने लगा। संदेह होने पर पुलिस ने उसे पकड़कर तलाशी ली तो थैली से टैपेंटाडोल की 41 पत्तियां मिलीं, जिनमें कुल 410 गोलियां थीं। पुलिस ने आरोपी से गोलियां रखने का लाइसेंस, परमिट या डॉक्टर की पर्ची मांगी, लेकिन वह कोई दस्तावेज नहीं दिखा सका। पूछताछ में उसने बताया कि 9 नवम्बर को एक अज्ञात युवक उसे गोलियां देकर गया था। पुलिस ने गोलियां जब्त कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। मामले की जांच उपनिरीक्षक रमेश चन्द्र को सौंपी गई है।

अपराध ; पुलिस अधिकारी बनकर भी किया फोन, झूठे मुकद्दमे में फंसाने और जान से मारने की दी धमकी

देवर की चोरी का खामियाजा भुगतने का दबाव, महिला से मांगी 5 लाख की रंगदारी

सीमा सन्देश # हनुमानगढ़। देवर पर महाराष्ट्र के पुणे में सोने की चोरी करने का आरोप लगाकर भाभी और उसके पति से पांच लाख रुपए वसूलने के प्रयास का मामला सामने आया है। आरोप है कि कुछ लोगों ने परिवार को झूठे मुकदमे में फंसाने, जेल भिजवाने और जान से मारने की धमकियां देकर ब्लैकमेल किया। भयभीत परिवार ने परिचित से 50 हजार रुपए मंगवाकर आरोपियों को दे दिए। इसके बावजूद शेष 4.50 लाख रुपए देने का दबाव बनाया जाता रहा। मामले में न्यायालय के आदेश पर जंक्शन थाना पुलिस ने पांच-छह लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार सुमन (30) पत्नी श्यामसुंदर खाती निवासी वार्ड नंबर 15, पांच केएनजे, मक्कासर ने न्यायालय में इस्तगासा पेश किया। परिवादिया ने बताया कि उसका देवर सुशील कुमार पिछले पांच वर्षों से परिवार से अलग रहता है और नशे का आदी है। उसका परिवार से कोई संपर्क या मेलजोल नहीं है। परिवादिया का पति मजदूरी कर परिवार का पालन-पोषण करता है। परिवादिया के अनुसार 3 सितम्बर 2026 को प्रभुराम निवासी गांव रणजीतपुरा तहसील बज्जू जिला बीकानेर अपने साथ कोहला निवासी मोहनलाल, अशोक कुमार और तीन-चार अन्य लोगों को लेकर उसके घर आया। उन्होंने आरोप लगाया कि सुशील कुमार ने पुणे (महाराष्ट्र) स्थित उनके कार्यस्थल से सोने की चोरी की है और अब इसकी भरपाई परिवादिया व उसके पति को करनी होगी। इस पर दंपती ने स्पष्ट किया कि सुशील कुमार का पिछले पांच वर्षों से उनसे कोई संबंध नहीं है। आरोप है कि इसके बावजूद आरोपियों ने एकराय होकर पांच लाख रुपए देने का दबाव बनाया और रकम नहीं देने पर पुणे पुलिस थाने में झूठा मुकदमा दर्ज करवाकर जेल भिजवाने की धमकी दी। परिवादिया ने आरोप लगाया कि प्रभुराम ने अपने मोबाइल नंबर से उसके मोबाइल पर बार-बार फोन कर धमकियां दीं। उसे 22 तारीख तक पांच लाख रुपए देने अन्यथा जान से मारने और झूठे मुकदमे में फंसाने की चेतावनी दी गई।



इस्तगासे के आधार पर मुकद्दमा दर्ज

इतना ही नहीं, आरोप है कि एक अन्य व्यक्ति ने पुलिस अधिकारी बनकर फोन किया और उसे जमीन बेचकर प्रभुराम को पांच लाख रुपए देने के लिए कहा। ऐसा नहीं करने पर जबरन उठाकर पुणे ले जाने और झूठे मुकदमे में जेल भिजवाने की धमकी दी। परिवादिया के मुताबिक मोहनलाल और अशोक कुमार ने भी उसे तथा उसके पति को धमकाते हुए पांच लाख रुपए देने का दबाव बनाया। आरोपियों की धमकियों से भयभीत होकर दंपती ने अपने परिचित मांगीराम निवासी रोड़ांवाली से 50 हजार रुपए मंगवाकर आरोपियों को दे दिए। शेष 4.50 लाख रुपए 22 तारीख तक नहीं देने पर गंभीर परिणाम भुगतने की चेतावनी दी गई। परिवादिया ने इस्तगासे में बताया कि लगातार मिल रही धमकियों के कारण वह और उसका पति अत्यधिक भयभीत हो गए। आरोपियों के दबाव और भय के चलते उन्हें अपनी आधा बीघा कृषि भूमि तक बेचनी पड़ी, जिससे परिवार को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच हेड कांस्टेबल नेतराम को सौंपी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

नोहर : घर में घुसने के बाद कमरे में किया गया था बंद

आबादी क्षेत्र में घुसा सियार, विभाग की टीम ने सुरक्षित जंगल में छोड़ा

सीमा सन्देश # नोहर।

क्षेत्र के गांव जबरासर में आबादी क्षेत्र में घुसे एक सियार का वन विभाग की टीम ने सुरक्षित रेस्क्यू कर उसे प्राकृतिक वन क्षेत्र में छोड़ दिया। वन विभाग की तत्परता से वन्यजीव को बिना किसी नुकसान के सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया गया। जानकारी के अनुसार 10 नवंबर को गांव जबरासर में एक सियार आबादी क्षेत्र में आकर देवीलाल सहारण के घर में घुस गया। घर के सदस्यों ने सूझबूझ दिखाते हुए सियार को सुरक्षित रूप से एक कमरे में बंद कर दिया तथा इसकी सूचना वन विभाग नोहर को दी। सूचना मिलते ही क्षेत्रीय वन अधिकारी नोहर मनोज बिश्नोई के नेतृत्व में वन विभाग की रेस्क्यू टीम आवश्यक संसाधनों, पिंजरे और जाल सहित मौके पर पहुंची। टीम ने पूरी सावधानी और सूझबूझ के साथ सियार का सुरक्षित रेस्क्यू किया। इसके बाद उसे पिंजरे में रखकर रेंज कार्यालय नोहर लाया गया। यहां से सियार को सुरक्षित रूप से प्राकृतिक वन क्षेत्र में छोड़ दिया गया।

पिंजरे में पकड़कर प्राकृतिक वन क्षेत्र में छोड़ा



सुरक्षित रेस्क्यू

वन विभाग की टीम ने तत्परता से कार्रवाई करते हुए वन्यजीव को बिना किसी नुकसान के सुरक्षित रेस्क्यू किया। इस कार्रवाई से वन्यजीव संरक्षण के प्रति विभाग की सजगता भी देखने को मिली।

आमजन से की अपील

वन विभाग ने आमजन से अपील की है कि आबादी क्षेत्र में कोई भी वन्यजीव दिखाई देने पर उसके नजदीक न जाएं, उसे परेशान न करें और न ही स्वयं पकड़ने का प्रयास करें। ऐसी स्थिति में तत्काल वन विभाग को सूचना दें, ताकि वन्यजीव और आमजन दोनों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

अनियंत्रित मोटरसाइकिल खेत में घुसा, युवक की मौत

सीमा सन्देश # रावतसर। मंगलवार शाम ससुराल जा रहे एक मोटर साइकिल सवार युवक की आवारा पशु से अचानक भिड़ंत हो जाने से दर्दनाक मौत हो गई। मृत युवक की पहचान 26 वर्षीय रविलाल पुत्र रतनराम सांसी, निवासी वार्ड 9, स्वामी मोहल्ला, सात्युं (तारानगर, चूरू) के रूप में हुई है। मृतक के भाई रोशनलाल द्वारा दर्ज करवाई गई मर्ग रिपोर्ट के मुताबिक, रविलाल मंगलवार शाम अपनी बाइक पर सवार होकर ससुराल चक 1 आरडब्ल्यूएम ढाणी मालु बिजारणियां के लिए निकला था। रात करीब साढ़े आठ बजे जब वह चक 16 डीडब्ल्युडी स्थित गैस गोदाम के पास बने मोड़ पर पहुंचा, तो अचानक सामने आवारा पशु आ गया। इससे बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे स्थित एक खेत में जा घुसी और खेत की बाड़ पर लगे नुकीले लोहे के तार से रवि लाल की गर्दन कट गई, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के तुरंत बाद आसपास के लोगों ने तत्परता दिखाते हुए गंभीर रूप से घायल रविलाल को स्थानीय राजकीय चिकित्सालय पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मर्ग दर्ज कर ली है और इस पूरे मामले की जांच शुरू कर दी है। इस हृदयविदारक घटना से क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है।

सफाई कर्मी का सम्मान, 51 बर्तन एवं पानी का कैंपर भेंट



सीमा सन्देश # नोहर। दीपावली के पावन अवसर पर स्वच्छता के प्रति समर्पण और सेवा भावना का उत्कृष्ट उदाहरण देखने को मिला। कृष्णा एक्यूपंचर एंड वेलनेस सेंटर के संचालक डॉ. निकुंज गिलड़ा एवं वार्डवासियों की ओर से गली की साफ-सफाई को बेहतर ढंग से व्यवस्थित रखने और स्वच्छता के प्रति सराहनीय योगदान देने वाली सफाई कर्मचारी राज पूनम देवी को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर राज पूनम देवी को 51 बर्तन एवं पानी का एक कैंपर भेंट कर उनके कार्यों की सराहना की गई। सम्मान के माध्यम से वार्डवासियों ने उनके प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि स्वच्छता कर्मियों का योगदान हमारे दैनिक जीवन और स्वस्थ समाज के निर्माण में बेहद महत्वपूर्ण है। कार्यक्रम में डॉ. संतलाल छिम्पा, जयकिशन गिलड़ा, दिलीप गिलड़ा,अभिषेक खिचड़,विष्णु जोशी, राकेश दलान एवं माया लखोटिया सहित वार्डवासी उपस्थित रहे। यह पहल समाज को एक सकारात्मक संदेश देती है कि सम्मान केवल बड़े पदों पर बैठे लोगों का ही नहीं, बल्कि अपने कर्तव्य को पूरी निष्ठा और मेहनत से निभाने वाले प्रत्येक व्यक्ति का होना चाहिए। दीपावली के अवसर पर किया गया यह सम्मान स्वच्छता कर्मियों के मनोबल को बढ़ाने के साथ-साथ सामाजिक सद्भाव और मानवीय संवेदनाओं की सुंदर मिसाल बना।

लोक अभियोजक बने रमन भोबिया



सीमा संदेश # संगरिया। श्री कृष्ण भगवान गोशाला सालीवाला में गांव के रमन भोबिया पुत्र विजय सिंह भोबिया के सीबीआई में लोक अभियोजक (पीपी) बनने पर खुशी का माहौल है। प्रथम वेतन प्राप्त होने पर रमन भोबिया ने गोमाता के प्रति अपनी श्रद्धा और सेवा भावना का परिचय देते हुए गोशाला अध्यक्ष रघुवीर गोदारा को 11 हजार रुपये नकद दान स्वरूप तथा सवामणी के लिए 2100 रुपये की राशि भेंट की। इस अवसर पर गोशाला मैनेजर पप्पू सिंह, एडवोकेट अमन भोबिया, मुकेश बुडानिया एवं राकेश शर्मा उपस्थित रहे। गोशाला अध्यक्ष रघुवीर गोदारा ने रमन भोबिया के इस सेवा कार्य की सराहना करते हुए कहा कि युवाओं में गोमाता के प्रति इसी तरह प्रेम और सेवा भावना बनी रहनी चाहिए। उन्होंने कहा कि गांव के बच्चे शिक्षा प्राप्त कर जीवन में अधिक से अधिक उन्नति करें, शिक्षा के स्तर को बढ़ाएं और अपनी मेहनत व उपलब्धियों से गांव का नाम रोशन करते रहें।

हनुमानगढ़ : नगरपरिषद से व्यवस्थाओं में सहयोग की अपील

छठ पर्व : सभापति से मिले समिति पदाधिकारी

सीमा सन्देश # हनुमानगढ़। श्री मिथिला सेवा समिति राजस्थान ट्रस्ट की ओर से आगामी छठ महापर्व के आयोजन की तैयारियों को लेकर नगरपरिषद सभापति मंजू रणवां एवं पूर्व सभापति सुमित रणवां से मुलाकात की गई। इस दौरान समिति पदाधिकारियों ने सभापति को छठ महापर्व के आयोजन में शामिल होने का आमंत्रण दिया तथा प्रतिवर्ष की भांति इस बार भी नगरपरिषद की ओर से आवश्यक व्यवस्थाएं करवाने में सहयोग प्रदान करने की अपील की। समिति अध्यक्ष बलदेव दास के नेतृत्व में पहुंचे प्रतिनिधिमंडल ने सभापति मंजू रणवां को ज्ञापन सौंपकर छठ महापर्व के सफल एवं सुव्यवस्थित आयोजन के लिए आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध करवाने का आग्रह किया। समिति पदाधिकारियों ने बताया कि छठ पर्व पूर्वांचलवासियों का प्रमुख एवं आस्था से जुड़ा महापर्व है। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु एकत्रित होकर भगवान सूर्यदेव एवं छठी मैया की पूजा-अर्चना करते हैं। पर्व के दौरान श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए स्वच्छता, प्रकाश व्यवस्था सहित अन्य आवश्यक इंतजामों का विशेष महत्व रहता है। ऐसे में नगरपरिषद का सहयोग आयोजन को बेहतर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इस पर सभापति मंजू रणवां ने समिति सदस्यों की मांगों को गंभीरता से सुना और छठ पर्व को आपसी भाईचारे एवं मिलजुलकर मनाने का संदेश दिया। उन्होंने आश्वस्त किया कि नगरपरिषद की ओर से हर वर्ष की तरह इस बार भी पूर्वांचलवासियों के प्रमुख त्योहार छठ पर्व के आयोजन में हरसंभव सहयोग प्रदान किया जाएगा।



नव निर्वाचित सरपंच व वार्ड पंचों ने किया पूरे गांव का मुआयना

सीमा सन्देश # चारणवासी। स्वतंत्र ग्राम पंचायत के प्रथम निर्वाचित सरपंच सुभाषचन्द्र भांभू ने वार्ड पंचों और अपनी पूरी टीम के साथ पूरे गांव का सघन मुआयना किया। इस दौरान सबसे पहले भूतपूर्व सरपंच सीता देवी खीचड़ के घर के सामने स्थित चौगान पर विशेष सफाई अभियान चलाया गया, जहां लोडर और ट्रैक्टर-ट्रॉली की मदद से कीचड़ तथा घासफूस उठवाया गया। यहां यह उल्लेखनीय है कि इसी चौगान में इंटरलॉकिंग टाइल्स लगवाने के लिए सांसद राहुल कस्वां द्वारा पांच वर्ष पूर्व 7 लाख रुपये की घोषणा की गई थी, परंतु बजट जारी न होने के कारण चौगान में लगातार कीचड़ पसरा हुआ था और घासफूस उग आई थी, जिससे आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। इसके अलावा, वार्ड प्रमुख सुनीता कुहाड़ के घर के पास वाली गली व वार्ड 11 में भी विशेष सफाई कार्य करवाया गया।

स्थापना दिवस पर संदेश को जन-जन तक पहुंचाने की पहल



सीमा सन्देश # हनुमानगढ़। राजस्थान राज्य भारत स्काउट एवं गाइड जिला मुख्यालय हनुमानगढ़ की ओर से भारत स्काउट-गाइड स्थापना दिवस के मौके पर बुधवार को जिला कलक्टर डॉ. खुशाल यादव एवं अतिरिक्त जिला कलक्टर उम्मेदीलाल मीणा ने स्काउट-गाइड स्टीकर्स का विमोचन किया। इस दौरान उन्होंने स्काउट-गाइड परिवार को स्थापना दिवस की बधाई देते हुए समाजसेवा के क्षेत्र में सदैव अग्रणी भूमिका निभाने और जरूरतमंदों के सहयोग के लिए तत्पर रहने का आह्वान किया। सीओ स्काउट भारत भूषण ने बताया कि प्रत्येक वर्ष स्काउट-गाइड स्थापना दिवस बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है। इसके तहत विश्वभर में स्काउट-गाइड से जुड़े बालचर जनसामान्य को स्टीकर्स लगाकर स्थापना दिवस की शुभकामनाएं देते हैं। इस अभियान के माध्यम से एकत्रित होने वाली धनराशि स्काउट-गाइड परिवार की ओर से बच्चों के विकास एवं उनकी रचनात्मक गतिविधियों पर खर्च की जाती है।

सिंगापुर में अशोक कौशिक को मिला प्रतिष्ठित इनबलिंग मार्क अवार्ड

सीमा सन्देश # हनुमानगढ़। जिले के प्रमुख व्यवसायी और आम आदमी पार्टी के नेता साचिन कौशिक के बड़े भाई अशोक कौशिक ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर हनुमानगढ़ का नाम रोशन किया है। अशोक कौशिक को सिंगापुर में आयोजित समारोह में प्रतिष्ठित ह्यइनबलिंग मार्क अवार्डह्ल से सम्मानित किया गया। दिव्यांगजनों के लिए समावेशी रोजगार और समान अवसरों को बढ़ावा देने की दिशा में उल्लेखनीय योगदान के लिए उन्हें यह सम्मान प्रदान किया गया। एसजी इनबलिंग की ओर से सिंगापुर में आयोजित यह समारोह दिव्यांगजनों को समाज की मुख्यधारा से जोड़ने तथा उनके लिए समान अवसरों का वातावरण तैयार करने के उद्देश्य से विशेष महत्व रखता है।



मां के बैंक खाते में जमा न करवाकर 14 हजार दोस्त ने हड़पे

सीमा सन्देश # हनुमानगढ़।

दोस्ती के भरोसे मां के बैंक खाते में जमा करवाने के लिए दिए 14 हजार रुपए हड़पने और वापस मांगने पर मारपीट करने का मामला सामने आया है। न्यायालय के आदेश पर जंक्शन थाना पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार करणीनगर निवासी योगेन्द्र सिंह ने इस्तगासे में बताया कि उसने 30 जुलाई 2025 को अपने दोस्त लोकेन्द्र सिंह निवासी सुरेशिया को मां के खाते में जमा करवाने के लिए 14 हजार रुपए दिए थे। आरोपी ने राशि जमा करवाने के बजाय स्वयं खर्च कर ली। बाद में 6 अगस्त तक रकम लौटाने का लिखित आश्वासन दिया, लेकिन रुपए नहीं लौटाए। परिवादी के अनुसार 11 अक्टूबर को रुपए मांगने आरोपी के घर गया तो उसके साथ मारपीट कर हाथ-पैर तोड़ने की धमकी दी गई। मौके पर मनीष कुमार ने बीच-बचाव किया। पुलिस ने जांच सहायक उपनिरीक्षक विजेन्द्र कुमार को सौंपी है।

युवक पर लाठी-डंडों और लोहे की रॉड से हमला

सीमा सन्देश # हनुमानगढ़। संगरिया में पुरानी कहासुनी के चलते एक युवक पर लाठी-डंडों और लोहे की रॉड से हमला करने का मामला सामने आया है। हमले में युवक के सिर, पेट सहित शरीर के अन्य हिस्सों में चोटें आईं। घायल को अज्ञात व्यक्ति सरकारी अस्पताल लेकर पहुंचे। पुलिस ने पांच नामजद युवकों सहित अन्य के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, वार्ड नंबर 21 निवासी सोहित अरोड़ा (27) पुत्र सुरेंद्र कुमार ने रिपोर्ट दी कि 9 नवंबर की रात करीब 11 बजे वह कोर्ट रोड पर बालाजी मोबाइल के पास दोस्तों के साथ खड़ा था। इसी दौरान बूटा, अजय भाखर, सुनील कठोड़, सोनू पहाड़िया और विजेश कुमार ने उससे गाली-गलौज शुरू कर दी। मौके पर मौजूद लोगों ने बीच-बचाव कर मामला शांत करवाया। इसके बाद वह ध्रुव होटल चला गया। आरोप है कि कुछ देर बाद आरोपी 4-5 गाड़ियों में सवार होकर 5-6 अन्य लोगों के साथ वहां पहुंचे और लाठी-डंडों व लोहे की रॉड से हमला कर दिया। पेट के पास कांपे से भी वार किया गया। पुलिस वाहन पहुंचने पर हमलावर फरार हो गए। संगरिया थाना पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज किया है। जांच एएसआई रामप्रसाद कर रहे हैं।

जनप्रतिनिधियों का सम्मान समारोह



पल्लू। शेख चुलिया गांव में सामाजिक सौहार्द, आपसी भाईचारे एवं जनप्रतिनिधियों के प्रति सम्मान की अनूठी मिसाल देखने को मिली। गांव निवासी दौलतराम मेघवाल के निवास स्थान पर क्षेत्र के नवनिर्वाचित सरपंचों एवं जनप्रतिनिधियों के सम्मान में स्वागत समारोह आयोजित किया गया। इस दौरान विभिन्न ग्राम पंचायतों से पहुंचे जनप्रतिनिधियों का ग्रामीणों ने माल्यार्पण कर गर्मजोशी के साथ स्वागत एवं अभिनंदन किया। समारोह में मोकलसर सरपंच छिद्र राम बेगड़, पल्लू के सरपंच को कुशाल सिंह, दनियासर के सरपंच भागाराम थालोड़, कालासर के सरपंच विनोद जाखड़ तथा राजियासर के सरपंच बीरबल राम राजपुरोहित का ग्रामीणों द्वारा माला पहनाकर सम्मान किया गया। वहीं कालासर के उपसरपंच साबराम बिजारणिया भी समारोह में उपस्थित रहे। इनमें बनवारी बेनीवाल, महावीर थालोड़, लालचंद थालोड़, बुद्धराम,, पृथ्वी सिंह राजपूत, सुरजन सिंह भाटी, सुशील जांगिड़, राकेश जाखड़, जगदीश मटोरिया, रवि सोनी एवं नंदलाल नाई सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

छोटी बच्ची को सरपंच की कुर्सी पर बैठाकर दिया बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ का संदेश

बरवाली : नंदलाल चाहर ने संभाली सरपंच की कुर्सी

सीमा सन्देश # बरवाली। ग्राम पंचायत बरवाली में बुधवार को नवनियुक्त सरपंच नंदलाल चाहर ने पदभार ग्रहण किया। इस दौरान एक अनूठा संयोग देखने को मिला। जिस समय नंदलाल चाहर ने पदभार ग्रहण करते हुए हस्ताक्षर किए, उस समय घड़ी में 11 बजकर 11 मिनट और 11 सेकंड हो रहे थे। खास बात यह रही कि ग्राम पंचायत में 11 वार्ड पंच हैं। इस संयोग को देखकर उपस्थित ग्रामीणों ने तालियां बजाकर खुशी जताई। पदभार ग्रहण करने के बाद नवनियुक्त सरपंच नंदलाल चाहर ग्राम पंचायत कार्यालय में सरपंच की कुर्सी पर बैठे। इस दौरान सरपंच, उपसरपंच एवं ग्राम विकास अधिकारी का साफा और मालाएं पहनाकर स्वागत किया गया।



बच्ची को कुर्सी पर बैठाकर दिया संदेश:

समारोह के दौरान नवनियुक्त सरपंच नंदलाल चाहर ने अपने पास बैठी एक छोटी बच्ची को सरपंच की कुर्सी पर बैठाकर ह्यबेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओह्ल का संदेश दिया।

साथ ही उन्होंने ह्यजीवन एक गुलजारह्ल अभियान के तहत आगामी दिनों में 11 पौधे लगाने की घोषणा भी की। इस अवसर पर भाजपा नेता रामकिशन भाकर ने नवनियुक्त सरपंच को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि ग्राम विकास के लिए आर्थिक सहयोग एवं अन्य कार्यों में कोई कमी नहीं आने दी जाएगी। सरपंच नंदलाल चाहर एवं उपसरपंच शीशपाल पंवार ने सभी ग्रामीणों का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर पूर्व सरपंच राजाराम पूनिया, देवीलाल भाकर, देवीलाल गोदारा, ग्राम सहकारी समिति अध्यक्ष मांगेराम गोदारा सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

दशमेश पब्लिक स्कूल के 7 विद्यार्थियों का राष्ट्रीय वॉलीबाल प्रति. हेतु चयन



सीमा सन्देश # सिलवाला खुर्द (टिब्बी)। दशमेश पब्लिक स्कूल, सिलवाला खुर्द के सात विद्यार्थियों का 70वीं राष्ट्रीय विद्यालयी खेलकूद प्रतियोगिता के अंतर्गत 14 वर्ष आयुवर्ग की वॉलीबाल प्रतियोगिता के लिए राष्ट्रीय स्तर पर चयन हुआ है। इस उपलब्धि से विद्यालय, गांव और विद्यार्थियों के अभिभावकों में खुशी का माहौल है। चयनित विद्यार्थियों में बालक वर्ग से गुरप्रभास सिंह, नकुल, मनवीश सिंह और युवराज तथा बालिका वर्ग से भारती, कुमकुम और यशमी शामिल हैं। ये सभी विद्यार्थी राष्ट्रीय स्तर पर वॉलीबाल प्रतियोगिता में राजस्थान राज्य दल का प्रतिनिधित्व करेंगे। विद्यार्थियों ने यह उपलब्धि नियमित अभ्यास और कड़ी मेहनत से हासिल की है। उनकी सफलता में वॉलीबाल कोच बसंत सिंह मान का महत्वपूर्ण योगदान रहा, जिन्होंने लगातार प्रशिक्षण देकर उन्हें प्रतियोगिता के लिए तैयार किया। वहीं खेलकूद प्रभारी गुरप्रीत सिंह सीड़ा ने भी विद्यार्थियों को नियमित अभ्यास करवाया और उनका मार्गदर्शन किया। विद्यालय परिवार ने सभी चयनित विद्यार्थियों, उनके अभिभावकों और प्रशिक्षकों को बधाई देते हुए राष्ट्रीय प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन की शुभकामनाएं दीं।

न्यूज इन ब्रीफ

श्रीविजयनगर : श्रीमद् भागवत कथा आज से

सीमा सन्देश # श्रीविजयनगर। कस्बे के हरिपुरा रोड स्थित श्री स्वामी शंकरानंद धाम में 12 से 19 नवंबर तक श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन किया जाएगा। कथा का वाचन आचार्य राघवेंद्र पाराशर महाराज(वृन्दावन) करेंगे। कथा का समय दोपहर 3 से शाम 6 बजे तक रहेगा। कथा उपलक्ष्य में 12 नवंबर को दोपहर ढाई बजे कलश यात्रा निकाली जाएगी। यह कार्यक्रम महंत स्वामी विवेकानंद महाराज की उपस्थित में होगा आयोजन को लेकर श्रद्धालुओं में उत्साह है।

कुंभाना में 13 से अखंड पाठ आयोजन

सीमा सन्देश # श्रीविजयनगर। डेरा 1008 श्री डाडा पम्माराम जी साहिब की ओर से श्रद्धालुओं के लिएंक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इसके तहत लूणकरणसर तहसील के गांव कुंभाना में 13 नवंबर से श्री अखंड पाठ रखा जाएगा, जिसका भोग 15 नवम्बर को डाला जाएगा। शब्द-कीर्तन का आयोजन भी किया जाएगा। आयोजन के दौरान श्रद्धालुओं के लिए लंगर की अटूट व्यवस्था रहेगी। धार्मिक कार्यक्रम में शब्द-कीर्तन के लिए भाई जसविंदर सिंह (गिदड़ बाहा वाले) तथा टीवी कलाकार मनीषा अरोड़ा (मलोट वाली) विशेष रूप से शिरकत करेंगे। आयोजकों ने क्षेत्र के समस्त श्रद्धालुओं एवं संगत से कार्यक्रम में पहुंचकर गुरु महाराज का आशीर्वाद प्राप्त करने की अपील की है। कार्यक्रम में व्यवस्थाओं को लेकर डॉ.निर्मल सिंह गंभीर, गुलशन मिड्ढा, अशोक चुघ एवं नरेश मिड्ढा सहित अन्य सेवादार अपनी सेवाएं दे रहे हैं।

पटाखे के विवाद में नरमे में आग लगाई

सीमा सन्देश # सूरतगढ़। राजियासर थाना क्षेत्र के चक 1 बीएमएम बीरमाना गांव में दीपावली पर पटाखे चलाने को लेकर हुए विवाद के बाद किसान के गैराज में रखे नरमे में आग लग गई। किसान रामजस (47) पुत्र सुरजाराम ने पड़ोसी पिता-पुत्र पर जलता पटाखा फेंकने का आरोप लगाया है। रिपोर्ट के अनुसार 8 नवंबर रात करीब साढ़े आठ बजे पटाखे दूर चलाने की बात पर कहासुनी हुई थी। आरोप है कि इसके बाद सौरभ ने जलता पटाखा गैराज में फेंक दिया, जिससे करीब 10 क्विंटल नरमा जल गया। गैराज में 30 क्विंटल नरमा रखा था। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की है।

सूरतगढ़ : छठ महापर्व की तैयारियां शुरू

सीमा सन्देश # सूरतगढ़। दीपावली के बाद अब पूर्वांचल समाज के सबसे बड़े धार्मिक आस्था के पर्व छठ पूजा की तैयारियां शुरू हो गई हैं। शहर में विभिन्न स्थानों पर सूर्य उपासना के इस महापर्व को लेकर पूर्वांचल समाज के लोगों में खासा उत्साह है। मुख्य समारोह दमकल शाखा के सामने स्थित पूर्वांचल धर्मशाला स्थल पर आयोजित होगा। इसके अलावा सैनी मोहल्ले में श्री दुर्गा पूजा छठ घाट, श्री गणेश मंदिर ढाब व औद्योगिक क्षेत्र स्थित छठ पूजा घाट पर भी श्रद्धालु सामूहिक रूप से पूजा-अर्चना करेंगे। इन सभी स्थानों पर घाटों की साफ-सफाई, सजावट व व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दिया जा रहा है। महापर्व के मुख्य दिन रविवार शाम को व्रती जलाशयों व छठ घाटों पर पहुंचकर अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य देंगे। अगले दिन सोमवार सुबह उदीयमान सूर्य को अर्घ्य अर्पित कर व्रत का पारण किया जाएगा। पूजा में बांस के सूप व टोकरी में मौसमी फल, गन्ना, नारियल, ठेकुआ सहित पारंपरिक प्रसाद सजाकर अर्पित किया जाता है, जिसकी बाजार में स्टाल सजने लगी हैं।

अमरजीत सिंह भंडाल की अंतिम अरदास



श्रीकरणपुर। चक 40 एच निवासी स्व. स. तारा सिंह भंडाल के पुत्र, कपूर सिंह भण्डाल के अनुज व रविन्द्र सिंह के पिता अमरजीत सिंह भण्डाल का 01 नवम्बर को निधन हो गया था। उनकी आत्मिक शांति हेतु पाठ का भोग एवं अंतिम अरदास 12 नवंबर को दोपहर 12:30 बजे गुरुद्वारा सिंह सभा श्रीकरणपुर में पड़ेगा। उनका निधन 1 नवंबर को हो गया है।

प्रभात फेरियों में उमड़ रहा संगतों का उत्साह, 24 नवंबर को श्रद्धा व उत्साह के साथ होगा मुख्य आयोजन, सजेंगे कीर्तन दरबार

श्रीकरणपुर में श्री गुरु नानक देव जी के प्रकाशोत्सव की तैयारियां जोरों पर

सीमा सन्देश # श्रीकरणपुर



श्री गुरु नानक देव जी के 557वें प्रकाश उत्सव के उपलक्ष्य में श्री अरोड़वंश सनातन धर्म मंदिर प्रबंधन समिति की ओर से प्रभात फेरियों का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम को लेकर संगतों में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है।

गुरुद्वारा साहिब के प्रधान विनय तनेजा ने बताया कि प्रभात फेरियों का क्रम 10 नवंबर से शुरू होकर 23 नवंबर तक चलेगा। मुख्य आयोजन 24 नवंबर, मंगलवार को श्रद्धा और उत्साह के साथ किया जाएगा।

अखंड पाठ साहिब के समापन पर होगा कीर्तन दरबार : विनय तनेजा ने बताया कि 20 नवंबर से शुरू होने वाली श्री अखंड पाठ साहिब की लड़ी का समापन भोग 24 नवंबर को सुबह 10 बजे डाला जाएगा। इसके बाद कीर्तन दरबार का आयोजन होगा। उन्होंने बताया कि 23 और 24 नवंबर को रात्रि 8 बजे से विशेष कीर्तन दरबार सजाया जाएगा। कीर्तन दरबार में पंजाब के विभिन्न स्थानों से आए रागी एवं संत गुरु नानक देव जी की शिक्षाओं और जीवनी पर प्रकाश डालेंगे। इसमें पंजाब के पंजग्राही से बाबा निर्भय सिंह, हरारायपुर से बाबा तरसेम सिंह तथा रामा मंडी से रागी गरीब सिंह शब्द-कीर्तन कर संगतों को निहाल करेंगे।

प्रभात फेरियों का जगह-जगह स्वागत : गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के सचिव सतेंद्र सलुजा ने बताया कि प्रभात फेरियों के दौरान संगतों में विशेष उत्साह देखा जा रहा है। अब तक प्रभात फेरी डॉ. विनोद सेठी, मोहनलाल मिढा, श्याम सुंदर मोंगा, अशोक रस्सेवट और केवल कृष्ण गुंबर के निवास स्थानों पर पहुंची। उन्होंने बताया कि जहां भी प्रभात फेरी पहुंचती है, वहां परिवारों की ओर से पुष्प वर्षा और आतिशबाजी कर संगतों का स्वागत किया जा रहा है। प्रभात फेरियों के दौरान शब्द-कीर्तन के साथ सरबत के भले की अरदास भी की जा रही है। प्रकाश उत्सव को लेकर क्षेत्र में धार्मिक वातावरण बना हुआ है और श्रद्धालु बढ़-चढ़कर कार्यक्रमों में भाग ले रहे हैं।

नगर कीर्तन में शामिल होंगी संगतें

मुख्य आयोजन के दिन 24 नवंबर को सुबह 11:30 बजे से गुरु का लंगर-प्रसाद शुरू होगा। इसके बाद दोपहर 2 बजे पुष्पों से सुसज्जित श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी की सवारी के साथ नगर कीर्तन शोभायात्रा निकाली जाएगी। शोभायात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है।

नशे के कारोबार पर सरपंच का सख्त रुख, बराड़ बोले- दस दिन में छोड़ें यह धंधा

भगवानसर के नवनिर्वाचित सरपंच लखवीर सिंह ने जनता के बीच रहकर काम करने का किया ऐलान

सीमा सन्देश # मानकसर। सूरतगढ़ पंचायत समिति की ग्राम पंचायत भगवानसर के नवनिर्वाचित सरपंच लखवीरसिंह बराड़ ने पद संभालने के बाद अपने सार्वजनिक संबोधन में गांव की प्रमुख समस्याओं को ध्लेकर सख्त रुख अपनाने का संदेश दिया। करीब साढ़े 3 मिनट के संबोधन में नशे के कारोबार, स्कूल के आसपास हुड़दंग और पंचायत कार्यों में पारदर्शिता को लेकर कही गई बातें ग्रामीणों में चर्चा का विषय बनी हुई हैं। गांव के ग्वाड़ में आयोजित समारोह में नवनिर्वाचित सरपंच लखवीर सिंह बराड़, 28 पीबीएन के सरपंच महेंद्र पुनिया और भगवानसर ग्राम पंचायत के वार्ड पंचों का ग्रामीणों की ओर से अभिनंदन किया। कार्यक्रम में भीखचंद हुड्डा, कविता हुड्डा, लालचंद हुड्डा, ओमप्रकाश गुर्जर व ग्रामीण मौजूद रहे।



सोशल मीडिया से दूरी, काम से पहचान बनाने का संकल्प : सरपंच ने कहा कि उनका कोई सोशल मीडिया अकाउंट नहीं है और वे पंचायत के कार्यों का प्रचार फोटो या पोस्ट के माध्यम से करने में विश्वास नहीं रखते। उन्होंने कहा कि उनका उद्देश्य सोशल मीडिया पर सक्रिय रहना नहीं, बल्कि गांव के लोगों के बीच रहकर समस्याओं का समाधान करना है।



नशा बेचने वालों को 10 दिन का अल्टीमेटम : सरपंच बराड़ ने कहा कि गांव में कुछ स्थानों पर नशे के कारोबार की शिकायतें सामने आई हैं। उन्होंने ऐसे लोगों को चेतावनी देते हुए कहा कि वे 10 दिन के भीतर यह अवैध काम बंद कर दें। युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ करने वाली किसी भी गतिविधि को पंचायत बर्दाश्त नहीं करेगी। उन्होंने कहा कि गांव को नशामुक्त बनाने के लिए ग्रामीणों के सहयोग से प्रभावी कदम उठाए जाएंगे। उन्होंने स्कूल समय में विद्यालय के बाहर तेज आवाज वाले साइलेंसर लगाकर मोटरसाइकिल चलाने और हुड़दंग करने वाले युवकों को भी चेतावनी दी। उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि वे अपने बच्चों की गतिविधियों पर नजर रखें व अनुशासन का महत्व समझाएं।

बुजुर्गों के मार्गदर्शन में करेंगे विकास

बराड़ ने कहा कि वे गांव के सबसे छोटे लोगों में हैं और बुजुर्गों के आशीर्वाद एवं मार्गदर्शन से पंचायत का संचालन करेंगे। हर निर्णय में ग्रामीणों को साथ लेकर चलने का प्रयास रहेगा।

उन्होंने कहा कि पुराने कामों की तुलना करने या आरोप-प्रत्यारोप की राजनीति के बजाय उनका ध्यान गांव के विकास और जनता का विश्वास जीतने पर रहेगा।

उन्होंने भरोसा दिलाया कि पांच साल तक पूरी ईमानदारी और समर्पण के साथ पंचायत क्षेत्र की सेवा करेंगे।

सूरतगढ़ : परम्परागत रूप से मनाया भैया दूज पर्व



सीमा सन्देश # सूरतगढ़। शहर में भाई-बहन के स्नेह, विश्वास व आत्मीयता का प्रतीक भैया दूज का पर्व परंपरागत उल्लास के साथ मनाया गया। बहनों ने भाइयों के माथे पर तिलक लगाकर व मुंह मीठा करवाकर उनकी दीर्घायु की कामना की, जबकि भाइयों ने उपहार भेंट कर रक्षा का संकल्प दोहराया। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार इसका संबंध यमराज व यमुना से है, जिससे इसे यम द्वितीया भी कहते हैं। इसके साथ ही धनतेरस से शुरू हुए पांच दिवसीय दीपोत्सव का समापन हो गया। पर्व ने घरों में पारिवारिक आत्मीयता के रंग बिखेरे।

दीपोत्सव पर बालाजी युवा शक्ति मंच ने बांटी खुशियां



सीमा सन्देश # सूरतगढ़। शहर में पंचदिवसीय दीपोत्सव के दौरान मनोकामनेश्वर श्री बालाजी युवा शक्ति मंच धार्मिक व मानव कल्याण ट्रस्ट ने धार्मिक अनुष्ठानों के साथ अनूठे सेवा कार्य किए। मंदिर परिसर में राम नाम का जाप कर भोलेनाथ व बालाजी महाराज का गुणगान किया गया और दीप प्रज्ज्वलित कर दीपावली की खुशियां साझा की गईं। इस दौरान श्रद्धालुओं के लिए विशेष प्रसाद व लंगर का आयोजन किया गया। ट्रस्ट की ओर से आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को मिठाइयां, दीपक, पटाखे और अन्य आवश्यक खाद्य सामग्री भेंट की गई। ट्रस्ट अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक संजय कौशिक ने बताया कि ट्रस्ट का मुख्य उद्देश्य धार्मिक आयोजनों के साथ जरूरतमंदों की सहायता करना है। इन आयोजनों को सफल बनाने में उपाध्यक्ष टीना शर्मा, साहिल कौशिक, इंद्राज शर्मा, विजय कुमार, संदीप कौशिक, देव विजय, गौरांग, मनीष अग्रवाल, अनिल, विमल, कमल, मोनिका शर्मा, परी मेघवाल और विनिता आदि का विशेष योगदान रहा।

पंचायत चुनाव: भाजपा के पूर्णपालसिंह को मिल रहा समर्थन

पुराने कांग्रेसी परिवार सहित अन्य लोग साथ आए



श्रीकरणपुर। इन दिनों पंचायत चुनाव को लेकर चुनावी गतिविधियां अपने पूरे यौवन पर चल रही हैं। गांव - गांव प्रत्याशियों द्वारा जनसंपर्क किया जा रहा है। पंचायत समिति सदस्य के लिए चुनाव मैदान में उतरे गांव 39 एच बुर्जवाला निवासी पूर्णपाल सिंह बराड़ जोन संख्या एक (ग्राम पंचायत 36 एच नग्गी व 14 एस माझीवाला) को मतदाताओं का समर्थन मिल रहा है। उनकी जीते के दावे भी किये जा रहे हैं।

ग्राम 36 एच नग्गी में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं पिछले करीब 40 वर्षों से कांग्रेस पार्टी से जुड़े रहे शोचंद मेघवाल ने भाजपा युवा नेता समनदीप सिंह वडिंग के नेतृत्व में कांग्रेस पार्टी छोड़कर भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। भाजपा परिवार में शामिल होकर पूर्णपाल सिंह बराड़ के पक्ष में जोन संख्या एक के मतदाताओं से संपर्क साधने लगे हैं। शोचंद मेघवाल का भाजपा परिवार में अभिनंदन किया गया।

सिंचाई तंत्र को मजबूत बनाने के लिए मुख्यमंत्री ने किए अभूतपूर्व कार्य : बराड़

ग्रामीण क्षेत्रों में नुक्कड सभाएं कर भाजपा प्रत्याशियों के लिए मांगे वोट

सीमा सन्देश # सादुलशहर। विधायक गुरवीर सिंह बराड ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा सरकार ने सिंचाई तंत्र को मजबूत करने के लिए अभूतपूर्वक कार्य करवाए हैं। वे बुधवार को गांव धींगतानिया, प्रतापपुरा सहित विभिन्न गांवों में पंचायत राज चुनाव अंतर्गत जिला परिषद एवं पंचायत समिति डायरेक्टर पद के भाजपा प्रत्याशियों के पक्ष में नुक्कड सभाएं कर रहे थे। उन्होंने यह भी कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में कॉमन शेड, स्टूडेंट्स के लिए लाइब्रेरी, स्कूलों में कंप्यूटर लैब, खेल सुविधा एवं जिम आदि की व्यवस्था करने का कार्य शुरू किया, जो अब भी जारी है। ग्रामीण क्षेत्रों में भी शहरों की तर्ज पर सुविधाएं उपलब्ध करवाने की दिशा में कारगर कार्य तभी हो पाएंगे जब गांव की सरकार भी बीजेपी की बनेगी।



इसलिए भाजपा प्रत्याशियों, जिला परिषद डायरेक्टर उम्मीदवार पंचायत समिति डायरेक्टर प्रत्याशी सीतो बाई, जिला परिषद डायरेक्टर संदीप कौर कडवासरा एवं नूरपुरा ग्राम पंचायत सरपंच के लिए विश्वास पूनिया के पक्ष में मतदान करने का आग्रह भी किया गया। वहीं कृषि उपज मंडी समिति के पूर्व चेयरमैन साहबराम पूनिया, पूर्व डायरेक्टर राकेश कुमार ओढ, पूर्व पार्षद विनोद जांदू, भाजपा देहात मंडल अध्यक्ष निशान सिंह कडवासरा, आनंद सिंह ने भी नुक्कड सभाओं का संबोधित किया। इस दौरान काफी संख्या में ग्रामीण, महिलाएं एवं युवा मौजूद थे।

रतनगढ़ में श्रीराम कथा का आयोजन

सीमा सन्देश # रतनगढ़। शहर के पोद्दार गेस्ट हाउस में व्यास परिवार के तत्वावधान में 11 से 19 नवंबर तक आयोजित 9 दिवसीय पावन श्रीराम कथा में श्रद्धा और भक्ति का सैलाब उमड़ पड़ा। प्रतिदिन दोपहर 12.15 से शाम 4.15 बजे तक हो रही कथा में व्यासपीठ पर विराजमान परम पूज्य संत श्री प्रह्लाद जी महाराज ने अपने श्रीमुख से रामकथा के प्रसंग सुनाए। कथा के दौरान भगवान श्रीराम के आदर्शों, मयार्दा और जीवन मूल्यों का संदेश दिया गया। इस अवसर पर पूर्व मंत्री राजकुमार रिणवा एवं श्यामलाल पारीक ने कथा श्रवण की। आयोजन समिति व व्यास परिवार के कुणाल व्यास, राहुल व्यास, कुलदीप व्यास, मनोज जोशी, नीलमणि नोहाल, सुशील शर्मा नागेश शर्मा और शंकरलाल शर्मा सहित गणमान्यजनों ने आत्मीय स्वागत किया।



चूरू: 231 ग्राम पंचायतों में पंचायतीराज चुनाव को लेकर चुनावी सरगर्मियां तेज

सीमा सन्देश # चूरू। जिले में पंचायतीराज चुनाव के चौथे चरण को लेकर 231 ग्राम पंचायतों में चुनावी हलचल तेज हो गई है। गांवों में सरपंच और पंच पद के संभावित दावेदारों ने सक्रियता बढ़ाते हुए घर-घर संपर्क और सामाजिक समीकरणों के जरिए जमीन मजबूत करनी शुरू कर दी है। कई जगहों पर निर्विरोध चुनाव के प्रयास भी जारी हैं। चौथे चरण में चूरू, चूरू उत्तर, रतनगढ़, सुजानगढ़, तारानगर ईस्ट और तारानगर वेस्ट भालेरी पंचायत समितियों की ग्राम पंचायतों में चुनाव होंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 15 नवंबर को सरपंच पद के लिए नामांकन दाखिल किए जाएंगे तथा 16 नवंबर को पंच-सरपंच पदों के लिए मतदान कराया जाएगा। इस चरण में पंचायत समिति चूरू की 32, चूरू उत्तर की 29, रतनगढ़ की 59, सुजानगढ़ की 51, तारानगर ईस्ट की 33 और तारानगर वेस्ट भालेरी की 27 ग्राम पंचायतों में चुनाव होंगे।

घर से साढ़े आठ लाख रुपए चोरी

सीमा सन्देश # सूरतगढ़। वार्ड 1 में दिनदहाड़े एक मकान में घुसकर अज्ञात कमरे और स्टोर के ताले तोड़कर 8.50 लाख नकद चोरी कर ले गया। पीड़ित अनिल स्वामी ने सिटी थाने में मामला दर्ज करवाया है। पुलिस के अनुसार परिवादी ने बताया कि उसने चक 3 एसएम मंडी की 465 आरडी स्थित कृषि भूमि बेची थी। इससे प्राप्त राशि केसीसी खाते में जमा करवानी थी, लेकिन बैंक में अवकाश होने के कारण नकदी घर पर रखी थी। 10 नवंबर की दोपहर अज्ञात मकान में घुसा और ताले तोड़कर नकदी लेकर फरार हो गया। परिवादी ने अपने पुराने परिचित रावला निवासी अरविंद बिश्नोई पर संदेह जताया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच एएसआई राजेंद्र कुमार को सौंपी है।

विकास की गति जारी रखने के लिए ट्रिपल सरकार बनायें : सरदूल सिंह

सीमा सन्देश # श्रीकरणपुर। अगर ग्रामीण क्षेत्रों में विकास की गति को बराबर जारी रखना चाहते हैं तो आवश्यक हो जाता है कि हम इस बार ग्रामीण सरकार भी भाजपा की बनाई जाऐ ताकि भाजपा की ट्रिपल सरकार बनने पर गांव में चल रही विकास की गति को और भी गति मिल सके। यह विचार व्यक्त करते हुए भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व जिला अध्यक्ष सरदूल सिंह 7 डब्ल्यू ने कहा कि इन दोनों जिला परिषद सदस्यों , पंचायत समिति सदस्यों एवं सरपंचों - पंचों के चुनाव होने जा रहे हैं, जिसमें भाजपा के लिए मतदान करना अति आवश्यक हो जाता है। उन्होंने कहा कि हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा द्वारा राजस्थान के लिए विशेष विकास कार्य किऐ जा रहे हैं, जिस कारण राजस्थान ने अपनी विशेष पहचान बना ली है। सरकार के पास ग्रामीण विकास के लिए अनेक योजनाएं लंबित पड़ी हैं, जिन्हें तभी किया जाएगा जब जिला प्रमुख , पंचायत समिति के प्रधान व सरपंच भाजपा के बनेंगे। ट्रिपल सरकार बनने के बाद आपसी तालमेल के चलते विकास कार्यों को और भी गति मिलेगी। उन्होंने मतदाताओं से आग्रह किया है कि वह भाजपा प्रत्याशियों के पक्ष में मतदान करते हुए जिला प्रमुख , पंचायत समिति प्रधान व सरपंच भाजपा के ही चुने ताकि विकास की गति ओर भी तेज हो सके।



राष्ट्रीय राजमार्ग-52 पर भीषण सड़क हादसा: एक महिला की मौत, चार घायल

सीमा सन्देश # चूरू। के राष्ट्रीय राजमार्ग-52 पर झंकार होटल के पास दो कारों की भीषण भिड़ंत में 50 वर्षीय कुसुम की मौत हो गई और चार अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हरियाणा के सतनाली निवासी प्रदीप का परिवार पातलीसर गांव में गमी में शामिल होकर लौट रहा था। झंकार होटल के पास सीएनजी भरवाकर सड़क पर चढ़ते समय एक तेज रफ्तार कार ने उनकी गाड़ी को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार सड़क पर 4-5 बार पलट गई और दूसरी कार का चालक मौके से फरार हो गया। अस्पताल चौकी पुलिस ने घायलों–विजय सिंह, प्रदीप, शशि और उम्मेद कंवर–को डीबी अस्पताल के आपातकालीन वार्ड में भर्ती कराया, जहां चिकित्सकों ने कुसुम को मृत घोषित कर दिया। मृतका का शव मोर्चरी में रखवाया गया है। पुलिस फरार चालक की तलाश में जुटी है।

भामाशाह मनमोहन गुप्ता परिवार की पहल, पूजा-अर्चना के साथ हुआ शिलान्यास

जीर्णोद्धार: श्री हनुमान मंदिर में बनेगा बड़ा शेड

सीमा सन्देश # श्रीकरणपुर। मंडी ब्लॉक स्थित बड़े पंचायती श्री हनुमान जी मंदिर के जीर्णोद्धार कार्य के तहत अब मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए 7040 फीट आकार का विशाल शैड बनाया जाएगा। शैड निर्माण का शिलान्यास बुधवार को विद्वान ब्राह्मणों द्वारा विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर किया गया। इस पुनीत अवसर पर श्री गौशाला के पूर्व अध्यक्ष एवं भामाशाह स्व. सेठ रामदत्त अग्रवाल के सुपुत्र तथा श्री गौशाला अध्यक्ष भामाशाह मनमोहन गुप्ता (पप्पू जी) अपनी धर्मपत्नी नीमा गुप्ता के साथ उपस्थित रहे। उन्होंने पूजा-अर्चना में भाग लेकर निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में पवन बुड़ाकिया, विनोद लखोटिया, दीपक अग्रवाल, जिंदल, हरिओम गुप्ता सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। मंदिर प्रबंधन से मिली जानकारी के अनुसार, यहां समय-समय पर आयोजित होने वाले धार्मिक कार्यक्रमों में गर्मी के मौसम में श्रद्धालुओं को बैठने में परेशानी का सामना करना पड़ता था। भामाशाह सेठ रामदत्त अग्रवाल परिवार की ओर से बनाए जा रहे इस शैड के निर्माण के बाद श्रद्धालुओं को गर्मी, सर्दी और अन्य मौसम में काफी सुविधा मिलेगी। मंदिर परिसर में होने वाले धार्मिक आयोजनों में आने वाली संगत को बेहतर व्यवस्था उपलब्ध हो सकेगी। मंदिर के रंग-रोगन सहित अन्य कार्यों के बाद यह निर्माण कार्य श्रद्धालुओं के लिए एक बड़ी सुविधा साबित होगा।





गुलमर्ग में आज मौसम की पहली भारी बर्फबारी : चारों तरफ बिछी सफेद चादर और गिरते बर्फीले फाहे। सैलानी इस खूबसूरत 'विंटर वंडरलैंड' का आनंद लेते हुए बेहद उत्साहित नजर आ रहे हैं।

ग्लोबल न्यूज

अमेरिकी कंपनी ने कर्मचारियों को दिया 3 दिन का वीकऑफ, तीन साल में 160% बढ़ा रेवेन्यू



अमेरिका की सोशल मीडिया एजेंसी ब्रिक मीडिया ने जनवरी-2023 में कर्मचारियों के लिए 4 दिन का वर्कवीक शुरू किया। इसके तहत कर्मचारियों को शुक्रवार की भी छुट्टी मिलती है जबकि वेतन और सुविधाएं पहले जैसी रहती हैं। कंपनी के उएड जेक कुट्र्ज.के मुताबिक, इस बदलाव के बाद 2023 से तीन वर्षों में कंपनी का कुल रेवेन्यू 160% बढ़ गया।

भारत-अमेरिका ट्रेड डील पर आई बड़ी खुशखबरी, मिडटर्म चुनाव के नतीजों का नहीं पड़ेगा असर



अमेरिका में मिडटर्म चुनावों में रिपब्लिकन को झटका लगने के बावजूद भारत-अमेरिका व्यापार समझौते पर बातचीत जारी रहने की उम्मीद है। अमेरिकी टीम ने 2-3 नवंबर को भारत दौरे में टैरिफ और व्यापार सुविधा पर चर्चा की। भारत चाहता है कि फरवरी-2026 के अंतरिम समझौते में तय 18% टैरिफ से भी बेहतर शर्तें मिलें ताकि वह बांग्लादेश-वियतनाम से मुकाबला कर सके।

अमेरिकी मिलिट्री बेस के पास दिखा जेलीफिश के आकार का 'UFO', वीडियो आया सामने



अलास्का (अमेरिका) में एक महिला ने अमेरिकी सैन्य अड्डे के पास जेलीफिश के आकार का एक विशाल UFO दिखने का दावा किया और इसका वीडियो भी शेयर किया। बकौल महिला, यह करीब 3 मिनट तक दिखाई दिया और फिर गायब हो गया। कई यूजर्स ने इस पर सवाल किया कि यह सब अमेरिका में ही क्यों दिखता है?

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' ने वीडियो क्लिपिंग टूल किया लॉन्च



सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म X ने नया वीडियो क्लिपिंग फीचर लॉन्च किया है। इसकी मदद से यूजर्स लंबे वीडियो के 5 से 60 सेकंड तक के छोटे क्लिप बनाकर अपनी टिप्पणी के साथ शेयर कर सकेंगे। हर क्लिप पर मूल वीडियो का लिंक भी होगा। यूजर और मूल वीडियो क्रिएटर, दोनों के रिवॉर्ड प्रोग्राम के तहत कमाई कर सकेंगे।

नासा के एस्केपेड यानों ने पूरी की 'अर्थ फ्लाईबाई', मंगल की ओर हुए रवाना



NASA के एस्केपेड-मिशन के दोनों यानों ने 7 और 9 नवंबर को 'पावर्ड अर्थ फ्लाईबाई' (पृथ्वी के पास इंजन चलाकर दिशा बदलने की तकनीक) से अपनी दिशा मंगल की ओर मोड़ी। नवंबर, 2025 में लॉन्च हुए यान सितंबर, 2027 तक मंगल पर पहुंचेंगे और वहां चुंबकीय वातावरण का अध्ययन करेंगे। NASA ने पहली बार इस तकनीक का उपयोग किया है।

लोग सिर्फ 3 फीट के और घर के दरवाजे भी 3 फीट के, आखिर ईरान के गांव में ऐसा क्यों हुआ?



माखूनिक (ईरान) में कुछ लोगों की हाइट सिर्फ 3-फीट है व घरों के दरवाजे भी 3-फीट के हैं और भारतीय ट्रैवल व्लॉगर आशीष ने इसका वीडियो शेयर किया है। 'लिलिपुट गांव' नाम से मशहूर इसके अधिकतर निवासियों का कद आज सामान्य है। यहां लंबे समय तक कुपोषण और आपस में शादी की वजह से लोगों की हाइट कम रह गई।

कोचेला 2027 में फिर गूंजेंगे दिलजीत दोसांझ के सुर, 4 साल बाद करेंगे धमाकेदार वापसी



गायक दिलजीत दोसांझ कोचेला 2027 के आधिकारिक लाइनअप में शामिल हुए हैं। वह 9 और 16 अप्रैल 2027 को कैलिफोर्निया के इंडियो में परफॉर्म करेंगे। 2023 में कोचेला में पहले मुख्यधारा के भारतीय कलाकार बनने के 4 साल बाद यह वापसी होगी। दुआ लिपा, मैडोना और रेअ भी इस लिस्ट में लाइनअप हैं।

आईपीएल 2027 सीजन से पहले हार्दिक पंड्या और अर्शदीप सिंह का ट्रेड

पंड्या पंजाब किंग्स में जाएंगे, अर्शदीप मुंबई से जुड़ेंगे; दोनों की फीस 18-18 करोड़ रु.

आईपीएल 2027 सीजन से पहले मुंबई इंडियंस और पंजाब किंग्स के बीच बड़ा ट्रेड हुआ है। स्टार ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या मुंबई इंडियंस छोड़कर पंजाब किंग्स से जुड़ गए हैं। वहीं, पंजाब ने अपने तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह को मुंबई इंडियंस के साथ ट्रेड किया है। आईपीएल की ओर से जारी बयान के मुताबिक, हार्दिक की फीस 16.35 करोड़ से बढ़कर 18 करोड़ हो गई है। अर्शदीप 18 करोड़ की मौजूदा फीस पर ही मुंबई से जुड़े हैं।



कप्तानी को लेकर फ्रेंचाइजी का बयान

हार्दिक पिछले सीजन मुंबई इंडियंस के कप्तान थे। नए कप्तान के ऐलान को लेकर फ्रेंचाइजी ने स्टेटमेंट जारी किया है। फ्रेंचाइजी ने अपने बयान में कहा- आईपीएल 2027 के लिए कप्तानी के विकल्पों पर सोच-समझकर फैसला लिया जाएगा। टीम के नए कप्तान का ऐलान सही समय पर किया जाएगा। फिलहाल फ्रेंचाइजी ने कप्तानी को लेकर कोई नाम का ऐलान नहीं किया है।

पहली बार पंजाब के अलावा किसी दूसरी टीम से खेलेंगे अर्शदीप

अर्शदीप ने 2019 में पंजाब किंग्स के लिए आईपीएल डेब्यू किया था। अब तक वे इसी फ्रेंचाइजी के लिए खेले हैं। उन्होंने 96 मैचों में 111 विकेट लिए हैं। इस दौरान उनकी इकोनॉमी 9.18 रही। पंजाब के पास भारतीय तेज गेंदबाजों में यश ठाकुर और विजयकुमार वैशाक भी हैं।

हार्दिक ने मुंबई के लिए 10 सीजन खेले

हार्दिक ने 2015 से 2021 तक लगातार 7 सीजन और 2024 से 2026 तक 3 सीजन मुंबई के लिए खेले। इस बीच वे 2022 और 2023 में गुजरात टाइटंस का हिस्सा रहे। हार्दिक आईपीएल 2026 के बाद खुद ही मुंबई की टीम छोड़ना चाहते थे।

नीरज ने शूटिंग चैंपियनशिप में ब्रॉन्ज जीता:ओलिंपिक कोटा हासिल किया

50 मीटर राइफल थ्री पोजिशंस में 346.5 पॉइंट्स हासिल किया



भारत के नीरज कुमार ने कतर में चल रही आईएसएसएफ वर्ल्ड चैंपियनशिप में ब्रॉन्ज मेडल जीता है। इसके साथ ही उन्होंने देश के लिए 2028 लॉस एंजिलिस ओलिंपिक का कोटा हासिल कर लिया है। नीरज ने बुधवार को पुरुषों की 50 मीटर राइफल थ्री पोजिशंस स्पर्धा के फाइनल में 346.5 पॉइंट्स के साथ तीसरा स्थान हासिल किया। इस चैंपियनशिप में भारत का यह दूसरा ओलिंपिक कोटा है। इससे पहले जयपाल मालवीय ने पुरुषों की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में सिल्वर मेडल जीतकर ओलिंपिक कोटा हासिल किया था।

आखिरी दौर में 9.4 पॉइंट्स से फिसले नीरज : नीरज फाइनल में सिल्वर मेडल की दौड़ में बने हुए थे, लेकिन आखिरी दौर में 9.4 पॉइंट्स के शॉट के कारण उन्हें तीसरे स्थान से संतोष करना पड़ा। फाइनल में पहुंचे दूसरे भारतीय ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर 323.7 पॉइंट्स के साथ पांचवें स्थान पर रहे। यह मुकाबला कतर के लुसैल शूटिंग रेंज में खेला गया।

गुरनूर बरार को वनडे गेंदबाजी रैंकिंग में 60 स्थान का फायदा

टॉप-4 में तीन भारतीय; गिल नंबर-1 पर कायम



भारतीय तेज गेंदबाज गुरनूर बरार को आईसीसी की ताजा वनडे रैंकिंग में 60 स्थान का फायदा हुआ है। वे गेंदबाजों की रैंकिंग में 48वें नंबर पर पहुंच गए हैं। वहीं बल्लेबाजों की रैंकिंग में भारत के तीन खिलाड़ी टॉप-4 में शामिल हैं। शुभमन गिल 822 रेटिंग पॉइंट्स के साथ पहले स्थान पर कायम हैं। उनके अलावा विराट कोहली तीसरे और रोहित शर्मा चौथे नंबर पर बरकरार हैं।

गेंदबाजी रैंकिंग में अक्षर-अर्शदीप को भी फायदा : भारत और न्यूजीलैंड के बीच जारी वनडे सीरीज में गुरनूर बरार ने शानदार गेंदबाजी की है। उन्होंने 3 मैचों में 7 विकेट लिए। बरार के अलावा अक्षर पटेल को भी गेंदबाजी रैंकिंग में फायदा हुआ है। वे 23 स्थान ऊपर चढ़कर 21वें नंबर पर पहुंच गए हैं। अर्शदीप सिंह 11 स्थान की छलांग लगाकर संयुक्त रूप से 31वें नंबर पर आ गए हैं।

रहमत शाह टॉप-10 टेस्ट रैंकिंग में शामिल होने वाले पहले अफगानी खिलाड़ी : अफगानिस्तान के टेस्ट और वनडे कप्तान रहमत शाह आईसीसी की टेस्ट बल्लेबाजों की रैंकिंग में 7वें नंबर पर पहुंच गए हैं। वे कठु की पुरुष टेस्ट रैंकिंग की किसी भी कैटेगरी के टॉप-10 में जगह बनाने वाले अफगानिस्तान के पहले खिलाड़ी बन गए हैं। रहमत ने जिम्बाब्वे के खिलाफ शारजाह में खेले गए पहले टेस्ट में 173 रन बनाए थे। यह उनके टेस्ट करियर का पांचवां शतक था। इस साल उन्होंने दूसरी बार सेंचुरी लगाई।

जैकब बेथेल ऑस्ट्रेलिया सफेद गेंद दौरे से बाहर हुए



पर्थ (वार्ता) इंग्लैंड के युवा ऑलराउंडर जैकब बेथेल दाएं घुटने की चोट से ठीक होने में रुकावट के कारण ऑस्ट्रेलिया के सफेद गेंद दौरे से बाहर हो गए हैं। बेथल को इस सप्ताह की शुरूआत में पर्थ में एक अभ्यास सत्र के दौरान यह चोट लगी थी। स्कैन के बाद उनके दौरे से हटने की पुष्टि हुई। बेथेल हाल ही में जुलाई में भारत के खिलाफ वनडे सीरीज के दौरान लगी घुटने की चोट से उबरने के बाद इंग्लैंड की वनडे टीम में लौटे थे। वह शनिवार को विशेषज्ञ से सलाह लेने के लिए स्वदेश लौटेंगे, क्योंकि इंग्लैंड ने आगे सर्दियों के व्यस्त कार्यक्रम को देखते हुए यह सावधानी बरतने का फैसला कर रहा है।

डी सिल्वा 167 और कुसल मेंडिस 117 रन की नाबाद पारियां

दूसरा टेस्ट; पाक से 30 रन पीछे श्रीलंका तीसरे दिन 4 विकेट पर 404 रन बनाए



रावलपिंडी। श्रीलंका ने पाकिस्तान के खिलाफ रावलपिंडी टेस्ट के तीसरे दिन 4 विकेट पर 404 रन बना लिए है। टीम अब पाकिस्तान के पहली पारी के स्कोर से सिर्फ 30 रन पीछे है। दिन का खेल खराब रोशनी के कारण समय से पहले खत्म करना पड़ा। श्रीलंका ने पूरे दिन 60 ओवर बल्लेबाजी की और 249 रन जोड़े। धनंजय डी सिल्वा 167 और कप्तान कुसल मेंडिस 117 रन बनाकर खेल रहे हैं।

पाकिस्तान पूरे दिन सिर्फ 1 विकेट ले सका : दिन की शुरूआत में कमिंदु मेंडिस और धनंजय डी सिल्वा ने पारी को संभाला। दोनों ने चौथे विकेट के लिए 90 रन की साझेदारी की। मोहम्मद अब्बास ने कमिंदु को आउट कर पाकिस्तान को दिन की एकमात्र सफलता दिलाई। इसके बाद कोई भी गेंदबाज विकेट नहीं ले सका।

डी सिल्वा और मेंडिस के बीच 249 रन की साझेदारी हो चुकी : डी सिल्वा ने 241 गेंदों पर 167 रन बनाए। यह उनके टेस्ट करियर का 14वां शतक है। वहीं, कप्तान कुसल ने 188 गेंदों पर नाबाद 117 रन की पारी खेली। बतौर कप्तान यह उनका पहला टेस्ट शतक और करियर का 11वां शतक है। दोनों अब तक पांचवे विकेट के लिए 360 गेंद पर 249 रन की साझेदारी कर चुके हैं। हालांकि इस दौरान डी सिल्वा को 40 रन पर स्लिप में जीवनदान भी मिला।

पाकिस्तान ने 434/9 के स्कोर पर पारी घोषित की : पाकिस्तान ने पहली पारी 106.3 ओवर में 9 विकेट पर 434 रन बनाकर घोषित की थी। टीम की ओर से सऊद शकील ने 93, तैयब आरिफ ने 57, अराफात मिन्हास ने 52 और मोहम्मद ताहा ने 51 रन बनाए थे।

अर्शदीप ने समरीन से की सगाई, तस्वीरें की शेयर



अर्शदीप सिंह और अभिनेत्री-मॉडल समरीन कौर ने बुधवार को अपनी सगाई का एलान किया। समरीन ने प्रपोजल और सगाई की अंगूठी की तस्वीरें शेयर करते हुए लिखा, ज़िंदगी ने हमें जो कुछ दिया, उसमें सबसे खूबसूरत तोहफा एक-दूसरे का साथ है। अर्शदीप ने जुलाई में अपने रिश्ते का खुलासा किया था।

इंग्लैंड सीरीज के लिए इंडिया ए टीम में ऑलराउंडर श्रेयंका पाटिल शामिल

मुंबई (वार्ता) ऑलराउंडर श्रेयंका पाटिल को इंग्लैंड ए के खिलाफ होने वाली सीरीज के लिए इंडिया ए टीम में चुना गया है। यह सीरीज



पुणे और मुंबई में 30 नवंबर से शुरू होगी और इसमें सभी फॉर्मेट (टी20, वनडे और रेड बॉल) के मैच खेले जाएंगे। श्रेयंका ने अपना आखिरी इंटरनेशनल मैच एशियाई खेलों में खेला था, जहां भारत ने जीत हासिल की थी। इसके बाद उन्हें जिम्बाब्वे के खिलाफ घरेलू सीरीज और दक्षिण अफ्रीका के आगामी दौरे के लिए टीम में जगह नहीं मिली थी। अब उन्हें तीनों फॉर्मेट की टीमों में शामिल किया गया है। उनके साथ मीनू मणि, शिप्रा गिरी, तनीषा सिंह और साइमा ठाकोर को भी तीनों फॉर्मेट की टीमों में जगह मिली है।

तीन टी 20 और वनडे मैचों में इंडिया ए की कप्तानी बल्लेबाज अनुष्का शर्मा करेंगी, जबकि मीनू मणि उप-कप्तान होंगी। इसके बाद, रेड बॉल (मल्टी-डे) मैच में मीनू मणि टीम की कप्तानी करेंगी और तेजल हसबनीस उप-कप्तान की भूमिका निभाएंगी।

टी20 बनाम इंग्लैंड ए के लिए भारत ए टीमः अनुष्का शर्मा (कप्तान), मिन्नू मणि (उप-कप्तान), वृंदा दिनेश, तनीषा सिंह, सानिका चालके, निकी प्रसाद, जी कमलिनी, शिप्रा गिरी, अमनजोत कौर, श्रेयंका पाटिल, वैष्णवी शर्मा, प्रेमा रावत, साइमा ठाकोर, मोनिका पटेल, काशवी गौतम।

इंग्लैंड ए बनाम वनडे मैचों के लिए भारत ए टीमः अनुष्का शर्मा (कप्तान), मिन्नू मणि (उप-कप्तान), वृंदा दिनेश, तनीषा सिंह, प्रिया पुनिया, निकी प्रसाद, जी कमलिनी, शिप्रा गिरी, तेजल हसब्निस, श्रेयंका पाटिल, अमीषा बहुकंदी, शबनम शकील, साइमा ठाकोर, अंशिता भगत, काशवी गौतम

SUCCESS PICTURES



पो. रजि. नं. श्रीगंगानगर/35/2024-2026, आरएनआई रजि नं. 23665/72

सीमा सन्देश

श्रीगंगानगर, गुरुवार, 12 नवम्बर, 2026

X सोनिया ने किताब में लिखा-राजीव की हत्या की आशंका थीः राहुल ने कहा था- सुरक्षा नहीं बढ़ी तो अमेरिका से अंतिम संस्कार में आना पड़ेगा

बेहद खराब स्थिति ; श्रीगंगानगर में एक्यूआई 200 से 680 के बीच, प्रशासन की ओर से अभी तक इस संबंध में कोई उचित कदम नहीं उठाए गए हैं

पवन, पानी और धरती तीनों पर गहराया संकटः 'पवनु गुरु पाणी पिता...' की पावन सीख भूली मानव सभ्यता, प्रकृति के प्रकोप के मुहाने पर श्रीगंगानगर

रामकिशन शर्मा # श्रीगंगानगर।

'पवनु गुरू पाणी पिता, माता धरति महतु॥ दिवसु राति दुए दायी दाएिआ, खेलै सगल जगतु॥' गुरु नानक देव जी ने सदियों पहले जपुजी साहिब के इस पावन श्लोक के जरिए मानव जाति को प्रकृति और जीवन के बीच का अटूट संतुलन समझाया था। उन्होंने हवा को गुरु की उपाधि दी जो सांस और जीवनदायी ज्ञान देती है; जल को पिता तुल्य बताया जो जीवन का पालन-पोषण करता है; और इस धरा को महत यानी विशाल जननी का दर्जा दिया जो हर जीव को अपनी गोद में समेटती है। दिन और रात दाई और दाया की भांति जीवन की इस क्रीड़ा को आगे बढ़ाते हैं। लेकिन अफसोस, विकास की अंधी दौड़, लालच और लापरवाह नीतियों ने उसी त्रिवेणी—हवा, पानी और मिट्टी—को अपने ही हाथों जहरीला बना दिया है। राजस्थान का अन्न का कटोरा कहलाने वाला सरहदी जिला श्रीगंगानगर आज प्रकृति की इसी अनदेखी का सबसे भीषण दंश झेलने को मजबूर है।

1 हवा में घुला जहर

दूसरे दिन 680 पार पहुंचा एक्यूआई, सांसों पर संकट



जिस हवा को गुरु का दर्जा मिला, वही हवा आज लोगों के फेफड़ों में जहर बनकर उतर रही है। श्रीगंगानगर में वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) दूसरे दिन भी रात दस बजे 680 के भयावह आंकड़े को पार कर चुका है। श्रीगंगानगर बुधवार को विश्व के सातवें प्रदूषित शहरों में शामिल रहा। शहर पर छाई धुंध और स्मॉग केवल दृश्यता ही कम नहीं कर रही, बल्कि बच्चों, बुजुर्गों और आम नागरिकों का दम घोंट रही है। अस्पतालों की ओपीडी में सांस, दमा, आंखों में जलन और छाती के संक्रमण से पीड़ित मरीजों की संख्या बढ़ रही है। हर सांस के साथ शरीर में उतरता यह धीमा जहर चेतावनी दे रहा है कि जिस वायु ने हमें जीवन दिया, हमने उसे कार्बन, धुएं और औद्योगिक अवशेषों से पाटकर जानलेवा बना दिया है। दीवाली वाले दिन तो एक्यूआई 1100 तक पहुंच गया था। हर बार श्रीगंगानगर जिले में ऐसे ही होता है।

नागरिक क्या करें

- सुबह और देर शाम, जब स्मॉग सबसे घना हो, बाहर निकलने से बचें।
- बाहर जाना जरूरी हो तो N95 मास्क पहनें; साधारण कपड़े का मास्क पर्याप्त नहीं।
- खुले में व्यायाम, सैर और खेल फिलहाल टालें।
- बच्चों, बुजुर्गों, गर्भवती महिलाओं और अस्थमा/हृदय रोगियों का विशेष ध्यान रखें।
- सांस फूलना, सीने में जकड़न या लगातार खांसी हो तो तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें।

2 पानी में मिला केमिकल

5000 फैक्टरियों का गंदा अवशेष पी रहा राजस्थान



पिता समान जल की दशा इससे भी बदतर हो चुकी है। सतलुज और ब्यास के जिस प्रवाह पर पश्चिमी राजस्थान का जीवन टिका है, उसमें पंजाब के लुधियाना और जालंधर जैसे औद्योगिक शहरों की 5,000 से अधिक फैक्ट्रियों का अनुपचारित रसायनिक अपशिष्ट और शहरों का गंदा सीवरेज बेधड़क उड़ेला जा रहा है। बुड्ढा नाला और चट्टीविंड नाला औद्योगिक विष को सतलुज के स्वच्छ जल में मिलाकर हरिके पत्तन तक पहुंचाते हैं। जिस जगह सतलुज में यह दूषित पानी डाला जाता है, वहां खड़ा रहना कठिन है। कई लैब में पानी की जांच की गई, जिसमें हैवी मैटल की मात्रा निर्धारित मानक से अधिक पाई गई। एनजीटी और सुप्रीम कोर्ट ने सरकारों और केन्द्रीय प्रदूषण बोर्ड को फटकार लगाई, नोटिस भेजे, लेकिन धरातल पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। यही कारण है कि प्रदूषण फेलाने वालों के हौसले बुलंद है। यही केमिकल युक्त पानी गंगनहर, भाखड़ा प्रणाली और इंदिरा गांधी नहर परियोजना (आईजीएनपी) के जरिए श्रीगंगानगर, हनुमानगढ़, बीकानेर, अनूपगढ़ सहित राजस्थान के 10 से अधिक जिलों की प्यास बुझाने के लिए भेजा जा रहा है। न केवल इंसान बल्कि मूक मवेशी और वन्यजीव भी इसी दूषित जल को पीने को लाचार हैं। परिणाम स्वरूप सीमावर्ती इलाकों में कैंसर, किडनी फेलियर, चर्म रोग और हेपेटाइटिस जैसी असाध्य बीमारियों का जाल फैल चुका है। जिस पानी को पोषण देना था, वह जल स्रोतों की अनदेखी के चलते बीमारियों की सौगात बांट रहा है।

3 मिट्टी खो रही अपनी जान

अधिक पैदावार की होड़ में बंजर होती धरती



तीसरा प्रहार हमारी धरती माता पर हुआ है। अधिक से अधिक उपज लेने की अंधी लालसा में खेतों में कीटनाशकों और रासायनिक खादों (डीएपी और यूरिया) का अंधाधुंध छिड़काव किया गया। जमीन की प्राकृतिक ताकत को समझे बिना उसका अत्यधिक दोहन किया गया। आज स्थिति यह है कि श्रीगंगानगर और आसपास की उपजाऊ मिट्टी धीरे-धीरे बंजर होने की कगार पर पहुंच रही है।

मिट्टी परीक्षण के आंकड़े चौंकाने वाले

1 **जैविक कार्बन का स्तर न्यूनतम :** जिस मिट्टी में जैविक कार्बन 0.75 से 1 प्रतिशत होना चाहिए, वह घटकर 0.2 से 0.3 प्रतिशत के खतरनाक स्तर पर आ गया है।

2 **लवणता और क्षारीयता में वृद्धि :** रासायनिक दवाओं और खराब ड्रेनेज के कारण जमीन में क्षारीयता और लवणता बढ़ गई है, जिससे मिट्टी की जल ग्रहण क्षमता बुरी तरह घट चुकी है।

3 **सूक्ष्म पोषक तत्वों का अकाल :** जिंक, सल्फर, आयरन और बोरॉन जैसे जरूरी पोषक तत्व मिट्टी से तेजी से गायब हो रहे हैं। जमीन बेजान हो रही है और उसे उपजाऊ रखने के लिए किसानों को हर साल रासायनिक उर्वरकों की खुराक बढ़ानी पड़ रही है।

बचा क्या है? आत्ममंथन का वक्त

हवा जहरीली, पानी रसायनों से बजबजाता हुआ और मिट्टी अपनी उर्वरता खोकर बेजान। यह सवाल हर संवेदनशील नागरिक, किसान, नीति-निर्माता और प्रशासन के सामने खड़ा है कि आखिर हमारे पास अगली पीढ़ी को सौंपने के लिए बचा क्या है? क्या हम अपने बच्चों को शुद्ध सांस, एक घूंट स्वच्छ पानी और जहरीले रसायनों से मुक्त अन्न भी नहीं दे पाएंगे?

■ समाधान की दिशा : अब नहीं चेते तो सब खो जाएगा

विनाश के इस चक्र को रोकने के लिए अब सिर्फ बयानों से काम नहीं चलेगा, धरातल पर कड़े कदम उठाने होंगेः

संयुक्त अंतरराज्यीय निगरानी

राजस्थान और पंजाब सरकार को मिलकर हरिके हेड पर रियल-टाइम बायो-मॉनिटरिंग सिस्टम लगाना होगा और प्रदूषण फैलाने वाली औद्योगिक इकाइयों पर जीरो टॉलरेंस की नीति लागू करनी होगी।

प्राकृतिक-जैविक का पुनरागमन

खेतों में गोबर खाद, हरी खाद, फसल चक्र और जैविक कीटनाशकों को बढ़ावा देकर मिट्टी में जैविक कार्बन को फिर से समृद्ध करना होगा।

प्रदूषण पर हो कठोर नियंत्रण

स्थानीय स्तर पर पराली और कूड़ा-कचरा जलाने, अत्यधिक धूल उड़ने और वाहनों से होने वाले उत्सर्जन पर सख्ती से रोक लगानी होगी। प्रकृति के बनाए नियमों का उल्लंघन कर कोई भी सभ्यता अधिक समय तक फल-फूल नहीं सकती। यदि आज हम अपने गुरु (हवा), पिता (जल) और माता (धरती) का सम्मान करना नहीं सीखेंगे, तो कल आने वाली पीढ़ियां हमारे इस घोर अपराध को कभी क्षमा नहीं कर पाएंगी।

न्यूज इन ब्रीफ

चोर बाइक से फिसला, गिरफ्तार

मेरठ। सरूरपुर थाना क्षेत्र के गांव रासना में दो घरों में घुसकर आभूषण और नकदी चोरी करने के मामले में पुलिस ने 25 हजार रुपये के इनामी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान रोहटा थाना क्षेत्र के गांव मिर्जापुर निवासी अनस उर्फ भूरा पुत्र यामीन के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, घेराबंदी के दौरान आरोपी ने भागने का प्रयास किया। पुलिस टीम के पीछा करने पर उसकी बाइक अनियंत्रित होकर फिसल गई, जिससे वह घायल हो गया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी के आभूषण, 22 हजार रुपये नकदी और चोरी की स्प्लेंडर बाइक बरामद की है।

सीकर; हनीट्रेप गैंग का खुलासा

सीकर। पुलिस ने हनीट्रैप मामले में चार आरोपियों को गिरफ्तार कर बुजुर्गों को निशाना बनाने वाले गिरोह का खुलासा किया है। पुलिस के अनुसार, 82 वर्षीय प्रॉपर्टी डीलर को मकान किराए पर लेने के बहाने बुलाकर अश्लील वीडियो बनाया गया और 10 लाख रुपये मांगने का दबाव बनाया गया। गिरफ्तार आरोपियों में कथित मास्टरमाइंड प्रीति मीणा समेत अशोक जाखड़, राहुल मीणा और विकास मीणा शामिल हैं। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

■ **भीलवाड़ा।** आसींद-बदनोर राजमार्ग पर परा गांव चौराहे के पास बुधवार शाम ट्रेलर की टक्कर से बाइक सवार मां-बेटे सहित तीन लोगों की मौत हो गई। मृतकों में गालियां का खेड़ा निवासी रुकमा देवी (40), बेटा गोविंद (20) और भांजा रोशन (23) शामिल हैं। पुलिस ने ट्रेलर जब्त कर चालक की तलाश शुरू कर दी है। हादसे से गांव में शोक छा गया।

■ **हैदराबाद।** नलगोंडा में मंगलवार को एक पति ने अपनी होम गार्ड पत्नी की घरेलू विवाद के बाद हत्या कर दी। आरोप है कि बच्चों के स्कूल जाने के बाद, पति ने महिला का सिर दीवार पर दे मारा और फिर गला घोंटकर जान ले ली।

■ **आगरा।** आगरा के राहुल नगर निवासी दो सगे भाइयों और उनके मौसेरे भाई की इटावा में आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे पर सड़क हादसे में मौत हो गई। धनतेरस पर खरीदी नई आर्टिगा कार से सभी पूजन के लिए गांव जा रहे थे, तभी चौबिया थाना क्षेत्र में कार पीछे से डीसीएम में जा घुसी। हादसे में मोहित, गोविंद और विकास की मौत हो गई, जबकि तीन लोग घायल हुए हैं।

मानसिक स्वास्थ्य के लिए योग-ध्यान अपनाने और संयम बनाए रखने की दी सलाह

युवाओं को आवाज उठानी चाहिए, लेकिन राष्ट्रविरोधी तत्त्वों से रहें दूर : श्री श्री रविशंकर

अहमदाबाद।

आध्यात्मिक गुरु एवं आर्ट ऑफ लिविंग फाउंडेशन के संस्थापक श्री श्री रविशंकर ने 'जेनरेशन जेड' के युवाओं से सामाजिक और राष्ट्रीय मुद्दों पर अपनी आवाज बुलंद करने का आह्वान किया। हालांकि उन्होंने चेतावनी दी कि किसी भी आंदोलन या विरोध-प्रदर्शन में समाज-विरोधी और राष्ट्र-विरोधी तत्वों से दूरी बनाए रखना जरूरी है। उन्होंने कहा कि युवाओं को अपनी सोच पर गैर-जिम्मेदार लोगों को हावी नहीं होने देना चाहिए।

जिम्मेदारी से निभाएं भूमिका

गुजरात के आनंद जिले के अंकालावाड़ी गांव स्थित वसद आश्रम में मीडिया से बातचीत के दौरान रविशंकर ने कहा कि जिन समस्याओं का युवा सामना कर रहे हैं, उनके खिलाफ आवाज उठाना पूरी तरह उचित है। लेकिन आंदोलन में शामिल होते समय यह समझना भी जरूरी है कि कई बार ऐसे मंचों पर राष्ट्र-विरोधी तत्व भी सक्रिय हो जाते हैं। इसलिए युवाओं को सजग रहकर सही लोगों का साथ चुनना चाहिए।



आक्रोश और अवसाद से बचें

उन्होंने कहा कि आज के युवा अक्सर दो चरम स्थितियों की ओर बढ़ रहे हैं। कुछ छोटी-छोटी बातों पर अत्यधिक आक्रामक हो जाते हैं, जबकि कई अवसाद का शिकार हो रहे हैं। मानसिक स्वास्थ्य को आज की सबसे बड़ी वैश्विक चुनौती बताते हुए उन्होंने ध्यान, योग, निस्वार्थ सेवा और आध्यात्मिक जीवनशैली अपनाने की सलाह दी। उनके अनुसार, इन उपायों से तनाव कम होता है और जीवन में संतुलन बना रहता है।

भारत ने चुनौतियों का बेहतर ढंग से सामना किया

रविशंकर ने कहा कि इस वर्ष भारत ने सूखा, अत्यधिक वर्षा और वैश्विक संघर्ष जैसी अनेक चुनौतियों का सामना किया, लेकिन अन्य देशों की तुलना में स्थिति काफी बेहतर रही। उन्होंने कहा कि आज दुनिया परस्पर जुड़ी हुई है, इसलिए किसी भी क्षेत्र में होने वाली घटना का असर वैश्विक स्तर पर पड़ता है।

सभ्यतागत मूल्यों से स्थिरता

उन्होंने कहा कि भारत की सांस्कृतिक विरासत, सह-अस्तित्व की भावना और सभ्यतागत मूल्यों ने कठिन परिस्थितियों में भी देश को स्थिर बनाए रखा है। दुनिया के विभिन्न देशों की यात्रा के अनुभव साझा करते हुए उन्होंने कहा कि वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच भारत का संतुलित और शांतिपूर्ण दृष्टिकोण उसकी सबसे बड़ी ताकत है।

मातम में बदली खुशियां: बहन को बचाने डिग्गी में उतरे तीनों भाई, चारों की मौत

बीकानेर।

भाई-बहन के प्रेम और स्नेह के प्रतीक भाईदूज पर बुधवार को जिले के छत्तरगढ़ क्षेत्र के 9 एडब्लयूएम गांव में ऐसा दर्दनाक हादसा हुआ, जिसने पूरे इलाके को झकझोर दिया। पानी से भरी खेत की डिग्गी में डूबने से चार लोगों की मौत हो गई। मृतकों में तीन सगे भाई-बहन और उनके चाचा का पुत्र शामिल है। हादसे के बाद परिवार में चीख-पुकार मच गई और गांव में शोक छा गया। एक ही परिवार के चार बच्चों की असमय मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा।

छतरगढ थानाधिकारी नवनीत सिंह ने बताया कि परिवार के बच्चे और युवक खेल रहे थे। इसी दौरान एक बच्ची अचानक पानी से भरी डिग्गी में जा गिरी। बच्ची को डूबता देख वहां मौजूद उसके भाई और अन्य परिजन बचाने के लिए डिग्गी में उतर गए। बचाव की यह कोशिश देखते ही देखते बड़े हादसे में बदल गई। एक के बाद एक चारों पानी में डूब गए और मौत हो गई।

दो भाइयों के बच्चे: पुलिस के अनुसार, दो भाइयों के बच्चे एक साथ खेल रहे थे। इसी दौरान हादसा हो गया। एक बच्ची को बचाने के प्रयास में परिवार के चार सदस्यों की जान चली गइ।. कुछ देर पहले जहां हंसी-खुशी का माहौल था, वहां चीख-पुकार मच गई। घटना की सूचना मिलते ही थानाधिकारी नवनीत टीम के साथ मौके पर पहुंचे। घटनास्थल का जायजा लिया और हादसे से जुड़ी जानकारी जुटाई। चारों शव अस्पताल की मोर्चरी में रखवाए।

मातम में बदली त्यौहार की खुशियां: इस हृदयविदारक घटना ने पूरे गांव को गहरे सदमे में डाल दिया। एक ही परिवार के चार भाई-बहन की मौत से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। गांव में हर आंख नम है। भाईदूज पर हुई इस घटना ने त्योहार की खुशियों को मातम में बदल दिया।

रेलवे ट्रैक ब्लास्ट मामला; 100 से ज्यादा संदिग्ध राडार पर, आखिर किसकी साजिश?

श्रीगंगानगर।

श्रीगंगानगर रामसिंहपुर क्षेत्र में 50 जीबी के नजदीक रेलवे ट्रैक पर हुए ब्लास्ट के मामले में पुलिस और विभिन्न जांच एजेंसियों ने जांच तेज कर दी है। वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों और जांच एजेंसियों की टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। अधिकारियों ने रामसिंहपुर थाना पुलिस को मामले की तह तक पहुंचने और घटना में शामिल लोगों का पता लगाने के निर्देश दिए।

एडीजी बीजू जॉर्ज जोसेफ, आईजी विजिलेंस राजेंद्र, पुलिस अधीक्षक हरिशंकर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नीलम चौधरी, एटीएस के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुरेंद्र कुमार दादरवाल, सीआईडी की दीक्षा कमरा और जांच अधिकारी आईपीएस नितिन चौधरी सहित अन्य अधिकारियों ने घटनास्थल का जायजा लिया। अधिकारियों ने रेलवे ट्रैक के आसपास की स्थिति का निरीक्षण कर घटना से जुड़े संभावित सबूतों और संदिग्ध गतिविधियों की जानकारी जुटाई। इसके बाद रामसिंहपुर थानाधिकारी राम प्रताप माहर को जांच में तेजी लाने के निर्देश दिए।

जांच के लिए गठित की गई अलग टीमें

रामसिंहपुर थानाधिकारी राम प्रताप माहर ने बताया कि जांच अधिकारी आईपीएस नितिन चौधरी के निर्देशन में अलग-अलग टीमें गठित कर जांच की जा रही है। टीमें संदिग्ध लोगों से



पूछताछ करने के साथ घटना से जुड़े विभिन्न पहलुओं की पड़ताल कर रही हैं। उन्होंने बताया कि रामसिंहपुर थाना पुलिस की ओर से भी दो अलग-अलग टीमें बनाई गई हैं। ये टीमें रेलवे ट्रैक के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही हैं। इसके अलावा आसपास रहने वाले लोगों और इलाके में संदिग्ध गतिविधियों की जानकारी रखने वालों से पूछताछ की जा रही है। इस मामले की जांच के दौरान टीमों ने 100 से ज्यादा लोगों से पूछताछ की है। इस दौरान घटना से पहले और बाद की गतिविधियों के बारे में जानकारी जुटाई गई। पुलिस आसपास के इलाके में आने-जाने वाले लोगों, संदिग्ध गतिविधियों और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर जांच को आगे बढ़ा रही है।

रेलवे ट्रैक ब्लास्ट मामले में जांच एजेंसियां पंजाब सहित अन्य क्षेत्रों में पूर्व में हुई इस तरह की घटनाओं की केस स्टडी भी कर रही हैं। इन घटनाओं का अध्ययन करने के बाद जांच एजेंसियों ने अपनी पड़ताल का दायरा बढ़ाते हुए कई पहलुओं को जांच के दायरे में शामिल किया है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, आतंकी गिरोह की ओर से रेलवे ट्रैक जैसे संवेदनशील स्थान को निशाना बनाए जाने की धमकी को देखते हुए सभी पहलुओं पर जांच की जा रही है। विभिन्न जांच एजेंसियां आपसी समन्वय से काम कर रही हैं। वरिष्ठ अधिकारियों और एजेंसियों के निरीक्षण के बाद स्थानीय पुलिस को जांच में तेजी लाने के निर्देश दिए गए हैं।

मामले में अभी तक गिरफ्तारी नहीं

इस मामले में सीसीटीवी फुटेज, संदिग्धों से पूछताछ और उपलब्ध सबूतों के आधार पर घटना से जुड़े लोगों तक पहुंचने के प्रयास किए जा रहे हैं। अभी तक किसी की गिरफ्तारी या आरोपी की पहचान की पुष्टि नहीं हुई है। जांच की दिशा में कई पहलुओं का गहनता से विश्लेषण किया जा रहा है।

-हरिशंकर, जिला पुलिस अधीक्षक, श्रीगंगानगर

बदलाव सरकार ने 5000 करोड़ के फंड को दी मंजूरी

मार्च 2031 तक जारी रहेगी प्रधानमंत्री मुद्रा योजना

नई दिल्ली।

केंद्र सरकार ने छोटे कारोबारियों और सूक्ष्म उद्यमों को आर्थिक मदद देने वाली प्रधानमंत्री मुद्रा योजना को लेकर बड़ा फैसला किया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में योजना के तहत दिए जाने वाले कर्ज के लिए क्रेडिट गारंटी फंड को पांच साल बढ़ाने की मंजूरी दी गई है। अब यह सुविधा मार्च 2031 तक जारी रहेगी।

केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मंत्रिमंडल के फैसले की जानकारी देते हुए बताया कि सरकार ने 5000 करोड़ रुपये के क्रेडिट गारंटी फंड को मंजूरी दी है। इसके माध्यम से प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के तहत करीब 12.6 लाख करोड़ रुपये तक के कर्ज को सहायता मिलेगी। यह फंड राष्ट्रीय ऋण गारंटी ट्रस्टी कंपनी लिमिटेड (एनसीजीटीसी) के जरिए ऋण देने वाली संस्थाओं को कर्ज चूक के जोखिम से सुरक्षा प्रदान करता है। सितंबर 2026 तक इस योजना के तहत 60.36 करोड़ से अधिक कर्ज मंजूर किए जा चुके हैं, जिनकी कुल राशि 43.34 लाख करोड़ रुपये है।



गारंटी फीस में भी कटौती

सरकार ने छोटे कारोबारियों को राहत देते हुए वार्षिक गारंटी फीस को 1 प्रतिशत से घटाकर 0.75 प्रतिशत कर दिया है। इससे बैंकों और वित्तीय संस्थानों के लिए छोटे उद्यमों को कर्ज देना आसान होगा और उनकी लागत कम होगी। योजना के तहत पात्र सूक्ष्म उद्यमों को 20 लाख रुपये तक के कर्ज पर गारंटी कवरेज मिलेगा। इसके अलावा प्रधानमंत्री जनधन योजना के अंतर्गत मिलने वाली 10 हजार रुपये तक की ओवरड्राफ्ट सुविधा और स्वयं सहायता समूहों को दिए जाने वाले 10 लाख से 20 लाख रुपये तक के कर्ज को भी इसमें शामिल किया गया है।

क्या है प्रधानमंत्री मुद्रा योजना?

प्रधानमंत्री मुद्रा योजना छोटे कारोबारियों, दुकानदारों और स्वरोजगार शुरू करने वालों को बिना किसी संपत्ति को गिरवी रखे बैंक से कर्ज उपलब्ध कराने के उद्देश्य से शुरू की गई थी। योजना के तहत अब अधिकतम 20 लाख रुपये तक का ऋण लिया जा सकता है। इसके तहत चार श्रेणियां हैं :

- **शिशु लोन:** 50 हजार रुपये तक।
- **किशोर लोन:** 50 हजार से 5 लाख रुपये तक।
- **तरुण लोन:** 5 लाख से 10 लाख रुपये तक।
- **तरुण प्लस:** 10 लाख से 20 लाख रुपये तक।

तरुण प्लस श्रेणी का लाभ उन्हीं कारोबारियों को मिलता है, जिन्होंने पहले तरुण श्रेणी का कर्ज लेकर उसे चुकाया हो। सरकार का मानना है कि यह फैसला छोटे व्यवसायों को बढ़ावा देने और रोजगार के अवसर बढ़ाने में मददगार साबित होगा।

स्वामी सीमा सन्देश के लिए प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक ललित कुमार शर्मा द्वारा हनुमानगढ़ रोड, श्रीगंगानगर से प्रकाशित एवं सीमा सन्देश मुद्रणालय चक 7 ई छोटी, हनुमानगढ़ रोड, श्रीगंगानगर से मुद्रित। आरएनआई रजि नं. 23665/72, पो. रजि. नं. श्रीगंगानगर/35/2024-2026 फोन : 2466402/03, मो. 93528-93528, विज्ञापन विभाग : 0154-2466402/03, जयपुर कार्यालय : जे-2 झालाना संस्थानिक क्षेत्र, झालाना डूंगरी, जयपुर, फोन : 0141-2700113

सीमा संदेश

ताकत किसान की, जवान की

सभी पाठकगणों का सीमा संदेश परिवार की ओर से

हार्दिक धन्यवाद

हर खबर से निरंतर जुड़े रहें

/seemasandesh_

/officialseemasandesh

/@OfficialSeemaSandesh

/officialseemasandesh

seemasandeshsgr@gmail.com

Join our WhatsApp community
93528 93528

आपकी अपनी आवाज़ – हमसे जुड़े रहें

Helpline: 93528 93528